सुप्रभात
रांची, सोमवार
01.05.2023
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
श्रमिक दिवस की हार्दिक बधाई
* नगर संस्करण । पेज : 12
khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 286
12 रोहित शेट्टी बनायेंगे फिल्म 'सिंगम अगेन'

### छुट्टी की सूचना

**मजदूर दिवस** के मौके पर एक मई को खबर मन्त्र कार्यालय और प्रेस सोमवार को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक पाठकों को एक दिन बाद बुधवार को मिलेगा। खबर मन्त्र परिवार की ओर से सभी श्रमिक भाइयों को मजदूर दिवस की शुभकामनाएं।

**संपादक**

## यूएनओ समेत देश और विदेश में मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 100वां संस्करण प्रसारित


# मन की बात से जुड़ा हर मुद्दा जनआंदोलन बना

- यह कोटि-कोटि भारतीयों के 'मन की बात' है
- कई छिपे हुए जननायक सामने आये

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का रविवार को 100वां संस्करण प्रसारित किया गया। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भी इसका सीधा प्रसारण किया गया। इस मौके पर पीएम ने कहा, आकाशवाणी पर प्रसारित अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को भारतीयों की भावनाओं का प्रकटीकरण बन गया। इस कार्यक्रम से जुड़ने वाला हर विषय जनआंदोलन बन गया। मन की बात देशवासियों की अच्छाइयों और उनकी सकारात्मकता का एक अनोखा पर्व बन गया है। 100वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि पीएम बनने के बाद परिस्थितियों की विवशता के कारण उनके पास जनता से कट जाने की चुनौती थी, लेकिन मन की बात ने इसका समाधान दिया और सामान्य लोगों से जुड़ने का रास्ता दिया। उन्होंने कहा, यह कोटि-कोटि भारतीयों के 'मन की बात' है।

**एक पर्व सा बन गया :** मोदी ने कहा कि यह एक ऐसा पर्व है, जो हर महीने आता है और जिसका सभी इंतजार करते हैं। इस क्रम में पीएम ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत अभियान, खादी को लोकप्रिय बनाने और प्रकृति से जुड़े कार्यक्रमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम उनके लिए दूसरों के गुणों की पूजा करने की तरह रहा है।



**शिक्षा एवं संस्कृति में बड़ी है जनभागीदारी :** पएम मोदी ने कहा कि शिक्षा एवं संस्कृति के क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में कई बार उठाया है और उन्हें इस बात की प्रसन्नता है कि इन क्षेत्रों में जनभागीदारी बढ़ने से क्रांतिकारी बदलाव आये हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### झारखंड समेत देश भर से कई नायक मिले

पीएम ने कहा , इसी संदर्भ में इस कार्यक्रम में हमने एक बार झारखंड के गांवों में डिजिटल लाइब्रेरी चलाने वाले संजय कश्यप, कोविड के दौरान ई लर्निंग के जरिये कई बच्चों की मदद करने वाली हेमलता जी हों, ऐसे अनेक शिक्षकों के उदाहरण हमने मन की बात में लिये हैं। ये सभी छिपे हुए जन नायक के रूप में सामने आये। सांस्कृतिक संरक्षण के प्रयासों को भी लगातार जगह दी है। ओड़िशा में ठेले पर चाय बेचने वाले स्वर्गीय डी प्रकाश राव जी के बारे में चर्चा की थी, जो गरीब बच्चों को पढ़ाने के मिशन में लगे हुए थे। मेरा अटूट विश्वास है कि सामूहिक प्रयास से बड़े से बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। यह भी एक वजह है कि शिक्षा के साथ-साथ वैश्विक सांस्कृतिक विविधता को समृद्ध करने के लिये हमारा संकल्प और मजबूत हुआ है।

### ऐसे मिली प्रेरणा

प्रधानमंत्री बनने के बाद परिस्थितियों का बंधन व सुरक्षा का तामझाम भी था। 'ऐसे में मैं खाली-खाली सा महसूस करता था। 50 साल पहले मैंने अपना घर इसलिए नहीं छोड़ा था कि एक दिन अपने ही देश के लोगों से संपर्क भी मुश्किल हो जायेगा। जो देशवासी मेरा सब कुछ हैं, मैं उनसे ही कटकर जी नहीं सकता था। मन की बात ने मुझे इस चुनौती का समाधान दिया। आम लोगों से जुड़ने का रास्ता दिया। इस कार्यक्रम ने मुझे कभी भी आपसे दूर नहीं होने दिया। यह मेरे लिए महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा है।

### न्यूज डायरी

#### सात्विक-चिराग ने रचा इतिहास, 58 साल बाद भारत को दिलाया गोल्ड

**नयी दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने इतिहास रच दिया है। इस जोड़ी ने एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत लिया है। पहली भारतीय जोड़ी ने इस चैंपियनशिप में गोल्ड जीता है। उन्होंने रविवार को 58 साल के सूखे को समाप्त कर दिया। 58 साल पहले दिनेश खन्ना ने एकल में गोल्ड जीता था। एशिया चैंपियनशिप बैडमिंटन का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बन गयी है। उनकी इस शानदार सफलता पर पीएम मोदी समेत देशवासियों ने बधाई दी है। दिनेश खन्ना के बाद किसी भी खिलाड़ी ने इस टूनार्मेंट में गोल्ड मेडल नहीं जीता है और युगल में अब तक भारत ने एक बार भी गोल्ड नहीं जीता था।

#### जमीन घोटाले में रजिस्ट्रार से आज इडी की पूछताछ

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में पहले से ही ईडी के रडार पर रहे रांची के सदर रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी से एजेंसी सोमवार को पूछताछ करेगी। ईडी ने वैभव मणि त्रिपाठी को समन देकर सोमवार को दिन के 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया है। कोलकाता से फर्जी कागजात बनाकर जमीन रजिस्ट्री के मामले में ईडी के जांच में कई तथ्य सामने आये हैं। पूर्व में ईडी ने सेना जमीन समेत अन्य जमीन की रजिस्ट्री में गड़बड़ी के मामले में छवि रंजन से 24 को पूछताछ की थी।

#### सांप तो भगवान शिव का श्रृंगार है : मोदी

**कोलार।** पीएम मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सांप वाली टिपण्णी पर जवाब देते हुए रविवार को कोलार में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि वह सांप कहलाना स्वीकार करते हैं क्योंकि यह भगवान शिव का श्रृंगार है।

#### जपला में सड़क हादसा एक की मौत, दूसरा घायल

**मेदिनीनगर।** जपला दंगवार मुख्य पथ के बरवाडीह गांव के समीप दो बाइक की आमने-सामने की हुई टक्कर में बिहार के धुंधआ गांव के सत्येंद्र चौधरी नामक (20 वर्ष) की मौत हो गयी। दूसरे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

#### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

# वज्रपात से पांच बच्चों सहित 6 की मौत

### साहिबगंज और पाकुड़ में हुआ हादसा, सीएम ने जताया शोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** संथाल परगना में रविवार को बारिश आपत बन कर आयी। साहिबगंज में बारिश और ओलावृष्टि के दौरान वज्रपात से चार बच्चों और पाकुड़ में एक बच्चा और एक युवक की मौत हो गयी। कई लोग झुलस कर घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्चों की मौत पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि परमात्मा दिवगंत आत्माओं को



शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की इस विकट घड़ी को सहन करने की शक्ति दे।

**उधवा के बाबूटोला गांव में मातम :** साहेबगंज के राधानगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी उधवा पंचायत के बाबुटोला स्थित आम बगीचे में रविवार की दोपहर अचानक तेज हवा और बारिश के दौरान ठनका गिरा, जिससे 4 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गयी। एक बच्ची गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार बाबुटोला निवासी हुमायूं शेख के पुत्र नजरुल शेख (7), पुत्री आइशा खातून (14), अशराफुल शेख के पुत्र जाहिद आलम (6) वर्ष तथा मेहबूब आलम के पुत्र तौकीर आलम (10) नदी घाट से स्नान कर अपना घर लौट रहे थे। इसी बीच तेज आंधी व बारिश शुरू हो गयी। सभी बच्चे आम के पेड़ के नीचे खड़े हो गये। पेड़ के पास वज्रपात होने चार बच्चों की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी राकेश कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उधवा के सीओ विशाल पांडे ने भी अस्पताल प्जा कर जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल भेज दिया है। पश्चिमी उधवा पंचायत के बाबुटोला गांव की इस घटना से गांव में मातम है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

#### आसमान से बरसी आफत

पाकुड़ में बारिश और ओलावृष्टि के दौरान वज्रपात से दो किशोरों की मौत हो गयी। दोनों मवेशी चराने गये थे। उनके दो मवेशी में वज्रपात की चपेट में आ कर मर गये। रविवार की शाम 4:00 बजे के बाद जिले के हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़ और अमड़ापाड़ा प्रखंड में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इस दौरान ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है।

# लुधियाना में गैस रिसाव से 11 की मौत

### जांच के आदेश, यूपी बिहार के थे सभी

**एजेंसी**

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में रविवार के दिन की मनहूस शुरुआत हुई। ग्यासपुरा इलाके में जहरीली गैस लीक के कारण 11 लोगों की मौत हो गयी है। मरने वालों में मरने वाले 10 लोग तीन परिवारों के हैं। एक परिवार का तो पांच सदस्य हादसे का शिकार हो गया। 4 की हालत गंभीर है जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने गैस प्रभावित इलाका सील कर दिया है और एनडीआरएफ की टीम गैस लीक के कारणों का जांच कर रही है। गैस रिसाव कहां से और कैसे हुआ इसका स्पष्ट खुलासा अभी नहीं हो पाया है। एनडीआरएफ की टीमों ने सैंपल इकट्ठा किये हैं। सरकार ने पहले ही मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजे का एलान किया है। सरकार ने जांच का आदेश पहले ही जारी कर दिया। क्षेत्र के लोगों को सावधानी बरतने और मास्क पहनने की सलाह दी गयी है। हादसे पर पीएम मोदी समेत सीएम ने गहरा दुख जताया है।



**बिहार और यूपी के रहने वाले हैं सभी :** मरने वालों के नाम भी सामने आ गये हैं। मूल रुप से बिहार के गया के रहने वाले कविलाश यादव पुत्र चालक देव यादव 30 साल पहले लुधियाना आकर रहने लगे थे।

(शेष पेज 11 पर)

### न्याय मार्च में राज्य सरकार पर बरसे सुदेश

# 1932, नियोजन नीति और ओबीसी आरक्षण पर घेरा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर हमला बोला है। मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से हरमू मैदान तक न्याय मार्च निकालने के बाद उन्होंने 1932 के खतियान, स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण समेत अन्य ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को खूब खरी-खोटी सुनायी। उन्होंने कहा कि अब वह जनता को जगायेंगे। रविवार को रांची स्थित हरमू मैदान में समर्थकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 40 महीने की सरकार को उठाने का वक्त खत्म हुआ। अब जनता को जगाने का वक्त आ गया है। अब चुनाव का समय आ रहा है, 18 महीने बाद चुनाव है। सुदेश महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने कहा था कि वह 1932 का खतियान लागू करेगी, लेकिन गलती से 2023 का खतियान लागू कर दिया। सरकार बनने के 40 महीने बीत जाने के बाद भी सरकार सिर्फ सीख ही रही है। श्री महतो ने कहा कि ये वक्त मंत्रियों और विधायकों के कुछ सीखने का नहीं है। सुदेश महतो ने कहा कि यह सरकार ट्रायल पीरियड पर नहीं है। सरकार ने साढ़े तीन साल में आज तक किसी भी अधिकारी पर ब्लॉक लेवल पर भी कार्रवाई नहीं की। करती भी कैसे? सभी की सीट पर सरकार ने पैसे लिये हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बना दिया गया है।

(शेष पेज 11 पर)

### आसमान में दिखा सन रिंग का अद्भुत नजारा



**रांची ।** राजधानी में रविवार सुबह आसमान में अद्भुत नजारा देखने को मिला। यहां सूर्य की चारों तरफ एक चमकदार रिंग नजर आयी। इसे सोलर हालो या सन रिंग कहते हैं। इसको देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गये। इस संबंध में मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद बताया कि सोलर हालो या सन रिंग एक सामान्य खगोलीय घटना है। यह वातावरण में मौजूद हेक्सागोनल क्रिस्टल के कारण होता है। जब वातावरण में मौजूद पानी की बूंदों पर प्रकाश पड़ता है तो उसके विकिरण के कारण यह होता है। इसको देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गये। लोगों ने मोबाइल पर तस्वीरें खीचीं और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया।

**बारिश का संकेत देती है सोलर हालो :** मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद कहा यह एक सामान्य खगोलीय घटना है। उन्होंने कहा कि हेलो यह संकेत देते हैं कि अगले 24 घंटों के भीतर बारिश होगी।

# कर्मचारियों के कल्याण व भलाई में टाटा स्टील समय से आगे

### मजदूर दिवस पर विशेष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। टाटा स्टील ने अपनी स्थापना से ही अपने संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा के सिद्धांत का पालन किया है कि कर्मचारियों सहित सभी हितधारकों को विकसित करने में व्यवसाय को योगदान देना चाहिए। टाटा स्टील ने अपने कर्मचारियों के कल्याण और भलाई के लिए कई सर्वप्रथम कल्याणकारी योजनाओं को शुरू करने में अग्रणी भूमिका निभाई है, जिन्हें बाद में भारत सरकार द्वारा अपनाया गया था। कंपनी द्वारा शुरू की गई कुछ शुरूआती कर्मचारी कल्याण योजनाओं में 1912 में आठ घंटे का कार्य दिवस, 1912 में निः शुल्क चिकित्सा सहायता, 1920 में वेतन सहित अवकाश, 1920 में श्रमिक भविष्य निधि योजना, 1920 में श्रमिक दुर्घटना मुआवजा योजना, 1928 में मातृत्व लाभ , 1934 में प्रॉफिट शेयरिंग बोनस, 1937 में ग्रेच्युटी स्कीम और 1945 में स्टडी लीव योजना शामिल हैं। 1956 में, टाटा स्टील और टाटा



वर्कर्स यूनियन ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो भारत में ट्रेड यूनियन आंदोलन के इतिहास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर, श्रमिक वर्ग का 'मैग्ना कार्टा' बन गया। बाद में, कंपनी ने 1989 में पेंशन योजना, 1990 में मेडिकल सेपरेशन स्कीम, 1995 में कर्मचारी परिवार लाभ योजना, 2012 में सुरक्षा योजना (अनुबंध कर्मचारियों के लिए), 2014 में परिवार सहायता योजना और 2019 में पितृत्व लाभ योजना जैसी अन्य योजनाओं की शुरूआत की। टाटा स्टील ने अपनी महिला कर्मचारियों की सहायता के लिए कई योजनाएं और कार्यक्रम लागू किए हैं। तेजस्विनी, पेलोडर्स चालकों के रूप में महिलाओं को काम पर रखने की एक पहल 2003 में शुरू की गई थी। 2020 में, तेजस्विनी 2.0 को सभी खानों में भारी मशीन ऑपरेटरों के रूप में महिलाओं को तैनात करने के लिए लॉन्च किया गया था। 2017 में 'वूमेन ऑफ मेटल' कार्यक्रम शुरू किया गया था। यह युवा और जोशीली महिलाओं के लिए एक छात्रवृत्ति कार्यक्रम है। 2018 में, मासिक धर्म अवकाश की शुरूआत की गई, जिससे टाटा स्टील इस लार्ज स्केल सेगमेंट में ऐसा करने वाली पहली कंपनी बन गई।

2018 में महिला कर्मचारियों को दूसरा करियर विकल्प प्रदान करने के लिए 'टेक टू' पालिसी शुरू की गई थी। सितंबर 2019 में, वूमेन@माइंस पहल के तहत ओएमक्यू डिवीजन, माइंस में सभी शिफ्टों में महिलाओं को तैनात करने वाला देश का पहला माइनिंग डिवीजन बन गया।

(शेष पेज 11 पर)

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

संदेश

अन्तर-राष्ट्रीय मजदूर दिवस 1 मई, 2023 के अवसर पर झारखण्ड राज्य के सभी श्रमिक बन्धुओं को शुभकामनाएं

राज्य के मजदूरों की सुरक्षा एवं कल्याण हेतु झारखण्ड सरकार सतत् प्रयासरत है।
श्रमिकों के हित में विभाग द्वारा किए गए मुख्य कार्यः–

- ई–श्रम पोर्टल में राज्य के 91,79,469 असंगठित श्रमिकों का निबंधन किया गया है। असंगठित श्रमिकों के कल्याणार्थ राज्य में संचालित योजनाओं 1. झारखण्ड असंगठित कर्मकार मृत्यु/दुर्घटना सहायता योजना 2. अंत्येष्टि सहायता योजना 3. असंगठित कर्मकारों के बच्चों के लिए मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना 4. चिकित्सा सहायता योजना 5. कौशल उन्नयन योजना में विगत वर्ष में कुल 26,83,33,000/– रुपये का लाभ दिया गया।
- प्रवासी श्रमिकों के लिए "अन्तर्राज्यीय प्रवासी मजदूरों के सर्वेक्षण एवं पुनर्वास योजना एवं मुख्यमंत्री झारखण्ड अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना" संचालित है।
- राज्य में अभी तक 13,55,306 निर्माण श्रमिकों का निबंधन किया जा चुका है। उनके कल्याणार्थ संचालित 15 योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल 94,25,98,686/– रुपये का लाभ दिया गया।
- 1 अप्रैल, 2023 के प्रभाव से असंगठित मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी की दरों पर मंहगाई भत्ता में वृद्धि करते हुए अकुशल श्रेणी के श्रमिकों की दैनिक मजदूरी 346/– रुपये किया गया। साथ ही अकुशल श्रेणी के ठेका श्रमिकों के लिए मासिक मजदूरी दिनांक 1 अप्रैल, 2023 के प्रभाव से 10,792.72 रुपये किया गया है।

1 मई, 2023 अन्तर-राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर झारखण्ड सरकार आपके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण की कामना करती है।



श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची

PRNO 295960 (Labour Employment and Training) IPRD 23-24

## पीएम बोले- चरैवेति चरैवेति का मंत्र ही विश्वगुरु के पद पर करेगा आसीन

# झारखंड में नौ हजार जगहों पर सुनी गयी पीएम के मन की बात

**मन की बात@100**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 100वीं बार देश से मन की बात की। झारखंड में भाजपा ने पीएम के मन की बात का 100वें एपोसिड को एतिहासिक बनाने के लिए हर उपाय किया। मन की बात सुनने के लिये प्रदेश भाजपा ने राज्य के कुल 9000 स्थानों पर कैंप लगाया। जहां 10 लाख से अधिक लोगों ने पीएम के मन की बात का 100वां एपिसोड सुना।

छोटानागपुर सरना समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में दीपक प्रकाश समेत कई शामिल हुए। इसे देखने और सुनने के लिए लगभग 3 लाख जगहों पर लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। इसमें प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन के साथ कई कार्यकर्ता मौजूद थे। इस कार्यक्रम में 2000 से ज्यादा आदिवासी कार्यकर्ता पारंपरिक भेष भूषा में शामिल हुये।

मन की बात कार्यक्रम पर हर बूथ से 25 फोटोग्राफ मन की बात लिंक से शेयर किये गये हैं। यह अनूठा कार्यक्रम विश्व रिकॉर्ड दर्ज करा रहा है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश खिजरी विधानसभा क्षेत्र के महिलौंग स्थित जतरा टांड़ में छोटानागपुर सरना समिति द्वारा आयोजित मन की बात के 100वें संस्करण के श्रोता बने। जहां जनजाति समाज की 2000से ज्यादा लोगों ने पारंपरिक भेष भूषा में कार्यक्रम में शामिल हुये। साथ में छोटानागपुर सरना समिति के संरक्षक डॉ प्रदीप वर्मा, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन समिति के अध्यक्ष बिरसा पाहन, टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, नामकोम मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा भी उपस्थित थे। श्री प्रकाश ने कहा कि भारत के अमृत काल में प्रधानमंत्री के द्वारा दिया गया चरैवेति चरैवेति का मंत्र ही विश्वगुरु के पद पर आसीन करेगा। उन्होंने कहा कि यह सकारात्मकता का मंत्र है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत के जन जन को उनकी ताकत का अहसास भी कराया, उसे महिमामंडित भी किया। उन्होंने कहा कि चाहे नारी सशक्तिकरण की बात हो, युवाओं की बात, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बात हो, सभी में पीएम मोदी की बातों का असर होता है। जिसका पूरे देश की जनता समर्थन करती है।

पार्टी विधायक दल के नेता विधायक बाबूलाल मरांडी ने धनवार, गिरिडीह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास- बर्मा माइंस, जमशेदपुर, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र- हिनू,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह- धनबाद, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी-कोडरमा के अलावा विभिन्न पदधारी व सांसद-विधायकगण अपने-अपने क्षेत्रों के बूथों पर मन की बात सुनी।

## मोदी जी ने कर्म ही पूजा का दिया मंत्र : बाबूलाल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आम जन मानस से सीधा संवाद स्थापित करने वाला कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100वां संस्करण रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के बाद विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह के मनसा डीह उच्च विद्यालय प्रांगण में कहा कि यह कर्म ही पूजा है, का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व से इसे साकार किया है। जनता जनार्दन की पूजा में उन्होंने मन की बात कार्यक्रम को पुष्पहार बना लिया। झारखंड के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल, जिसमें भगवान बिरसा मुंडा का गांव उलिहातू सहित बाबा बैजनाथ मंदिर देवघर, टांगीनाथ मंदिर, आंजन धाम, जगन्नाथ मंदिर, रांची पहाड़ी मंदिर, छिन्मस्तिका मंदिर रजरप्पा, सभी प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों यथा रांची यूनिवर्सिटी, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी, साईनाथ यूनिवर्सिटी, सरला बिरला यूनिवर्सिटी, मेकॉन, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, राधा गोविंद यूनिवर्सिटी, आईएसएम, धनबाद, अरका जैन यूनिवर्सिटी, वनांचल डेंटल कॉलेज, शारदा ग्लोबल स्कूल आदि में मन की बात कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम के संयोजक सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, बबन गुप्ता, कुमार अमित, सुनीता सिंह, डॉ संजय, अमिताभ धीरज की प्रमुख भूमिका रही।

## सीएस के निर्देश पर रविवार को भी खुले विभाग, सचिवालय में हुआ कामकाज सामान्य



**रांची।** मुख्य सचिव सुखदेव सिंह के निर्देश के बाद रविवार को भी सचिवालय के अधिकांश विभाग खोले गये। बजट शाखा के अतिरिक्त सभी कार्यालयों को खुला रखा गया। अधिकारियों व कर्मियों को सामान्य दिनों की तरह कामकाज पर बुलाया गया। ग्रामीण विकास विभाग का कार्यालय भी रविवार को खुला रहा और विभिन्न योजनाओं के राशि रिलीज की गयी। विभाग ने विजिट पर गये अनुसमर्थन दल की पूरी टीम को भी मुख्यालय में बुला लिया और उन्हें योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए बजटीय राशि को आवश्यकता आधार पर रिलिज करने की दिशा में कार्य करने को कहा गया। मालूम हो कि सीएस ने कहा कि इस वित्त वर्ष 2023-24 के पहले ढाई माह मॉनसून प्रारंभ होने के पहले योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लायी जा सकती है बर्शतें की राशि का आवंटन विभिन्न जिलों को कर दी जाये। यही कारण है कि आज भी कार्यालय खुला था।

**खबर एक नजर में**

### आज अधिसंख्य जिलों में बारिश के आसार

**रांची।** झारखंड के अधिकांश जिलों में आज बारिश के आसार हैं। कहीं-कहीं ओलावृष्टि की संभावना भी है। तेज आंधी चलने और वज्रपात की भी संभावना है। आपको बता दें कि पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है और आसमान में बादल छाये हैं। इसलिए लोगों को गर्मी से राहत मिली है। बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम और जमशेदपुर को छोड़कर राज्य के लगभग सभी जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। तापमान की बात करें तो जमशेदपुर का तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस चढ़ा है, जबकि बोकारो में अधिकतम तापमान में 1.2 डिग्री और पश्चिमी सिंहभूम में 0.7 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी है। पलामू में डालटेनगंज का अधिकतम तापमान में 24 घंटे के भीतर 7.9 डिग्री की गिरावट दर्ज की गयी है। डालटेनगंज का तापमान अब रांची से भी कम हो गया है। डालटेनगंज का आज का अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो रांची के 31.1 डिग्री से कम है। डालटेनगंज का अधिकतम तापमान अब सामान्य से 10.2 डिग्री कम हो गया है।

### बन्ना के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा : सरयू

**रांची।** विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा प्रतिबंधित ग्लौक पिस्तौल अवैध रूप से रखने, आर्म्स मजिस्ट्रेट को गलत रिपोर्ट देने, कदमा थाना में आधी-अधूरी जानकारी देने और सार्वजनिक स्थान पर फायरिंग करने की शिकायत पर ज़िला प्रशासन और पुलिस तीन दिन बाद कारवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। रविवार को मामले को लेकर विधायक सरयू राय दूरभाष पर मुख्य सचिव और डीजीपी को जानकारी दी। मामले को लेकर डीसी और एसएसपी से एक स्वभारित प्रतिवेदन मांगने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि एक मंत्री की गैरकानूनी गतिविधियों पर हाथ डालने में और कानूनी कदम उठाने में लगता है कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस असहज महसूस कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में राज्य के पुलिस एवं प्रशासनिक मुख्यालय से इन्हें आवश्यक समर्थन और निर्देश मिलना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डीजीपी ने सकारात्मक भरोसा दिया है। दरअसल, श्री राय ने तीन दिन पहले ज़िला प्रशासन को बन्ना गुप्ता के प्रतिबंधित पिस्टल खरीदने व रखने संबंधी जानकारी दी थी।

### गृह जिला स्थानांतरण को शिक्षकों ने लगायी गुहार

**रांची।** गृह जिला स्थानांतरण को लेकर झारखंड के विभिन्न स्कूलों के शिक्षक लगातार गुहार लगा रहे हैं। इस मामले को लेकर विभिन्न शिक्षक संघ मुख्यमंत्री से लेकर अन्य शिक्षा पदाधिकारियों को ज्ञापन तक सौंप चुके हैं। वर्षों से प्रयास के बाद भी अब तक शिक्षकों के गृह जिला स्थानांतरण को लेकर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे शिक्षकों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द इस मामले में कदम उठाने की मांग की है। एकीकृत गृह जिला स्थानांतरण शिक्षक संघ के मुख्य प्रदेश प्रतिनिधि प्रेम प्यारे लाल सरकार से बार-बार गुहार लगा रहे हैं कि सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का अंतर जिला स्थानांतरण शीघ्र किया जाये।

### महानगर कांग्रेस ने की जंबो जेट कमेटी की घोषणा



**रांची।** प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अनुमोदन के उपरांत महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने रविवार को महानगर कांग्रेस की जंबो जेट नई कमिटी की घोषणा कर दी है। इस कमेटी में कुल 200 से अधिक लोगों को जगह दी गयी है। जिसमें उपाध्यक्ष-14, कोषाध्यक्ष-1, महासचिव-46 सचिव-71, मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता-2, कार्यकारिणी सदस्य-41 एवं विशेष आमंत्रित सदस्य-42 तथा जिला के सभी अग्रणी संगठन के चेयरमैन को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया है। कुमार राजा ने कहा कि कमेटी में पुराने, नये और सामाजिक लोगों को दी गयी है। आने वाले दिनों में हमलोग जनमुद्दों को लेकर जनता के बीच जायेंगे। मौके पर राज रूद्रा, दिलीप सिंह, राज कुमार नागवंशी, डॉ साजदा खातून, नंद किशोर प्रसाद उर्फ नंदू साहू, तारिक मुजुबी एवं प्रवक्ता विकास कुमार यादव उपस्थित थे।

### गुरुजी से मिले राज्यपाल राधाकृष्णन



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन रविवार को मोरहाबादी स्थित राज्य सभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के आवास पर पहुंचकर उनसे औपचारिक मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री और गुरुजी के पुत्र हेमंत सोरेन भी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री और मंत्री का पद लर्निंग स्कूल नहीं हो सकता : सुदेश महतो

**बापू वाटिका मोरहाबादी से निकला सामाजिक न्याय मार्च हरमू मैदान में विशाल सभा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि मुख्यमंत्री और मंत्री का पद लर्निंग स्कूल नहीं हो सकता। जनभावना के अनुरूप नीतियां बनाने और फैसले लेने के लिए सरकार बनती है। आधे-अधूरे प्रयोग के लिए भी सरकार कतई नहीं बनती। जिनमें कोई नेतृत्व क्षमता और विजन नहीं था उन्हें सत्ता मिली। नतीजा हुआ कि 40 महीने में राज्य को सामाजिक और राजनीतिक तौर पर बड़ी क्षति हुई है। ओबीसी, एसटी और एससी खूब छले गए हैं।

रांची में आयोजित सामाजिक न्याय मार्च के बाद हरमू मैदान में आयोजित सभा में उन्होंने ये बातें कही। इसके साथ ही सरकार की नाकामियों, दोषपूर्ण नीतियों और लूट-खसोट के रवैये पर तथ्यपूर्ण और सिलसिलेवार हमला बोला।

आजसू प्रमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री और उनके मंत्री सदन में कुछ बोलते हैं बाहर कुछ, जबकि कैबिनेट में फैसले कुछ और लिये जाते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय नीति, नियोजन नीति, ओबीसी आरक्षण, ट्रिपल टेस्ट विस्थापन नीति, आंदोलनकारियों के मान सम्मान तमाम अहम विषयों की सरकार ने अनदेखी की। जातीय जनगणना सामाजिक न्याय का आधार है, लेकिन जातीय जनगणना कराने के प्रति सरकार की कोई दिलचस्पी नहीं है। जबकि हम और हमारी पार्टी जातीय जनगणना लगाकर कराने के लिए लगातार आवाज उठाती रही है।



**ट्रिपल टेस्ट के प्रति सरकार गंभीर नहीं : चंद्रप्रकाश चौधरी**

चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में पिछड़ों को पंचायत चुनाव में आरक्षण सुनिश्चित कराने को लेकर याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को स्पष्ट आदेश दिया कि राज्य में अगला जो भी चुनाव हो, उससे पहले ट्रिपल टेस्ट सुनिश्चित हो लेकिन पिछड़ा विरोधी सरकार ने इस आदेश की अवमानना करते हुए नगर निकाय चुनाव में भी पिछड़ों के लिए आरक्षित सीटों को अनारक्षित कर दिया। हमने पुन: सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया लेकिन सरकार ने इतने महीनों बाद भी ना ट्रिपल टेस्ट कराया और ना ही इस दिशा में कोई पहल की। इसके विपरीत राज्य के 34 निकाय परिषद के निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त कर दिया गया तथा सभी शक्तियां व कार्य अब प्रशासक संभालेंगे।

**लूट और झूठ ही जेएमए सरकार की पहचान : राममचंद्र सहिस**

पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा की झूठ और लूट बुनियाद पर चल रही हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता तैयार है। फर्जी दावे और लोकलुभावन वादे करना ही इस सरकार की पहचान है। सत्ता में आते ही ये बेरोजगारी भत्ता, रोजगार, आरक्षण, स्थानीय नीति, नियोजन नीति, सरना धर्म कोड की बात भूल गए। सरकार ये मत भूले कि जनता ही मालिक है और जनता सब देख रही है।

**इन सात मांगों को लेकर निकाली गयी सामाजिक न्याय यात्रा**

- खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति लागू करो
- जातीय जनगणना एवं पिछड़ों को आबादी अनुसार आरक्षण सुनिश्चित करो
- पूर्व में जो जातियां अनुसूचित जनजाति की सूची में थी, उन्हें पुनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करो
- सरना धर्म कोड लागू करो
- बेरोजगारों को रोजगार दो
- झारखण्ड के संसाधनों की लूट बंद करो
- झारखण्ड आंदोलनकारियों को सम्मान दो

**गूंजते रहे नारे**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह से ही नेताओं, कार्यकर्ताओं, समर्थकों का झंडे-बैनर गाजे-बाजे के साथ रांची पहुंचना शुरू हो गया था। बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। मोराबादी स्थित बापू वाटिका से निकला मार्च कचहरी चौक, रातू रोड रोड होते हुए यह मार्च हरमू मैदान पहुंचा। लगभग 6 किलोमीटर तक इस मार्च की अगुवाई खुद सुदेश कुमार महतो ने की। मार्च में 'वोट हमारा राज तुम्हारा', धोखेबाज हुकूमत की हर दीवार हिलाने निकले हैं, जैसे नारे खूब लगे।

**यात्रा में शामिल रहे नेता :** डॉ. लंबोदर महतो, सुनिता चौधरी, उमाकांत रजक, राजेंद्र मेहता, डॉ. देवशरण भगत, हसन अंसारी, रोशनलाल चौधरी, हरेलाल महतो, शालिनी गुप्ता, नीरु शांति भगत, निर्मला भगत, यशोदा देवी, तरुण गुप्ता, अर्जुन बैठा, भरत कांशी, रामधन बेदिया, तिवारी महतो, अनूप पांडेय, नजरूल हसन हासमी, विकास राणा, संजय महतो, तिवारी महतो, नन्दू पटेल, काशी नाथ सिंह, रवि शंकर मौय, माधव चंद्र महतो, लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, राधेश्याम गोश्वामी, राजेंद्र शाही मुण्डा, बीणा चौधरी, बनमाली मंडल, अनिता साहु, अंजू, आशुतोष गोस्वामी, अरविंद सिंह, पंकज तिवारी आदि उपस्थित थे।

## छिपी हुई प्रतिभाओं को पुरस्कृत करने का एक प्रभावी मंच है मन की बात : राज्यपाल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को राज्य के पद्मश्री से सम्मानित हस्तियों एवं प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात में राज्य के गणमान्य लोगों के साथ राजभवन में मन की बात के 100वें संस्करण को सुना। इसके बाद राज्यपाल ने राजभवन में मन की बात पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन भी किया। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के प्रभावशाली व्यक्तित्व हैं। उनके अद्भुत संचार कौशल और मजबूत नेतृत्व दृष्टिकोण न केवल हमारे देश से बल्कि दुनिया भर से लोगों को आकर्षित करते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि मन की बात रेडियो कार्यक्रम अब भारत में 23 भाषाओं, 29 बोलियों और 11 विदेशी भाषाओं में प्रसारित किया जा रहा है। मन की बात न केवल अथक प्रयासों को स्वीकार करने का एक प्रभावी मंच है, बल्कि समाज में छोटे लेकिन महत्वपूर्ण सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली छिपी प्रतिभाओं को पुरस्कृत करने का भी एक प्रभावी मंच है।

प्रधानमंत्री ने झारखंड के लोगों द्वारा किए जा रहे कार्यों जैसे सुश्री मंजू कच्छप के नेतृत्व में रांची के देवरी गांव में एलोवेरा की खेती, गुमला में लेमन ग्रास की खेती पर प्रकाश डाला था। एक एपिसोड में उन्होंने गिरिडीह जिले में कुपोषण की लड़ाई का जिक्र किया था। चाईबासा के संजय कच्छप को प्रधानमंत्री ने लाइब्रेरी मैन के रूप में प्रोत्साहित किया। जल संरक्षण के लिए दिलीप कुमार रविदास के प्रयासों को भी सराहा गया।

**मन की बात सरकारी योजनाओं, नीतियों और पहल की जानकारी साझा करने का साधन :** राज्यपाल ने कहा कि मन की बात सरकारी योजनाओं, पहलों और नीतियों के बारे में जानकारी साझा करने का एक शक्तिशाली साधन है। यह जानकारी नागरिकों को विशेष रूप से ग्रामीण जनता को उनके लिए उपलब्ध विभिन्न अवसरों और संसाधनों, जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि और उद्यमिता के बारे में ज्ञान के साथ सशक्त बनाती है। यह उन्हें उनके अधिकारों और अधिकारों को समझने में मदद करता है, उन्हें सूचित निर्णय लेने और उनके लाभ के लिए सरकारी पहलों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### 25 लाख के इनामी नक्सली की तलाश

**रांची/पलामू।** झारखंड- बिहार में 50 से अधिक नक्सली वारदातों को अंजाम देनेवाला और झारखंड सरकार की ओर से 25 लाख के इनामी नक्सली सौरव उर्फ मारकस बाबा की तलाश सुरक्षा एजेंसियों को है। मारकस बाबा बिहार के औरंगाबाद में अंबा इलाके का रहने वाला है। मारकस माओवादियों का सेंट्रल कमेटी सदस्य है। माओवादियों ने 2021 में इन्हें बूढ़ा पहाड़ इलाके की कमान सौंपी थी। सितंबर-अक्टूबर 2022 से बूढ़ा पहाड़ के इलाके में माओवादियों खिलाफ अभियान ऑक्टोपस शुरू किया गया। अभियान के बाद बूढ़ापहाड़ पर सुरक्षाबलों का कब्जा हो गया है। बूढ़ा पहाड़ पर अभियान के बाद टॉप कमांडर मारकस बाबा अपनी टीम के साथ फरार हो गया। इलाके में सुरक्षाबल की करीब 10 कंपनियां उसकी तलाश कर रही हैं। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार मारकस बाबा बीमार है और अपने कुछ दस्ता के सदस्यों के साथ बूढ़ा पहाड़ के नजदीक के किसी इलाके में छिपा हुआ है। मारकस को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने हाई अलर्ट जारी किया है और बूढ़ा पहाड़ के इलाके में आने जाने वाले सभी रास्तों पर निगरानी बढ़ा दी है। सुरक्षा एजेंसी और बालों को आशंका है कि मारकस सबसे सुरक्षित ठिकाने को छोड़ कर भाग सकता है।

# पुलिस की सक्रियता से भाकपा माओवादियों का शीर्ष नेतृत्व झारखंड में हुआ नेस्तनाबूद!

सत्येन्द्र

रांची। झारखंड पुलिस द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान का सुखद संदेश राज्य में देखने को मिल रहा है। झारखंड पुलिस की सक्रियता के बदौलत झारखंड में भाकपा माओवादी संगठन अब अंतिम सांसे गिन रहा है। राज्य के 24 जिलों में फैले नक्सली संगठनों अस्तित्व कोल्हान के मात्र तीन जिलों में नाममात्र का रह गया है। सच्चाई यह है कि शीर्ष नेतृत्व के गिरफ्तारी के बाद संगठन में नेतृत्व का संकट पैदा हो गया है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के कारण नक्सलियों का शीर्ष नेतृत्व या तो अत्मसमर्पण के लिए मजबूर हो रहे हैं या पुलिस अपने सूचनातंत्र के माध्यम से उन्हें गिरफ्तार कर रहे हैं। ज्ञात हो कि भाकपा माओवादियों के सेकेंड इन कमांड प्रशांत बोस उर्फ किशन दा और माओवादियों थिंक टैंक माने जाने वाले कंचन दा उर्फ कबीर समेत दर्जनभर बड़े माओवादी नेताओं की गिरफ्तारी और दर्जन भर बड़े नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इसके बाद भाकपा माओवादियों के सामने नेतृत्व का संकट खड़ा हो गया है। आलम यह है कि जब भी संगठन अपने आप को मजबूत करने की कोशिश करता है, तभी उन पर पुलिस का कड़ा प्रहार हो जा रहा है। गत माह ~~चतरा में एक साथ पांच इनामी~~ नक्सलियों के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद तो संगठन की कमर ही टूट गई है।

गौरतलब है कि साल 2018 के पूर्व सीसी मेंबर देवकुमार सिंह उर्फ अरविंद जी बूढ़ापहाड़ इलाके का प्रमुख था, देवकुमार सिंह की बीमारी से मौत के बाद तेलगांना के सुधाकरण को यहां का प्रमुख बनाया गया था, लेकिन साल 2019 में तेलंगाना पुलिस के समक्ष सुधाकरण ने सरेंडर कर दिया।



**प्रशांत बोस की गिरफ्तारी के बाद चतरा कांड बड़ा झटका**

गत माह झारखंड में भाकपा माओवादियों के नेतृत्व को बड़ा झटका लगा, जब एक साथ पांच इनामी नक्सली एनकाउंटर में मारे गए। दरअसल झारखंड पुलिस माओवादियों के शीर्ष नेतृत्व को टारगेट में रखकर अभियान चला रही है। मात्र ढाई सालों में झारखंड पुलिस के द्वारा बेहतर रणनीति के बल पर चलाए गए अभियान की वजह से भाकपा माओवादियों के शीर्ष नेतृत्व को लगातार झटके लगते रहे हैं। झारखंड में जब कभी भी बड़े नक्सल कमांडर ने सक्रियता दिखाई उसे उसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ गया।

**कब कब पकड़े गए बड़े उग्रवादी :** झारखंड पुलिस मुख्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार साल 2020 से लेकर 2023 के जनवरी महीने तक कुल 1290 नक्सली गिरफ्तार हुए। इस दौरान कई बड़े और इनामी गिरफ्तार किए गए। वहीं, दूसरी तरफ माओवादियों से बूढ़ापहाड़, बुलबुल के जंगल छिनने के बाद, पुलिस और केंद्रीयबलों ने चाईबासा, सरायकेला और खूंटी के ट्राइजंक्शन पर एक करोड़ के माओवादी पतिराम मांझी के दस्ते को खदेड़ने में कामयाबी पाई थी। वहीं गत महीने हुए मुठभेड़ में भी दो सैक कमांडरों और तीन सब जोनल कमांडरों के मारे जाने से माओवादियों की कमर इलाके में टूट गई है।

**प्रमुख नक्सली जो गिरफ्तार हुए**

प्रशांत बोस- इनाम एक करोड़, रूपेश कुमार सिंह, (सैक मेम्बर) प्रभा दी- इनाम 10 लाख, सुधीर किस्कू- इनाम 10 लाख, प्रशांत मांझी- इनाम 10 लाख, नंद लाल मांझी- इनाम 25 लाख, बलराम उराव- इनाम 10 लाख।

**अरविंद जी के मौत के बाद स्थिति हुई खराब :** पुलिस के द्वारा की गई तबाड़तोड़ करवाई की वजह से झारखंड के सबसे बड़े उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादियों को अब उनके प्रभाव वाले इलाकों में ही बिखरने पर मजबूर कर दिया है। झारखंड में भाकपा माओवादियों के प्रभाव का बड़ा इलाका नेतृत्वविहीन हो गया है। झारखंड, छतीसगढ़ और बिहार तक बिस्तार वाला बूढ़ापहाड़ का इलाका माओवादियों के सुरक्षित गढ़ के तौर पर जाना जाता था, लेकिन अब बूढ़ापहाड़ के इलाके में पड़ने वाले पलामू, गढ़वा, लातेहार से लेकर लोहरदगा तक के इलाके में माओवादियों के लिए नेतृत्व का संकट हो गया है।

**आत्मसमर्पण से भी संगठन हुआ कमजोर :** झारखंड में भाकपा माओवादियों को ताकतवर बनाने वाले कई बड़े नाम संगठन छोड़ कर पुलिस के शरण में आ चुके हैं। महाराज प्रमाणिक, विमल यादव, सुरेश सिंह मुंडा, भवानी सिंह, विमल लोहरा, संजय प्रजापति, अभय जी, रिमी दी, राजेंद्र राय जैसे बड़े माओवादी पुलिस के सामने हथियार डाल चुके हैं।

# करोड़ों खर्च का क्या फायदा, जब नाला का पानी जाना बंद नहीं हुआ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बड़ा तालाब के सौंदर्यीकरण, उसकी देखरेख और ड्रेनेज सिस्टम को ठीक-ठाक कराने के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च हुए। जनता की गाढ़ी कमाई की लूट इन सबों के नाम पर जारी है, लेकिन बड़ा तालाब की दुर्दशा आज भी जस की तस है। वर्ष 2014 से 2021 तक में 40 करोड़ खर्च कर दिये गये लेकिन इसके उत्तर और पश्चिम की दिशा से ड्रेनेज का पानी गिरना कभी बंद नहीं हुआ। लिहाजा, तालाब से दुर्गंध आती रहती है। पानी काला हो गया है।

## बड़ा तालाब में दूषित पानी की हकीकत



**हाईकोर्ट को भी किया जाता है गुमराह** : हाईकोर्ट ने 18 अप्रैल की सुनवाई में सरकार को निर्देश दिया था कि बड़ा तालाब समेत रांची के विभिन्न जल स्रोतों किसी तरह का सॉलिडेयर एवं लिक्विड कचरा न गिराया जाए। अतिक्रमण मुक्त करायें लेकिन हकीकत यही है कि आज भी बड़ा तालाब में नाला का पानी जा रहा है। ड्रेनेज से गंदा पानी पहुंच रहा है। नगर निगम के अधिकारी हाईकोर्ट को भी गुमराह करते हैं।

**छठ के समय नहाते हैं व्रती** : बड़ा तालाब में नाले का पानी सीधे जा रहा है। इसके कारण पानी जहरीला हो गया। नेम-निष्ठा का पर्व छठ में व्रतियों को इसी पानी में नहाना होता है। नगर निगम फाइलों में बड़ा तालाब को चकाचक दिखा चुका है लेकन धरातल में कुछ और है।

## मानो अब स्वामी विवेकानंद भी नहीं रहना चाहते



बड़ा तालाब के बीचो-बीच स्वामी विवेकानंद जी की आदमकद प्रतिमा लगी है। तालाब से उठनेवाली दुर्गंध के बीच स्वामी विवेकानंद भी रहना नहीं चाहते होंगे। उनके चाहनेवाले भी नाराज हैं। ऐसी जगह कोई कैसे पर्यटक जाना चाहेगा, जहां खुल के सांस भी न ले सकें। समय-समय पर हाईकोर्ट फटकार लगा चुकी है।

### जानिए कब क्या क्या हुआ

40 करोड़ खर्च...

- 2014 में डेढ़ रुपये खर्च कर नगर निगम ने तालाब के किनारे नाली बनायी, जो अधूरी है।
- 2016 में 19 करोड़ से बड़ा तालाब के बीच में स्थित टापू पर स्वामी विवेकानंद की आदम प्रतिमा लगायी गयी
- इसी दौरान 14 करोड़ से नगर निगम ने दो फेज में पाथ वे बनाया लेकिन उसके सुंदरीकरण का कार्य भूल गया।
- 2021 में 4.5 करोड़ से सौंदर्यीकरण का काम फिर शुरू किया, लेकिन वह भी अधूरा रहा।
- अधूरे ड्रेनेज सिस्टम के बाद अब आठ करोड़ रुपये से सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट बन रहा है।

# सब-इंस्पेक्टर संध्या को नौ माह के बाद भी नहीं मिला शहीद का दर्जा

## मां ने बतायी पीड़ा

### 20 जुलाई, 2022 को एसआई संध्या टोपनो को पशु तस्करों ने कुचल दिया था

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** तुपुदाना में पदस्थापित 2018 बैच की दारोगा संध्या टोपनो को झारखंड सरकार की ओर से अभी तक शहीद का दर्जा नहीं मिला है जबकि, संध्या के साथ हुई वारदात को नौ महीने हो चुके हैं। संध्या की मां स्नेहलता टोपनो ने कहा कि सरकार की पक्षपात रवैये से हुए दुखी हैं। इस बाबत स्नेहलता टोपनो ने कांग्रेस के नेताओं से मुलाकात कर अपनी पीड़ा बताई है। मां का कहना है कि संध्या टोपनो को मरणोपरांत ना ही सरकारी प्रावधान के तहत कोई मुआवजा मिला और ना ही उनके परिवार को नौकरी मिल पाई है। शहीद का दर्जा सरकारी प्रावधान के तहत मिलने वाली सुविधाओं के लिए लगातार संध्या टोपनो की मां गुहार लगा रही है और दर-दर भटकने को मजबूर है।



**20 जुलाई, 2022 को हुआ था हादसा** : गौरतलब हो कि संध्या टोपनो को रांची के तुपुदाना इलाके में एक पिकअप वैन के ड्राइवर ने कुचलकर मार डाला था। रात दो बजे संध्या टोपनो को सूचना मिली कि जानवरों से लदा एक पिकअप वैन उनके इलाके से निकलेगा। इसके बाद उन्होंने गाड़ियों की चेकिंग शुरू की। वे एक कार की चेकिंग के बाद पिकअप वैन को रुकवा ही रही थीं, तभी वो उन्हें कुचलते हुए तेज रफ्तार से निकल गया। संध्या टोपनो के साथ थाने के दो और सिपाही भी चेकिंग के दौरान मौजूद थे। घटना के बाद पुलिस पिकअप वैन का पीछा करने लगी। थोड़ी दूर जाकर पिकअप वैन पलट गई। पुलिस ने उसमें सवार ड्राइवर समेत दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

# जनजातीय समुदाय की परेशानी दूर करने को सरकार गंभीर: आलमगीर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चीक बड़ाइक समाज की ओर से रविवार को मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन सभागार में मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संसदीय कार्य सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि राज्य सरकार, चीक बड़ाईक सहित सभी जनजातीय समुदाय की कठिनाइयों को दूर करने और उन सभी को उसका अधिकार दिलाने के पक्ष में हर तरीके से गंभीर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से देश के सभी लोगों को उसका अधिकार दिलाने के प्रति समर्पित रही है और इस मामले में हमेशा से उपेक्षित और वंचित अनुसूचित जनजाति के प्रत्येक समुदाय को कांग्रेस देश की मुख्यधारा में लाना चाहती है। श्री आलम ने कहा कि चीक बड़ाईक समाज की सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। विशेष रूप से जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में आ रही विभिन्न तरह की कठिनाईयों को दूर करने के लिए अविलंब प्रशासनिक निर्देश जारी किया जायेगा।



उन्होंने कहा कि वे इस संदर्भ में मुख्यमंत्री से बात करेंगे और अविलंब सम्बंधित प्रशासनिक आदेश जारी किया जायेगा।

**चीक बड़ाईक को जल्द मिलेगा संवैधानिक अधिकार : राजेश ठाकुर** : कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस झारखण्ड सरकार का हिस्सा है और इस अधिकार से वह कदम-से-कदम मिलाकर झारखण्ड की समस्याओं का समाधान कर रही है लेकिन यदि समस्याओं का हल नहीं होता है तो कांग्रेस आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी।

**चीक बड़ाईक को संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए आंदोलन भी करेंगे : बंधु तिर्की**
समरोह में बंधु तिर्की ने कहा कि झारखण्ड गठन के 22 साल बाद भी उन सभी आदिवासी समुदायों को तरह-तरह से प्रताड़ित और अपने अधिकार से वंचित होना पड़ रहा है जिनके लिए अलग झारखण्ड का गठन किया गया था। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय बहुत बुरी तरीके से पिछड़ गया है, परंतु इसकी जिम्मेदारी और जवाबदेही लेनेवाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि चीक बड़ाईक समाज की मांगे अविलम्ब पूरी ना हुई तो तीव्र आंदोलन किया जायेगा।

**चीक बड़ाईक को जल्द मिलेगा परेशानियों से छुटकारा : शिल्पी**
मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखण्ड विधानसभा के अंदर और बाहर भी उन्होंने न केवल चीक बड़ाईक बल्कि प्रत्येक जनजातीय समुदाय की मांगों को उठाया है और उन्हें इस बात की खुशी है कि न केवल सरकार के जिम्मेदार मंत्री बल्कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भी उनकी बातों एवं मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि निकट भविष्य में चीक बड़ाईक समुदाय को सभी जटिल परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

# टेरर फंडिंग मामले में पीएलएफआइ के दिनेश गोप की एनआइए को है तलाश

## झारखंड पुलिस का 25 लाख का इनामी है दिनेश गोप

### टीपीसी प्रमुख ब्रजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता पर पांच-पांच लाख का इनाम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** टेरर फंडिंग मामले में दो उग्रवादी संगठनों के प्रमुख को एनआइए जोर शोर से तलाश कर रही है। एनआइए को टीपीसी संगठन के प्रमुख ब्रजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता और पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के प्रमुख दिनेश गोप की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर छापेमारी भी कर रही है। दोनों उग्रवादियों को एनआईए ने टेरर फंडिंग मामले में मोस्ट वांटेड घोषित करते हुए दोनों पर पांच-पांच लाख रुपया इनाम घोषित किया है। जबकि, दिनेश गोप पर झारखंड पुलिस की ओर से 25 लाख का इनाम घोषित किया गया है।

**टेरर फंडिंग के तीन मामलों में ब्रजेश गंझू है मोस्ट वांटेड** : गौरतलब हो कि टीपीसी के कई उग्रवादी पकड़े गए और कई ने सरेंडर कर दिया। लेकिन अब तक ब्रजेश गंझू एनआईए की पकड़ से दूर है। गौरतलब है पूर्व में भाकपा माओवादियों से निपटने के लिए पुलिस अफसरों ने पीएलएफआई को खड़ा किया था। लेकिन यही संगठन पुलिस के लिए गंभीर चुनौती पेश करने लगी। इन दोनों संगठनों का मूल समाप्त करने की जगह पुलिस अफसरों ने भाकपा माओवादियों से अलग हुए नक्सलियों को सहायता दिया। फिर टीपीसी नाम का उग्रवादी संगठन खड़ा करने में मदद की। भाकपा माओवादी से अलग हुए ब्रजेश, मुकेश, कोहराम और आक्रमण ने इसका गठन किया था।

### एनआइए ने 19 जनवरी 2018 को टेकओवर किया है केस



एनआईए को पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के प्रमुख आरसी 02/2018 मामले में तलाश है। नोटबंदी के ठीक बाद दिनेश गोप ने लेवी के 25.38 लाख रुपये एसबीआई रांची के बेड़ो शाखा में एक पेट्रोल पंप संचालक के जरिए जमा करवाने की कोशिश की थी। तब पेट्रोल पंप संचालक समेत चार लोगों को रांची पुलिस ने 10 नवंबर 2016 को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा था। एनआईए ने 19 जनवरी 2018 को केस टेकओवर किया था। एनआईए ने शुरूआत में छापेमारी कर दिनेश गोप के सहयोगी सुमंत कुमार समेत अन्य के ठिकानों से 90 लाख नकदी व निवेश संबंधी कागजात जब्त किए थे। एनआईए ने जांच के क्रम में दिनेश गोप की दो पत्नियों हीरा देवी व शकुंतला कुमारी को गिरफ्तार किया था। दो मार्च 2020 को एनआईए ने दिनेश गोप के खास सहयोगी जयप्रकाश सिंह भुईंया और अमित देशवाल को गिरफ्तार किया था। पीएलएफआई के पैसों के कंपनियों में निवेश के मामले में गुजरात के एक व्यवसायी को भी एनआईए ने गिरफ्तार किया था, लेकिन दिनेश गोप अबतक गिरफ्त से दूर है।

# पिस्का मोड़ के जतरा मैदान में मना 100वीं मन की बात कार्यक्रम उत्सव



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पिस्का मोड़ स्थित जतरा मैदान में रविवार को प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात की 100वीं संस्करण को यादगार के तौर पर पर्व-त्योहार की तरह मनाया गया। मोदी जी ने मन की बात से जो देश में बदलाव हुए उसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छता, पर्यावरण, संस्कृति, शिक्षा, संवर्धन, लोकल फॉर वोकल मेक इन इंडिया इत्यादि से देश में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। प्रधानमंत्री ने उत्कृष्ट कार्यों का उत्साहबद्र्धन किया, जिससे प्रेरित होकर अच्छे कामों में जनभागीदारी को बढ़ायी। मोदी जी ने बताया कि सेल्फी विद डॉटर अभियान से प्रेरित होकर मैंने हरियाणा से इस कार्यक्रम की शुरूआत की जो महिलाओं की पॉपुलेशन (जेंडर इक्वलिटी) में सुधार हुआ। नाग नदी के पुनरूथान के लिए मातृशक्ति ने काम किया। इस तरह से कई बड़े बड़े काम महिलाओं द्वारा किया जाता रहा है, इसलिए मातृशक्ति को नमन। लोकल फॉर भोकल अभियान से जम्मू के मंजूर जी ने व्यवसायों को बढ़ाया, इसी तरह मणिपुर इत्यादि सभी राज्यों में मन के बात के कहि गई बातों का अनुसरण करते हुए लोगों ने मेक इन इंडिया को लोकल फॉर वोकल से लोकल तक ग्लोबल तक ले कर गए। इस कार्यक्रम में मुहल्ले के लोग शामिल हुए और उन्होंने पूर्ण उत्साह से मोदी जी को सुना। इस कार्यक्रम को प्रदेश कार्यसमिति किसान मोर्चा झारखंड के राजेश साह, प्रदेश कार्यसमिति महिला मोर्चा झारखंड प्रदेश की कुमुद झा और अरुण सिंह ने आयोजित किया था। इसमें भाजपा नेता संदीप वर्मा ,मंडल अध्यक्ष सुबेश पांडेय, शैलेश्वर दयाल सिंह ,सुनील सिंह शामिल हुए।

## आदिवासी नेता को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाये आलाकमान : आलोक

**रांची।** कांग्रेस से निष्कासित नेता आलोक दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता ने राजकीय अतिथिशाला में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि प्रदेश अध्यक्ष की गणेश परिक्रमा करने वाले नेताओं को बोर्ड निगम में जगह देने की तैयारी है जबकि संगठन को सींचने वाले नेता निष्कासन का दंश झेल रहे हैं। तीनों नेताओं ने पार्टी के आलाकमान से मांग की कि राजेश ठाकुर को प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाकर आदिवासी नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाये। आलोक दुबे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में एक व्यक्ति एक पद का ढर्रा पुराना रहा है। प्रदेश अध्यक्ष को भी राज्यमंत्री का दर्जा मिला है। फिर भी वह प्रदेश अध्यक्ष के पद पर काबिज है। उन्होंने कहा कि दो बार मेरे घर पर हमले हुए लेकिन हमारी सुरक्षा को वापस ले ली गयी है। डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि प्रदेश कमिटी ने एआइसीसीए के गठन से पूर्व चार नेताओं को निलंबित कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने यह जानबुझकर किया। प्रदेश अध्यक्ष ने हमारी सुरक्षा को वापस करवाया है यदि हमारे साथ कोई घटना होती है तो इसके जिम्मेदार प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर होंगे।

लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि पार्टी के अंदर कई विवाद हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी और विधायक दल की नेता की ओर से लापरवाही की गयी है।

## खबर एक नजर में

### सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश ने बाबा धाम में टेका मत्था



**रांची।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश जितेंद्र कुमार महेश्वरी और झारखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र ने रविवार को सपरिवार बाबा बैद्यनाथ का पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लिया। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एवं झारखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने बाबा बैद्यनाथ का रुद्राभिषेक व जलाभिषेक भी किया। मौके पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने श्री महेश्वरी और श्री मिश्र को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व बाबा मंदिर का प्रसाद प्रदान किया।

### हिंदपीढ़ी मंडल में सुनी गयी पीएम मन की बात



**रांची।** प्रधानमंत्री के मन की बात की 100वीं कड़ी को भाजपा हिंदपीढ़ी मंडल के अंतर्गत बूथ संख्या 175, 176, 151 के नागरिकों के साथ भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में सुना गया। कार्यक्रम में राहुल सिन्हा चंकी, मनीष श्रीमाली, अभिनंदन चौधरी, अनिल तिवारी, अमित प्रसाद, राजवीर चौधरी, संजय सरकार, इंदर सिंह, प्रकाश पाल, संजीत पालित,अमित तिवारी, टिंकू महतो, सत्यम केसरी, बबलू कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### मन की बात@100 : डोरंडा मंडल ने मनायी खुशियां

**रांची।** भाजपा डोरंडा मंडल की ओर से शिशु सदन में पप्पू वर्मा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के मन की बात का 100वां एपिसोड सुना। इस अवसर पर कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट के बच्चों ने भी प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी। पप्पू वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात देश के लोगों के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर बजरंग प्रसाद गुप्ता, रिझू कच्छप, धनंजय गुप्ता, मनोज वर्मा, मुकेश गुप्ता, दीपू वर्मा, हिमांशु शेखर दास, अशोक ठाकुर,अनिल विजयवर्गीय, सुनील विजयवर्गीय, आयुष गुप्ता, विनय साहू, अरुण ठाकुर, रेखा देवी,शोभा पांडे राधा देवी, शिबू राम, अमर भारती सहित अन्य उपस्थित थे।

### मन की बात देश की आवाज : संजय जयसवाल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जयसवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ पीएम के मन की बात सुनी। श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात देश की आवाज बन गयी। मन की बात सुनने वालों में राजकुमार जयसवाल, शुभम कुमार जयसवाल, अंकित कुमार, मनोज कुमार, शकुंतला देवी, सुनैना देवी, संजय टोप्पो, रानी कुमारी, सरस्वती देवी, धर्मेंद्र कुमार, विमला देवी, मंगली उरांव, शोभा देवी, मेरियम सीता देवी, सुनीता देवी, पीयूष कुमार आदि शामिल थे।

### जनता ने मन की बात को नकारा : राकेश सिन्हा

**रांची।** प्रधानमंत्री के मन की बात का 100वें एपिसोड पर प्रतिक्रिया देते प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात सिर्फ भाजपा के मंत्री, सांसद, विधायक और उनके कार्यकर्ता ही सुनते हैं। देश की जनता प्रधानमंत्री के मन की बात को नकार दिया है। राकेश सिन्हा ने कहा कि चीन, अडानी, बढ़ती आर्थिक असमानता, आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमत, जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले, महिला पहलवानों का अपमान, किसान संगठनों से किए गए वादों को पूरा ना करना, भ्रष्टाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर यह मौन की बात है।

### मन की बात जनता के साथ धोखा : मनोज पांडेय

**रांची।** रेडियो पर प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात 100वें एपिसोड पर बेरोजगारी, महंगाई एवं किसान के संबंध में कुछ ना बोलने पर जनता ठगा महसूस कर रही है। प्रदेश राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री 2014 से लेकर आज तक जितनी बार भी देश की जनता को मन की बात सुनाई, कभी भी बेरोजगारी, महंगाई के संबंध में कुछ भी नहीं कहा। उन्होंने कहा है अगर प्रधानमंत्री महंगाई पर कुछ वक्तव्य देते तो सचमुच जनता को खुशी होती। मन की बात सिर्फ और सिर्फ अपने कार्यकर्ता भाजपा के नजदीक पहुंचाने वाली प्रचार प्रसार का एक माध्यम बन चुकी है।

### ऑनलाईन देखें रांची विवि का दीक्षांत समारोह

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के 36 वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 2 मई को मोरहाबादी के दीक्षांत मंडप में किया गया है। इस कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया जायेगा। इसे ऑन लाइन भी देखा जा सकता है। जिन छात्रों के माता पिता / अभिभावक किसी कारणवश दीक्षांत समारोह में शामिल नहीं हो पायेंगे वे विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए लिंक से दीक्षांत समारोह को लाइव देख सकते हैं। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रात: 10 बजे से आरंभ होगा। यह लिंक रांची विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### सर्वे के आधार पर हो स्थानीय नियोजन नीति : राजेश



**रांची।** सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार ने कहा है कि नियोजन नीति लागू करने से पहले खतियान आधारित अंतिम सर्वे झारखंड के सभी जिलों से जनता की राय लेकर घोषित करें। उन्होंने कहा कि जिले के आधार पर विज्ञापन जारी करने से पहले झारखंड राज्य का स्थानीय निवासी होने से संबंधित विज्ञापन में जोड़ा जाये। उन्होंने कहा कि राज्य की तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी में नियुक्ति प्रक्रिया में 60-40 की जगह 90-10 किया जाये। जेपीएससी पीटी और मेंस परीक्षा तथा जेएसएससी पीटी और मेंस परीक्षा में आरक्षण जरूरी लागू किया जाये। सरकार जब तक नियुक्त प्रकिया शुरू नही कर सकती तब तक बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जाये।

### ट्रैफिक पुलिसकर्मी के घर में चोरी

**ताला तोड़कर 1.5 लाख नगद व तीन लाख के जेवरात ले उड़े चोर**

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र में रहने वाले पुलिसकर्मी प्रहलाद महथा के घर से चोरों ने 1.5 लाख नगद और 3 लाख के जेवरात चोरी कर फरार हो गया। घटना शनिवार देर रात की है। प्रहलाद महथा ट्रैफिक पुलिस में पदस्थापित हैं। चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सूचना मिलने के बाद डोरंडा थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच की।

**अलमीरा टूटा देख चकित रह गयी सिपाही की पत्नी** : जानकारी के अनुसार सिपाही प्रहलाद महथा किसी काम से बाहर गया था। घर लौटा, तो सिपाही की पत्नी ने देखा कि अलमीरा टूटा हुआ है। उसमें रखा सामान सारा गायब है। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी और जांच में पता चला कि नगद और जेवरात गायब है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### जानलेवा हमला कर सिर फोड़ा

**रांची।** एयरपोर्ट थाना एरिया में रविवार को एक परिवार पर जानलेवा हमला किया गया। हमले में परिवार के मुखिया की जमकर पिटाई की गई। गंभीर हालत में जख्मी अनिन्दया कुमार को पारस अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इस बाबत अनिन्दया कुमार की पत्नी इंदिरा बनर्जी ने एयरपोर्ट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इंदिरा बनर्जी ने कहा है कि रविवार की सुबह उनके घर में पड़ोस के उदय कुमार अपने परिवार के साथ आए और गाली-गलौज करने लगे। जब पति ने विरोध किया तो उनकी जमकर पिटाई की गई। पिटाई से उनके पति का सिर फट गया। इंदिरा बनर्जी ने पुलिस को कहा कि वे लोग कुंवर सिंह कॉलोनी में 30 साल से रह रहे हैं।

## रांची के अपराध जगत के लोगों के मुताबिक, इनकाउंटर में मारा गया था लखन सिंह

# रांची का अपराधी लखन सिंह जिंदा है या मुर्दा, बन चुका है सस्पेंस!

**व्यवसायी राजू धानुका हत्याकांड में आया था नाम**

**रांची क्राइम ब्रांच ने की परिजनों से पूछताछ, परिजनों ने कहा 20 साल से संपर्क नहीं**

कुबेर सिंह

**रांची।** राजधानी के चर्चित व्यवसायी राजू धानुका हत्याकांड के बाद फरार लखन सिंह जिंदा है या मर गया। इस मामले में सस्पेंस बना हुआ है। लखन सिंह की जिंदा और मुर्दा की मिस्ट्री सुलझाने के लिए रांची क्राइम ब्रांच की टीम ने खोजबीन शुरू कर दी है। क्राइम ब्रांच की टीम लखन सिंह के बाबत परिजनों से पूछताछ की, पूरे परिवार का बायोडाटा लिया। क्राइम ब्रांच ने जब परिजनों से लखन सिंह के बारे में पूछताछ की तो कहा गया कि लगभग 20 सालों से लखन सिंह से कोई संपर्क नहीं हो पाया है लेकिन, जरायम की दुनिया में कहा जा रहा है कि पूर्व एसएसपी प्रवीण कुमार सिंह और उनकी टीम ने लखन सिंह का इनकाउंटर कर दिया था और परिजनों को शव ले जाने का आग्रह किया था। परिजनों के शव नहीं लेने पर पुलिस के द्वारा लखन सिंह का दाह संस्कार कर दिया गया था।

**तुपुदाना ओपी से फरार हो गया था लखन सिंह** : जानकारी के मुताबिक, लखन सिंह तुपदाना ओपी से फरार हो गया था। इसके बाद उसका पता नहीं चल पाया। लोग उसके मारे जाने का कयास लगा रहे थे।

**उड़ीसा में भी जमीन की दलाली करता था गेंदा सिंह** : कुख्यात अपराधी और दो लाख का इनामी गेंदा सिंह जमीन की दलाली और रंगदारी करके वसूल किए गए पैसे से अपना गिरोह चलाता था। उसके गिरोह में 26 लोग काम करते हैं। दो लाख रुपए के इनामी कुख्यात अपराधी विजय सिंह उर्फ गेंदा सिंह को ओड़िसा के पुरी से गिरफ्तार किया था।

हालांकि, पूर्व एसएसपी कुलदीप द्विवेदी ने गेंदा सिंह की गिरफ्तारी के वक्त यह खुलासा किया था कि कुख्यात अपराधी लखन सिंह मरा नहीं, बल्कि जिंदा है। वह अपने सहयोगी अमर सिंह और तौकीर के साथ रह रहा है। तौकिर हाल ही में जेल से छूटा है। लखन का भाई गेंदा सिंह लखन सिंह के फरार होने के बाद उसका पूरा गैंग संचालित कर रहा था, जिसे पुलिस ने पकड़ कर जेल भेजा था।

### गिरोह में शामिल लोग

इनमें अशोक पांडेय, राजेश नायक, साबिर अंसारी, इसरायल अंसारी, सरवर खान, बउआ साहू, अजय , रंजीत शर्मा, निर्मल राम, प्रकाश , आबिद अंसारी, चिंटू, शमशाद, गेंदा सिंह के भाई लखन सिंह के सहयोगी प्रमोद एक्का, मुकेश झा, टप्पू, अमर सिंह, तौकिर, जिम्मी, सुभान, युगेश उर्फ युगेश्वर सिंह, कमलेश, त्रिभुवन सिंह, अजय, सुभान खान का भाई शामिल है। उसके गिरोह में शूटर के रुप में मिठू सिंह, राजू गोप और सांडे मुंडा काम करते हैं जो वर्तमान में जेल में है।

# श्रीकृष्ण राज से ही सामाजिक विकास संभव : साधु यादव

## श्रीकृष्ण विकास परिषद के आठवें स्थापना दिवस समारोह सह यादव महासम्मेलन का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्रीकृष्ण विकास परिषद यादव समाज के तत्वावधान में रविवार को वाईबीएन स्कूल में परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव की अध्यक्षता में आठवां स्थापना दिवस समारोह सह यादव महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बांका के लोकसभा सांसद गिरधारी यादव, उद्घाटनकर्ता गोपालगंज के पूर्व सांसद साधु यादव, झारखंड बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष काजल यादव,कानपुर से आए मोहित यादव,समाजवादी पार्टी नेता कुलदीप यादव, नंदन यादव, गौरीशंकर यादव, रंजन यादव सुधीर गोप, बबन यादव, जयसिंह यादव, राजकिशोर यादव, अनिता यादव ने संबोधित किया।

साधु यादव ने अपने संबोधन में कहा कि देश में 40 करोड़ आबादी यादवों की है। जाति मजबूत होगी, तभी जमात बनेगा। कहा कि श्रीकृष्ण राज से ही सामाजिक विकास संभव है। गिरधारी यादव ने कहा कि देश की सत्ता की चाभी झारखंड, यूपी, बिहार के पास है। बगैर यादव के पीएम, सीएम कोई नहीं बन सकता है।

कैलाश यादव ने कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य के लिए श्रीकृष्ण चैरिटेबुल ट्रस्ट का गठन होगा। साथ ही उन्होंने हेमंत सरकार से ओबीसी को 27 प्रतिशत आारक्षण देने तथा जातीय जनगणना अविलंब कराने पर जोर दिया। काजल यादव ने देश, प्रदेश की प्रगति में महिलाओं की भूमिका को अहम बताते हुए सामाजिक क्षेत्रों में युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। मोहित यादव ने कहा कि देश में 38 फीसदी युवा भारत के भाग्य विधाता हैं. साथ ही उन्होंने राज्य सरकार व केंद्र सरकार से युवाओं को हर क्षेत्र में प्राथमिकता देने की मांग की। कुलदीप यादव ने कहा कि यादव का इतिहास प्रकृति से जुड़ा हुआ है।



महासम्मेलन में सर्वसम्मति से परिषद ने 10 सूत्री प्रस्ताव पारित कर सरकार से मांग किया कि झारखंड में स्थानीय नीति का कट ऑफ डेट राज्य निर्माण वर्ष 15 नवंबर 2000 हो, राज्य सरकार ओबीसी को 27% आरक्षण देने की अविलंब घोषणा करे, अहीर रेजिमेंट का गठन करने हेतु राज्य सरकार कैबिनेट से प्रस्ताव पारित कर केंद्र को अनुशंसा करें, हेमंत सरकार अपने संसाधन से जातीय जनगणना कराने की अनुशंसा करें, राज्य में 14 प्रतिशत यादव समाज के लिए सरकार रांची राजधानी में श्रीकृष्ण भवन के नाम से निशुल्क 5 एकड़ जमीन आवंटन करे, राज्य में रोस्टर पॉलिसी बहाल कर निकाय/पंचायत चुनाव में ओबीसी वर्ग को सीटे आरक्षित करने की अधिसूचना जारी करे, राज्य सरकार नियुक्ति प्रक्रिया में जिला आरक्षण रोस्टर के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एमबीसी -1एवं बीसी 2 को सभी जिलों में 27% आरक्षण देने की अधिसूचना जारी करे। इसके अलावा राज्य सरकार प्राइवेट स्कूलों पर री एडमिशन,वार्षिक शुल्क लेने पर प्रतिबंध लगाए, राज्य में भोजपुरी मगही मैथिली अंगिका भाषा को द्वितीय राजभाषा में शामिल करे तथा राज्य में छोटे बड़े गोपाल को जिलावार डेयरी फार्म बनाकर एक उचित स्थान पर निशुल्क जमीन आवंटन करे।

## स्पीड न्यूज

### एकादशी व्रत पर बालाजी मंदिर में विशेष अनुष्ठान आज

**रांची।** सोमवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मन्दिर में वैशाख शुक्ल पक्ष की मोहिनी एकादशी तिथि पर विशेष अनुष्ठान होंगे। वैशाख मास और उसमें भी शुक्ल पक्ष की एकादशी का शास्त्रों में बड़ा महत्व बताया गया है । इस पुण्य अवसर पर भगवान श्रीमन्नारायण को प्रसन्न करने का पूर्ण यत्न करना चाहिये। यह एकादशी समस्त पापों का क्षय तथा सब प्रकार के दुखोंका निवारण करने वाला व्रतों में उत्तम व्रत है । मोहिनी को उपवास करने पर प्राणियों के अनेक जन्मों के किये हुए मेरुपर्वत जैसे महापाप भी नष्ट हो जाते हैं। बालाजी मंदिर के रंजन सिंह ने बताया कि एकादशी को जुआ खेलना, नींद लेना, पान खाना, दांतुन करना, दूसरे की निन्दा करना, चुगली खाना, चोरी, हिंसा, क्रोध तथा असत्य भाषण को त्याग दें। इस विधि से एकादशी का व्रत करें।

### जेइइ मेंस में डीएवी हेहल के प्रभात साहू का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के 40 से अधिक होनहारों ने जेईई मेंस की परीक्षा में 90 पर्सेंटाइल से अधिक लाकर शानदार प्रदर्शन करते हुये सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है ।इसमें प्रभात कुमार साहू 99 .38,निलेश कुमार 98 .94अभिनव श्रीवास्तव 98 .84 जया कुमारी 98 .68 प्रिंस पटवा 98 .39 अभिज्ञान श्रीवास्तव 97 .36 सशक्त केशरी 96 .84 मयंक 95 .78 अक्षित 95 .54 मानस कुमार 95 .48 अभिराज चौहान 95 .1 ऋतिक राज 92 .96 आदि प्रमुख हैं। सफल विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों व विद्यालय के सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुये अपनी सफलता को अभिभावकों और शिक्षकों को समर्पित किया है। उनका मानना है कि डीएवी संस्था उनकी पढ़ाई के लिये सर्वोत्तम है। प्राचार्य एसके मिश्रा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाइयां दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सेवानिवृत्त पुरोहित याकुब बोदरा नहीं रहे

**रांची।** चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया (सीएनआई) रांची के सेवानिवृत पुरोहित याकुब बोदरा की रविवार को संत बरनाबास अस्पताल चर्च रोड में निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर का दफन संस्कार सीएनआई कब्रिस्तान कांटाटोली में अपराह्न 4 :30 बजे किया गया। उक्त जानकारी राजकुमार नागवंशी ने दी।

### विश्व ब्राह्मण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रांची आये

**रांची।** विश्व ब्राशण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष केसी पांडे रविवार को रांची पधारे। रांची एयरपोर्ट पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्हें अंग वस्त्र और पुष्प गुछ देकर स्वागत करने वालों में प्रेम जीवाल, अरविंद पाठक थे। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि केसी पांडे उत्तराखंड के लिए बहुत कुछ इन्होंने किया है। विश्व ब्राशण संघ को देश ही नहीं विदेशों में भी स्थापित किया है।

रांची शहर की खबरें पेज 8 पर भी देखें

## कृषि क्षेत्र में बजट का सही समय पर उचित क्रियान्वयन महत्वपूर्ण : डॉ मल्लिक

### बीएयू में कृषि बजट की प्राथमिकताओं पर परामर्श कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिरसा कृषि विवि के आरएसी सभागार में झारखंड की कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में बजटीय प्राथमिकताओं विषय पर राज्यस्तरीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसे बीएयू की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के सहयोग से नई दिल्ली के सेंटर फॉर बजट एंड गवर्नेंस एकाउंटेबिलिटी (बीजीए) और रांची के जीवन शिक्षा और विकास सहायता संस्था (लीड्स) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि डीन फॉरेस्ट्री डॉ एमएस मल्लिक ने कृषि क्षेत्र में बजट का सही समय पर उचित क्रियान्वयन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने प्रदेश में पर्यावरण के अनुकूल कृषि, प्राकृतिक खेती एवं एकीकृत कृषि प्रणाली को प्राथमिकता देने की बात कही। इन्हें कृषि जोखिम को कम करने और किसानों की आय को स्थिर करने के लिए एक महत्वपूर्ण बताया। विशिष्ट अतिथि राय विश्वविद्यालय के डीन एग्रीकल्चर डॉ आरपी सिंह रतन ने झारखंड में सब्जी उत्पादन, पशुधन, वनोपज संग्रह, बकरीपालन और सुकरपालन को किसानों की आय का महत्वपूर्ण स्रोत बताया। बजट खर्च प्रणाली की उपयोगिता बढ़ाने, निगरानी एवं शिथिल कार्यान्वयन पर ध्यान देने और वाटरशेड पर भारी खर्च की जगह सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की लोकप्रियता, सिंचाई क्षेत्र में बढ़ोतरी से फसल सघनता में वृद्धि एवं एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन पर विशेष जोर दिया।

सीजीबीए के वरिष्ठ नीति विश्लेषक गुरप्रीत सिंह ने कृषि बजट के अंतर पर प्रकाश डाला। कहा कि झारखंड कृषि बजट पर करीब 5 फीसदी मात्र खर्च करता है। कृषि योजनओं में खर्च कम हो रहा है। आरकेवीआई और एनएफएसएम जैसी योजनाओं के तहत निधियों का कम उपयोग चिंता का विषय है। योजनाओं में निधि आवंटन मांग आधारित रखे जाने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता लीड्स की प्रोग्राम मैनेजर श्रीमती एन रथ ने की। उन्होंने कृषि विकास में जल संचयन का महत्व, गिरते भूजल स्तर से भावी नुकसान और 5 प्रतिशत कृषि बजट मात्र में बढ़ोतरी पर जोर दिया। रांची सीओ रेशु भारद्वाज ने कहा कि कृषि बजट में किसानों को ब्लॉक चेन तकनीक आधारित उत्पादन को बढ़ावा और किसानों का सब्सिडी से सम्मान पर प्राथमिकता होनी चाहिए। स्वागत करते हुए बीएयू के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ बीके झा ने कृषि बजट की प्रक्रिया में इसके प्रभाव की समझ को जरूरी बताया। उन्होंने किसानों के सामने जलवायु जोखिम, घटते प्राकृतिक संसाधन और किसानों की लाभप्रदता जैसी प्रमुख चुनौतियों के मुद्दों को उचित बजट आवंटन और उपयोग के साथ संबोधित करने पर बल दिया। महर्षि मेंहि कल्याण परिषद के सचिव सच्चिदानंद ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अशोक नगर सोसाइटी की वार्षिक आम सभा हुई, कोई प्रस्ताव नहीं हुआ पारित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अशोक नगर सोसाइटी में रविवार को वार्षिक आमसभा हुई। इसमें सोसाइटी के 155 सदस्य उपस्थित हुए। आज की आमसभा में दो मुख्य मुद्दे आये। इसमें बायलॉज में बदलाव और सदस्यों के घर तथा दुकानों के मेंटेनेंस चार्ज में वृद्धि शामिल हैं। सदस्यों ने इन मुद्दों पर सहमति नहीं जतायी।

सोसाइटी के बोर्ड को आज सदस्यों के भारी विरोध का सामना पड़ा। विगत दिनों सोसाइटी में नयी सुरक्षा एजेंसी आयी है और सदस्यों ने इसका भी विरोध किया। सदस्यों ने कहा कि ऐसे सुरक्षाकर्मियों को इतनी भारी राशि देना कहीं से भी उचित नहीं है।



वहीं, सोसाइटी के जिन सदस्यों की दुकानें हैं, उन्होंने दुकान के मेंटेनेंस चार्ज बढ़ाये जाने का भी विरोध किया। लोगों ने एक-एक करके अपने मंतव्य रखे। अशोक नगर सोसाइटी के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि वार्षिक आमसभा में एक भी एजेंडा पारित नहीं हुआ।

### श्री श्याम मंदिर हरमू रोड का स्थापना दिवस आज

**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर का सप्तम स्थापना दिवस समारोह वैशाख शुक्ल एकादशी सोमवार (1 मई 2023) को विविध कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जायेगा। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। स्थापना समारोह का प्रारंभ प्रातः 5:30 बजे मंगल आरती से होगा। इसके बाद श्रृंगार किया जायेगा व 8:30 बजे श्रृंगार आरती करके भोग अर्पित किया जायेगा। दोपहर बाद मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाकर नवीन विशेष सजावट की जायेगी। मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे प्रारंभ होगा।

## जेइइ मेन में ब्रदर्स एकेडमी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ब्रदर्स एकेडमी के 400 से अधिक छात्रों ने जेइइ मेन में शानदार प्रदर्शन किया है। किसलय (रैंक-554) और निशांत ( रैंक-638) ने अपने शानदार प्रदर्शन से ब्रदर्स एकडेमी का गौरव बढ़ाया है। ब्रदर्स एकेडमी के कुछ छात्र जिन्होंने जेइइ मेन में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, उनमें किसलय, निशांत कुमार, पलक चौधरी, आशना, अभिजीत, कनिष्क सकरवार, अर्नव प्रतिव, इशिता बेदी, आरुषि शर्मा, निशांत मौर्य, प्रियांशु मिश्रा, अंश जालान, निश्चल कुमार साहू, सृजन स्वप्निल, आलोक यादव, साकेत कश्यप, अक्षण सिंह, प्रत्यूष अग्रवाल आदि शामिल हैं।

छात्रों ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय ऐकेडमी के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है। सारगर्भित शिक्षण, शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्यसामग्री, क्विज संचालन और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन, संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। सिलेबस की समाप्ति के बाद एकेडमी द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज बैट्स ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आइआइटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में बहुत मददगार रहा है।

संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेंदु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने एकेडमी का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आइआइटी एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है, क्योंकि बच्चों ने पूरे वर्ष जीतोड़ मेहनत कर अपनी क्षमता को निखारा है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं, बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है।

निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए आगामी परीक्षाओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी ब्रदर्स एकेडमी के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि एकेडमी के शिक्षकों के सतत परिश्रम ने इन बच्चों को ज्ञान और ऊर्जा से भरे मार्ग की दिशा दिखायी और बच्चों के सघन अध्ययन का परिणाम आशाजनक रहा।

## मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अमित चौधरी ने ली शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। सभा की अध्यक्षता कर रहे विकास अग्रवाल ने सभा में आये हुए सभी पूर्व अध्यक्षगण, विभिन्न संस्थाओं से पधारे पदाधिकारीगण एवं सभा में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद चुनाव पदाधिकारी प्रवीण जैन छाबड़ा ने अध्यक्ष अमित चौधरी को सत्र 2023-24 के अध्यक्ष पद की शपथ दिलायी एवं समाज से पधारे हुए अतिथियों एवं उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ने उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, रोहित



सरावगी, सचिव विकास गोयल, सह सचिव सन्नी टिबड़ेवाल, सनी केडिया, कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़ एवं समस्त कार्यकारिणी, शुभम सिंघानिया, अखिल टिकमानी, वीरेंद्र तोसावर सैकी राईका, अभिषेक जालान, सोनीत अग्रवाल, चेतन पोद्दार, विवेक टिबड़वाल, शरद दरगड, सुदीप राजगढ़िया, अनीश बुधिया, अमित खुटेटा, धीरज बोड़ा, सौरभ सरावगी, मनीष शेट्टी को शपथ दिलायी। उसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित चौधरी ने सभा में कहा कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के पांच महामंत्र जनसेवा, समाज सुधार, व्यक्ति विकास, सामाजिक सम्मान एवं आत्म सुरक्षा, राष्ट्रीय विकास एवं एकता को ध्यान में रखते हुए ही अपने सभी कार्य करूंगा।

## अच्छे काम करें और नमाज का पाबंद बनें : मौलाना कादरी

### डोरंडा मणिटोला फिरदौस नगर के खानकाह मजहरिया मुनअमिया में लंगर ए गौसुल आजम का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा मणिटोला फिरदौस नगर स्थित खानकाह मजहरिया मुनअमिया में रविवार को बरोज इतवार बाद नमाजे मगरिब लंगर ए गौसुल आजम का आयोजन खानकाह के सज्जादा नशी मौलाना सैय्यद शाह अल्कमा शिबली कादरी के जानिब से किया गया। लंगर की शुरुआत हल्क ए ज़िक्र व सिजरा खानी से हुआ उसके बाद फातिहाखानी का एहतेमाम किया गया।



मौके पर खानकाह के सज्जादा नशी मौलाना सैय्यद शाह अल्कमा शिबली कादरी ने लोगो को दीन व इस्लाम की बाते बताई साथ ही बुराई से बचने और नेक और अच्छे काम करने की हिदायत दी। साथ ही नमाज का पाबंद बनने की हिदायत दिया। मौके पर आए बच्चों के माता पिता से ये अपील की कि लड़कियों को दुनियावी तालीम के साथ दीनी तालीम जरूर दें। जिससे बच्चियों का दिल दिमाग मे जिंदगी जीने का इस्लामी तरीका पता चले और मन साफ रहे और गलत लोगो के फरेब और बहकावे मे आकर किसी परेशानी मे न फसें। साथ ही अगर बच्चियां बालिग हो गई हो तो उनका निकाह जल्द से जल्द करे।

उन्होंने कहा कि शादी मे ना दहेज लें और न दहेज दें। निकाह को आसान बनाएं। वहीं, दूसरी ओर नौजवान आज गलत आदतों के शिकार हो रहे है उसे कैसा रोका जाए इसपर भी हमे ध्यान देने की जरूरत है। अंत मे आए लोगो को लंगर खिलाया गया। मौके पर मौलाना सैय्यद अबू राफे तीबरानी,सैय्यद जैन कादरी, सैय्यद ज़िदान कादरी, मो कमरू मो सब्बीर,हाजी मन्नान, साहिद खान आदि ने शिरकत की।

### न्यूटन के 73 विद्यार्थियों को जेइइ मेंस में सफलता

**रांची।** न्यूटन क्लासेस हरिओम टावर रांची में जेइइ मेंस 2023 में 73 विद्यार्थी सफल रहे हैं, जिसमें अरमान नीरज तिर्की ऑल इंडिया 827वीं रैंक, विश्वदीप ऑल इंडिया 2350वी रैंक, रुद्राक्ष वर्मा ऑल इंडिया 5392वीं रैंक, शुभम कुमार ऑल इंडिया 6341वी रैंक, मोहित कुमार ऑल इंडिया 7518वी रैंक, अमित सिन्हा ऑल इंडिया 7850वी रैंक, रोशन कुमार मिर्नल ऑल इंडिया 7913वी रैंक, अरविंद कुमार ऑल इंडिया 8342वी रैंक और चंदन कुमार ऑल इंडिया 9821वी रैंक प्राप्त किया है। न्यूटन क्लासेस के प्रबंधन संजय कुमार सिंह ने सारे छात्र छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि सभी ने सफलता के लिए बहुत कड़ी मेहनत किया है और साथ ही साथ संस्थान का गौरव भी बढ़ाया है।

## खबर एक नजर में

### अनोखा पर्व बना 'मन की बात' : नमन भारतीय

**रांची।** इस अप्रैल माह अंतिम रविवार को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा मन की बात कार्यक्रम का ऐतिहासिक सफर अपने 100 वें पड़ाव पर पहुंच गया ।उसी कार्यक्रम के तहत 100 वा एपिसोड मैं आज रांची नगर निगम पार्क सेवा सदन मैं भाजपा अपर बाजार मंडल के द्वारा बूथ नंबर 142 पर मन की बात कार्यक्रम का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लोगों के बीच प्रसारित किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रोता गण उपस्थित हुए एवं प्रधानमंत्री जी की मन की बात को सुने ।कार्यक्रम का सयोंजक भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर कार्यसमिति सदस्य संजीव कुमार साहू जी के द्वारा की गई। भाजपा अपर बाजार मंडल रांची महानगर के मिडिया प्रभारी नमन भारतीय नें कहा की मन की बात जो बन गई देश की आवाज। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन आंदोलन बन गया है। मन की बात कोटि-कोटि भारतियों के मन की बात है। अपर बाजार मंडल के मिडिया प्रभारी नमन भारतीय ने यह जानकारी दी। बताया कि उपस्थित लोगो में अपर बाजार मंडल के अध्यक्ष विनोद महतो, कार्यसमिति सदस्य अशोक पुरोहित, मीडिया प्रभारी नमन भारतीय, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुमन पांडे, मंत्री गुड्डू वर्मा एवं सैकड़ों की संख्या में लोगों ने मन की बात सुनी।

### गोरखा स्पोर्ट्स एकेडमी में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**रांची।** गोरखा स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वावधान में गोरखा प्रीमियर लीग सर्किल नाईट क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। लीग में छह टीमों ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम का शुभारंभ गोरखा स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष रितेश कुमार थापा ने मुख्य अतिथि पूर्व सूबेदार मेजर (जैप-1) प्रभास क्षेत्री एवं भजन मंडली की मुख्य संचालक रोजी थापा, गोरखा संगठन के अध्यक्ष सागर क्षेत्री को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। विजेता टीम को विनर ट्राफी व 11000 नगद और रनर अप टीम को रनर ट्राफी व 7000 नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट में मुख्य रूप से गोरखा स्पोर्ट्स एकेडमी के फुटबॉल टीम,उज्ज्वल थापा,प्रकाश प्रधान,राहुल थापा,राजेश ठकुरी,राकेश क्षेत्री,राजीव क्षेत्री,मन कुमार तामंग, अभय कुमार, अंकित, भूपेश थापा का योगदान सराहनीय रहा।

### चटकपुर में चलाया गया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची एवं एडब्ल्यूपीएल के सौजन्य से स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चटकपुर में चलाया गया। इसमें लोगो को आयुर्वेदिक चिकित्सा के बारे जानकारी दी गयी। आजकल लोगों को एलोपैथ दवा की आदत होती जा रही है। लगातार इसके सेवन करने से किडनी में प्रॉब्लम आना शुरू हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी, एडब्ल्यूपीएल के डायमंड लीडर अभिनीत सेतु, डॉ नीलकमल, अमर किशोर, नीरज कुमार, पंकज कुमार, सुखदेव साव, बादल कुमार आदि का सहयोग रहा।

### बाबा विद्यापति स्मारक समिति ने मनाया जानकी महोत्सव

**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति की ओर से कचहरी चौक स्थित कार्यालय में जानकी महोत्सव मनाया गया। सबसे पहले बाबा विद्यापति को माल्यार्पण कर बाबा विद्यापति की आरती जय जय भैरवी असुर भयावनी गीत गाकर बाबा विद्यापति की पूजा अर्चना की गयी। इसके बाद दूसरे चरण में राम जानकी मन्दिर सर्जना चौक में मां जानकी की पूजा अर्चना की गयी और तीसरे चरण में 11 कुंवारी कन्या का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो काफी देर रात तक चला। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय सांसद संजय उपस्थित थे।

### प्लाजा सिनेमा चौक के पास खुला बर्गर कंपनी का रांची आउटलेट

**रांची।** ईस्ट जेल रोड स्थित प्लाजा सिनेमा चौक के पास बर्गर कंपनी के रांची आउटलेट का उद्घाटन स्थानीय सांसद संजय सेठ ने किया। इस मौके पर रांची विवि के पूर्व सीसीडीसी लाल गिरिजा शंकर नाथ शाहदेव, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल एवं योगेन्द्र प्रसाद समेत शहर के अन्य गण्यमाण्य लोग उपस्थित थे। बर्गर कम्पनी रांची के भागीदार राहुल कुमार, शशांक कुमार एवं विकास कुमार ने शुभारंभ के अवसर पर सभी लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### उपयाजक रोशन टोप्पो का हुआ पवित्र पुरोहिताभिषेक संस्कार

**रांची।** रांची के आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे ने रविवार को संत जॉन बर्कमन्स चर्च दिघिया मे उपयाजक रोशन टोप्पो का विधिवत पवित्र पुरोहिताभिषेक संस्कार संपन्न किया। इस अवसर पर उनके साथ बतौर सह अनुष्ठाता बिशप थियोडोर मसकरेन्हस एसएफएक्स साथ थे। बताते चलें कि नवाभिषिक पुरोहित रोशन टोप्पो दिघिया पल्ली के रोग्गो गांव के निवासी है इन्होंने वर्ष 2022 में रीजनल थियोलोगेट मैंगलोर से थियोलॉजी की पढाई पूरी की। फादर रोशन टोप्पो अब रांची महाधर्मप्रांत के लिए पुरोहित बनकर समाज व कलीसिया को अपनी समर्पित सेवा देंगे।

### श्री कृष्ण प्रणामी भंडारे में 1300 लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट संस्था के सदस्य व गुरुजी महाराज के शिष्य कैलाश मंजु देवी सिंघानिया और उनके परिवार के सौजन्य से रविवार को पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन राधा-कृष्ण मंदिर प्रांगण में 84 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन किया गया। यह भंडारा उनके अपने पुत्र पियूष सिंघानिया के सीए बनने की खुशी में किया गया। इस भंडारे में कैलाश सिंघानिया, पियूष सिंघानिया, मंजु देवी सिंघानिया एवं उनकी माता द्वारा वहां के जरूरतमंदों तथा श्रद्धालुओं को मिलाकर लगभग 1300 लोगों ने अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद में पूरी, आलू-टमाटर मिक्सड सब्जी, वेजिटेबल पुलाव केसरिया खीर ग्रहण किया।

### गौ परिक्रमा मंदिर में अन्नाधिवास कार्यक्रम संपन्न

**रांची।** गौ माता सेवा समिति के तत्वावधान में तथा रांची गौशाला न्यास के सानिध्य में सुकरहुटू कांके गौशाला मे नवनिर्मित गोपरिक्रमा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन प्रभु श्री गौ रक्षा, गौ कल्याण भक्तों की रक्षा एवं कल्याण के लिए स्थाई रूप से मंदिर के गर्भ गृह में अन्नाधिवास कार्यक्रम हुआ। अन्नाधिवास कार्यक्रम के मुख्य यजमान समिति के सचिव मुकेश कुमार पोद्दार सपत्नीक ममता पोद्दार के साथ पूरे विधि-विधान से अनुष्ठान के साथ श्री प्रभु को अन्न समर्पित कर स्नान कराया। इसके बाद प्रसाद का भोग लगाया गया और भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

### सऊदी अरब के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को शिया मुसलमानों ने सऊदी अरब के शासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। मुसलमानों का यह प्रदर्शन रांची चर्च रोड,अंसार नगर स्थित मस्जिद -ए-जाफरिया रांची में हुआ। इस प्रदर्शन में लोग सऊदी हुकूमत और आतंकवादी विरोधी तख्तियां लेकर शामिल हुए। मौजूद लोगों ने सऊदी अरब की हुकूमत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व अपना आक्रोश जताया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने मजार निर्माण करने की मांग की। रांची में ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब मौलाना सैयद तहजीब उल हसन रिजवी की अगुवाई में हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों ने जन्नतुल बकी का जल्द निर्माण कराए जाने की मांग भारत सरकार के द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ से ज्ञापन भेजकर की। मौलाना तहजीबुल हसन ने बताया कि सौ साल पहले सऊदी हुकूमत ने मदीना शहर में स्थित जन्नतुल बकी कब्रिस्तान के तमाम मजारों को तोड़ दिया था। इसमे हजरत फातिमा जहरा का भी मजार शामिल था। हर साल इस्लामी कैलेंडर के शव्वाल महीने की 8 तारीख को सऊदी हुकूमत की इस विध्वंसक करवाई के खिलाफ इंसाफ पसंद शिया मुसलमान सऊदी हुकूमत के खिलाफ प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराते हैं। साथ ही बीबी फातिमा जहरा के मजार का फिर से निर्माण कराने की मांग हम करते हैं।

### संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने की सरकार से मांग

रांची। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के संयोजक विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद एवं प्रवक्ता अरुण कुमार दास नें सरकार से मांग करते हुए कहा कि राज्य के शिक्षकों को गृह जिला अथवा अन्तर जिला स्थानांतरण की सुविधा पूर्व के स्थापित नियमों के आधार पर शिक्षा एवं शिक्षक हित में किया जाना चाहिए। वर्तमान शिक्षक स्थानान्तरण नियमावली 2022 में पूर्व की भांति शिक्षकों के पूरे सेवा काल में एक बार गृह जिला अथवा अन्तरजिला के साथ-साथ अंतर्राज्यीय स्थानांतरण की सुविधाएं को समाप्त कर दिया गया है, जिसके कारण अनेक शिक्षकों को विभिन्न असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

स्पीड न्यूज

## ओरमांझी पुलिस ने पकड़ा कोयला लदा टाटा सुमो

**ओरमांझी।** काला शीशे लगे लगजरी वाहनों में कोयला का काला धंधा चलता है। ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा कोयला भरा एक टाटा सुमो जेएच05 सी-8965 को पकड़ने के बाद इसका पदार्फाश हुआ है। बताया गया कि रांची रामगढ़ रोड में काफी समय से चारपहिया लगजरी वाहन से अवैध कोयाला का धंध चल रहा है। ऐसे धंधेबाज पुलिस की आंखों में धूल झोकने के लिए वाहन में काला शीशा लगा अवैध कोयला लाद कर विभिन्न ईंट भठे में पहुंचा रहे हैं। इसकी जानकारी मिलने पर ओरमांझी पुलिस ने ऐसे ही एक काला शीशे लगे टाटा सुमो को रोक कर जब तलासी ली तो वाहन में कोयला भरा मिला। पुलिस द्वारा कोयला लदे वाहन को जब्त कर लिया है। वहीं पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध कोयले के धंधेबाजों में हड़कंप मच गया है। ओरमांझी पुलिस ने कहा है कि ऐसे कोयला वाहनों पर कार्रवाई आगे भी की जाएगी।

## इटकी के रसूल नगर में हेल्थ वर्कशॉप

**इटकी।** राज हॉस्पिटल रांची और इटकी सेवा निकेतन ट्रस्ट हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को इटकी रसूल नगर स्थित हॉस्पिटल प्रांगण में हेल्थ वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में इटकी व आसपास के दर्जनों मेडिकल प्रैक्टिशनर व डॉक्टरों ने भाग लिया। वर्कशॉप में राज हॉस्पिटल के डॉ रवि वर्मा ने जटिल बीमारियों का कम खर्च में बेहतर इलाज व स्वस्थ से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही राज हॉस्पिटल में रोगियों को मिलने वाली बेहतर स्वास्थ सुविधा को लेकर चर्चा किया। वर्कशॉप में इटकी सेवा निकेतन ट्रस्ट हॉस्पिटल के डायरेक्टर मकसूद आलमए डॉ जाहिद अहमदए डॉ आरके उपाध्यायए डॉ कृष्णा प्रसादए डॉ सुशांत कुमार सोनूए सलीम अंसारी के अलावा सुभम कुमारए आरिफ इकरामए लीला कुमारीए सुरैया परवीनए जावेद अख्तरए आकिबए महमूद व शमसुल मौजूद थे।

## चान्हो: सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**चान्हो।** बिजूपाड़ा-खलारी मुख्य मार्ग पर स्थित सीटी मोड़ के निकट हुई सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोपाराम टूरीटोला निवासी बाइस वर्षीय संदीप मुंडा अकेले ही अपने स्कूटी से साड़म गांव मेहमानी गया था ए और वहीं से वापस अपने घर आ रहा था। इसी दौरान सिटी मोड़ के समीप एक खड़ी ट्रक को पिच्छे से टकर मार कर सड़क में गिर गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगो के द्वारा उसे ईलाज के लिए चान्हो सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार संदीप एक बच्चे के पिता संदीप है वह दूसरे राज्य में जा कर काम करता था। कुछ दिनों पूर्व वह अपने गांव वपास आया था। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया तत्पश्चात रविवार को गांव में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## प्रथम बिरसा मुंडा आर्चरी रैंकिंग टूर्नामेंट आज

**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में सोमवार को बिरसा मुंडा आर्चरी एकाडमी सिल्ली के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रथम बिरसा मुंडा आर्चरी रैंकिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। एकाडमी के कोच प्रकाश राम व शिशिर महतो ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा आर्चरी एकाडमी के सभी सात केंद्रों के तीरंदाज इसमें भाग लेंगे।

## चैत्र पर्व और फूलखूंदी धूमधाम से संपन्न

**सिल्ली।** सिल्ली के कांटाडीह गांव में रविवार को हर्षोल्लास के साथ शिव पूजा संपन्न हो गया। इसको लेकर गांव के शिव मंदिर परिसर में शनिवार रात को मेले का आयोजन किया गया। जहां लोग रात भर छौऊ नृत्य तथा मेले का आनंद लिया। वही सुबह फूलखुंदी ( दहकते अंगारों में चलना) का आयोजन किया गया।

# मन की बात: पीएम मोदी ने देशवासियों को किया प्रेरित

## मन की बात सुनने में महिलाएं भी पीछे नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात की 100वें एपिसोड को सुनने के लिए क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखा गया। कहीं टीवी पर तो कहं रोडियो पर सुना गया। वहीं इस बार महिलाएं भी काफी संख्या में महिलाओं ने भी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेष राम के नेतृत्व प्रधानमंत्री की प्रेरणादायी मन को सुना। कमलेश राम ने कहा प्रधानमंत्री जन-मन में बसे संवादप्रिय सर्वमान्य जननेता हैं। प्रधानमंत्री ने मन की बात में झारखंड के चंदनकियारी का चयन तथा गुमला जिले के नवरत्न गढ़ किले के बारे में जिक्र झारखंड के लोगों का गर्वान्वित किया है। नरेंद्र मोदी भारत के इतिहास के इकलौते ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो जनता से सीधे संवाद कर जनभावनाओं की अनुभूति करते हैं। उसी अनुभूति से जनहित में नीति बनाते हैं। उन्होने कहा जनसंवाद की दुनिया में यह कार्यक्रम, एक मील का पत्थर बन चुकी है। मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री ने देशवासियों को अनेक विषयों पर न केवल जागरूक किया है, बल्कि उन्हें प्रेरित भी किया है। स्वच्छ भारत निर्माण हो या कोविड योद्धाओं को प्रोत्साहित करना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की प्रेरणा देने के साथ मेक इन इंडिया और जल संरक्षण का विषय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक विषयों को छोड़ कर सार्वजनिक जीवन से जुड़े लगभग हर पहलू पर अपनी बात बड़े प्रभावी तरीके से रखी है। कार्यक्रम में मेसरा मंडल महिला मोर्चा की अध्यक्ष सन्नो भारती, शिवलाल महतो, राजा महतो, लीलावती कुमारी, रानी देवी, विशाल सिंह, सुशीला देवी, बबीता देवी, सुमित्रा देवी, रीता देवी, मारथा देवी, रेखा देवी, नीतू देवी, हेमा देवी, अनिता देवी, तारा देवी, गुड़िया देवी, संजू देवी, फुलमनी देवी सुनीता देवी सहित सैकड़ों महिला उपस्थित थे।



प्रधानमंत्री की मान की बात सुनते महिलाओं के साथ कमलेश राम।

### नगड़ी में सुनी पीएम के मन की बात

**पिस्कानगड़ी।** भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले रविवार को नगड़ी के बूथ नंबर-140 में स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में रेडियो से प्रकाशित मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया मौके पर नगड़ी के नगड़ी मंडल भाजपा के वरीय नेताओं सहित नगड़ी के ग्रामीण एमातृशक्ति माताओं और बहनों और दर्जनों भाजपा कार्यकताओं ने शांत मन से मन की बात कार्यक्रम का श्रावण किया। इसमें भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशि भुषण भगत एजन जाति मोर्चा कला संस्कृति विभाग के प्रभारी बिरसा मिंज एमंडल अध्यक्ष राकेश केसरीएरांची जिला ग्रामीण युवा मोर्चा कार्यसमिति सदस्य मनीष कुमार केसरी आदि शामिल हुए।

## मोदी मन की बात सुनने भाजपा कार्यकर्ता उमड़े

**अनगड़ा।** प्रधान मंत्री के मन की बात के 100वें एपिसोड के मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य जैलेन्द्र कुमार के नेतृत्व में 100 पुराने जनसंघीयों व भाजपा कार्यकताओं के साथ जशपुरिया बीएड सभागार में प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी गयी। मन की बात सुनने के लिए सभागार में सिल्ली राहे सोनाहातू अनगड़ा ओरमांझी सिकिदिरी गेतलसूद समेत नामकुम इलाके के जनसंघ से जुड़े कार्यकर्ता व समाज सेवी शामिल हुए। इस मौके पर भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार ने 100 जनसंघ के कार्यकर्ता वृद्ध महिला एवं पूरुष को अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित भी किया। मन की बात सुनने वालों में भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा उमेश बड़ाईक कामेश्वर महतो शंकर बैठा उत्तम कुमार दास लक्ष्मण सैनीए गुड्डू सिंह सीताराम मुंडा ब्रजकिशोर प्रसाद विश्वनाथ महतो जवाहर महतो प्रो ललित महतो हरिहर महतो रामबृक्ष महतो लक्ष्मण साहू सिकंदर महतो बालक महतो गंधिया कारमाली सलुवा करमाली शामिल थे।

## बेड़ो में सांसद सुदर्शन भगत ने ग्रामीणों के साथ बैठ सुनी पीएम की मन की बात



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्तमान आधुनिक युग की भागदौड़ में गांव एवं शहर अपनी संस्कृति एवं छोट-छोटे प्रयास से किस प्रकार अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। इससे लेकर लोगों को जागरूक करने का एक बहुत ही बड़ी माध्यम बनाया है। यह बातें सांसद सुदर्शन भगत ने रविवार को बेड़ो प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय बालक के परिसर में प्रधानमंत्री के मन की बात का 100वें दिन पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का प्रतिफल है कि पूरे भारत में चयनित 13 स्थानों पर झारखंड राज्य के गुमला जिला के नागवंशी राजाओं की राजधानी व विरासत नवरत्न गढ़ किला का जीर्णोद्धार किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को इसे देखा। सांसद ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से प्रधानमंत्री ने सुदूर गांवों में रहनेवाले भारतीयों से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, तकनीकी, पुरातात्विक विरासतों, सिंचाई, स्वच्छता, रोजगार, सड़क व विभिन्न विकासशील योजनाओं की जानकारी लिया। साथ ही इसे मूर्त रूप प्रदान करने में प्रमुखता से स्थान दिया। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत, जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, राजीव रंजन अधिकारी, धनंजय कुमार रॉय, लाल सत्य प्रकाश नाथ शाहदेव, मोती प्रसाद गुप्ता, तुलसी साहु, गणेश महथा, रंजन गुप्ता आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

# मां पार्वती अस्पताल में सम्मान समारोह

## पारंपरिक एकता की दिखी झलक, 60 गांव के प्रतिनिधि शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** आस्था एवं शौर्य का त्योहार रामनवमी व प्रकृति पर्व सरहुल के सौहार्दपूर्ण समापन को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सिमलिया स्थित मां पार्वती सुपर स्पेशलिटी अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक एकता की झलक देखने को मिली। समाज में शांति और समृद्धि के लिये सभी धर्मों का आदर करने पर विशेष जोर दिया गया। संयोजन डॉ राकेश कुमार विद्रोहीए मृत्युंजय शर्मा व ब्रजेश शर्मा ने किया। समारोह की शुरूआत बजरंग बली की प्रतिमा की पूजा-अर्चना व दीप प्रज्जवलित कर की गयी। कार्यक्रम में साठ गांव के करीब दो सौ प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। उन्हें अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट की गयी। संचालन ब्रजेश शर्मा ने किया।

### इन्होंने लिया हिस्सा



भाजपा के प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू व थानेदार सपन महथा समेत मिथिलेश दुबे, वीरू दयाल, संजय साहू, अजय तिवारी, शैलेश शर्मा, सुनील मिश्रा, सुबोध साहू, मोनू वर्मा, प्रेम ठाकुर, चंद्रदेव महतो, विनोद उरांव, अनीता देवी, जितनी देवी, कामेश्वर ओझा, सत्येंद्र नारायण शर्मा, अभिषेक मिश्रा, अमर झा, शशिकांत सिंह, विनय कुमार राय, मुनेश कुमार व नेहा सिंह आदि।

## ग्रामसभा की चयनित योजनाओं में अड़चन नहीं डालें : मुखिया संघ

### संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**सिल्ली।** प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को प्रखंड मुखिया संध की बैठक प्रखंड अध्यक्ष सोमरा मांझी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संघ की मजबूती पर चर्चा हुई। उसके बादबैठक में शामिल प्रखंड के सभी मुखिया ने विकास कार्य योजना में अधिकारियों एवं प्रखंड कर्मियों के गलत निति पर तीव्र निंदा करते हुए सर्व सम्मति से निर्णय लिया की ग्राम सभा में चयनित योजनाओं को पंचायती राज अधिनियम के अनुसार हो रहे कार्यों में प्रशासनिक स्तर पर रुकावट नहीं होनी चाहिए। वहीं अंचलाधिकारी के पदस्थापन नहीं होने पर भूमि की समस्या ससमय निष्पादन नहीं होने से पंचायत में कानून व्यवस्था खराब हो रही है। इस पर संघ ने चिंता जाहिर की। बैठक के उपरांत 7 सूत्री मांगों से संबधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा गया। जिसमें प्रखंड में स्वीकृत किए गए वेंडरों को मुखिया संघ से भी अनुमोदन लेने तथा संघ के एक तिहाई सदस्यों का हस्ताक्षर कर स्वीकृत करने, 15 वें वित्त आयोग एवं मनरेगा का अभिलेख किसी गैर अधिकारी के पास पृष्ठ की समीक्षा के लिए नहीं भेजा जाये।

## एक नजर में

### लेबर यूनियन ने निकाला बाइक जुलूस



**रातू।** विश्व मजदूर दिवस को लेकर कामगारों में विशेष उत्साह है। प्रखंड के विभिन्न भागों में सोमवार को कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। पूर्व संध्या पर चारे भगत की अगुआई में बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन लेबर यूनियन ने महावीर कॉम्प्लेक्स से काठीटांड़ चौक तक मोटर साइकिल जुलूस निकाला। इसमें सैकड़ों मजदूरों ने हिस्सा लिया। मजदूरहित में लगाये गये नारे से माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम में शेख शहदुल, महावीर महतो, अमृत साहू, हजरत अंसारी, अनवर खान, फिरदोश अंसारी, शिवपूजन साहू, विनोद साहू, रमेश बेक, मोबारक अंसारी, भुलन महतो, तवरेज आलम, सिद्दीक अंसारी, लक्ष्मण सांडिल, इलियास अंसारी, गोविंद उरांव, मोबिन अंसारी, आशिक अंसारी आदि शामिल थे।

### पारा शिक्षक के निधन पर दी आर्थिक मदद

**सोनाहातू।** प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय दानाडीह के सहायक शिक्षक (पारा शिक्षक) 53 बर्षीय गुणाधर सोनार का शनिवार को ह्दय गति रुकने से निधन हो गया। वे कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर सहायक शिक्षक संघ सोनाहातू ईकाई के सदस्यों ने गहरा दुख प्रकट करते हुए शोक व्यक्त किया है। इसके साथ ही उनका पैतृक गांव दानाडीह जाकर उनके परिजनों को सांत्वना देते हुए तत्काल सहायता के तौर पर 35 सौ रुपये दिये।मौके पर संघ के अध्यक्ष पुरन महलीए सचिव अनिल कुमार महतोए राजकुमार महतोए गंगाधर महलीए तारकेशवर महतोए हेमसागर महतोए रविंद्र कुमारए बानेशवर सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

### स्कूली बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता



**सिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिल्ली खंड की ओर से रविवार को राधिका मैदान परिसर में स्कूली बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के बच्चों के बीच कई प्रतियोगिता कराई गई। इस दौरान बच्चों में राष्ट्रप्रेम एवं संगठन में शक्ति है ऐसी भावना भरने के उद्देश्य से कई खेल कराए गए। खेल में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों को प्रोत्साहन के लिए पुरस्कार भी दिए गए। जिला कार्यवाह डॉ सुनील कुमार महतो ने बाल स्वयंसेवकों के बीच पुरस्कारों का वितरण किया। राधिका मैदान परिसर में संघ के स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान कई फलदार व छायादार वृक्ष भी लगाए। जिला कार्यवाह डॉ सुनील कुमार महतो ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं में स्वयंसेवकों के चरित्र निर्माण पर विशेष बल दिया जाता है। संघ की ओर से स्वायमेवकों में देश प्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से कई प्रकार के कार्यक्रम नियमित आयोजित किए जाते है। इससे पूर्व संघ के अधिकारी ने सिल्ली एवम मुरी में स्वयंसेवकों के साथ बैठक किया। इस मौके पर खंड कार्यवाह विष्णु गिरि, व्यवस्था प्रमुख रत्नेश प्रसाद, चंदन लोहार, महेश विश्वकर्मा, कौशिक सरकार आदि मौजूद थे।

### स्कूली बच्चों ने ली पद-गोपनीयता की शपथ

**मांडर।** ऑक्लब्रिज स्कूल मांडर में शानिवार को शपथ ग्रहण समारोह का अयोजन किया गया। स्कूल के सह संयोजक जितेन्द्र सिंह ने छात्र छात्राओं को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस समारोह में हेड बॉयए हेड गर्ल, वाइस हेड बॉय एवं गर्ल, कप्तान व उपकप्तान सहित प्रीफेक्टस ने शपथ ली। इस अवसर पर स्कूल के निदेशकए प्राचार्या शिक्षकरण तथा छात्रवृंद उपस्थित थे। विद्यालय के सत्र 2023-24 के इस शपथ ग्रहण समारोह में विश्वजीत टोप्पो, हेड बॉय एवं मुकपेरा तंजील . हेड गर्ल वही छवि एक्का वाइस हेड बॉय एवं अंशिका गोयल ने वाइस हेड गर्ल के रूप में शपथ ग्रहण किया। वहीं एशिया हाउस के कप्तान हिमांशु साहू, उप कप्तान आर्पती कुमारी, नाइल हाउस के कप्तान, नुमान अंसारी, उप कप्तान मेघा तिर्की, पैसेफिक हाउस के कप्तान शुभम राज, उप कप्तान आरती कुमारी तथा एवरेस्ट हाउस के कप्तान हिमांशु कुमार, उप कप्तान अदिति चौरसिया ने भी पद एवं कर्तव्य की शपथ ली। साथ ही वॉयन प्रिफिक्टस अयाज अली, सक्षम गुप्ता, अर्पित कुमार, अभिजीत साहू के साथ-साथ गर्ल्स प्रिफेक्स सवा परवीनए शैली कुमारी, एशले मिंज तथा सुनिधि कुमारी ने भी शपथ ग्रहण किया। स्कूल के निदेशक मि तौफीक आलम ने कहा कि जीवन में पद का नहीं कार्य का महत्व होता है। हमें अपने कार्य के प्रति समर्पित होकर अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों में नेतृत्व की क्षमता बढ़ने के साथ अनुशासन की सजगता मी बढ़ती है।

## चान्हो: लेपसर गांव में झूलन के साथ मंडा पूजा संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत तरंगा पंचायत के लेपसर में आयोजित दो दिवसीय मंडा पूजा सह मेला रविवार को झूलन के साथ संपन्न हो गया। शिव मंडा पूजा समिति लेपसर द्वारा आयोजित दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम सह मेला शनिवार शाम को फुलखुंदी के साथ शुरू हुआ थाए फुलखुंदी में लेपसर के साथ ही आसपास के गांव के करीब 500 भोक्ताओं ने भाग लिया और दहकते हुए अंगारों के बीच नंगे पांव चलकर अपनी शिव भक्ति का परिचय दिया। रविवार को भोक्ताओं को झूलन में झुलाया गया। भोक्ताओं ने मंडा खूंटा में झूलकर श्रद्धालुओं पर फूल बरसाएएजिसे लेने के लिए लोगो को होड़ मची थी।शनिवार को आयोजन समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। मौके पर उपस्थित पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने मंडा पूजा के महत्व को लेकर प्रकाश डालाए साथ ही युवाओं से दुर्घटना से बचने की अपील की। कहा कि जीवन अनमोल हैए इसलिए पूरी सावधानी से बाइक चलाएं। बिना हेलमेट बाइक में कभी नही निकले।

## मन की बात: सताकी में काटा गया केक

खबर मन्त्र संवाददाता



**राहे।** विजयादशमी के दिन 2014 शुरू किया गया मन की बात का ऐतिहासिक सफर अपने 100वें पड़ाव पर पहुंच गया। यह शतक सबूत है मोदीजी और देश की जनता के बीच मजबूत जुड़ाव और लगाव का उक्त बातें भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने अपने आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण पर आयोजित कार्यक्रम में कही। यह कार्यक्रम अब जन आंदोलन बन गया है। लोगों के विचारों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला रहा है। प्रधानमंत्री जी मन की बात कार्यक्रम में देश की नारी शक्ति की सैकड़ों प्रेरणादायी गाथाओं का जिक्र किए। प्रधानमंत्री ने चर्चा किए कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरूआत मैंने हरियाणा से की थी।जो जल्द ही वैश्विक हो गया। मन की बात के दौरान किए गए चर्चा के ऐसे कई उदाहरण हैं जो लोगों को बहुत प्रभावित किया। उनका यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने की व्यवस्था भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज के आवास पर किया गया था।

## हफुआ में आस्था का पर्व मंडा पूजा संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिपरवार।** शनिवार की रात्रि को ग्राम हफुआ में आस्था पर्व मंडा पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुवा। मंडा पूजा का अनुष्ठान गांव के भूमिहार,पहान और पठभक्तियां के द्वारा किया गया। फुलखुन्दी का आयोजन किया गया जिसमें सभी भक्तों का और सोकताइन लहलहातेते आग में नंगे पांव चलकर आस्था का परिचय दिये। इसके बाद रात्रि 11:00 बजे से नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम पंचायत किचटो मुखिया श्रीमती संगीता देवी और पंचायत के सभी प्रतिनिधियों के सयुंक्त रूप से किया। इधर उद्घाटन के बाद नागपुरी आर्केस्ट्रा का प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें रांची से आए अलाशा म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी कलाकारों ने सभी दर्शकों को रातभर अपनी सुरीली आवाज से मनोरंजन किया। विनोद डांसर ग्रुप और संगम दिव्या की जोड़ी सहित सभी नृत्यगना ने भी लोगों को खूब रात भर झूमाते रहे। इस कार्यक्रम में कीचटो पंचायत के उपमुखिया ललिता देवी, पंचायत समिति सदस्य सुनिता देवी, प्रखंड सचिव आजसू पार्टी मोहन महतो, समाजसेवी अगंद महतो, अरुण साव, भोला ठाकुर, कृतन महतो,कृष्णा महतो, अध्यक्ष मानिलाल महतो, सचिव राजेश महतो, कोषाध्यक्ष रुपलाल महतो, उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, सरंक्षक देवनाथ महतो, रामप्रसाद महतो, गणेश महतो, जीतेन्द्र महतो, मुकेश महतो सहित आदि गणमान्य उपस्थित थे।

## पिपरवार के हर बूथ पर सुनी गयी पीएम के मन की बात

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पिपरवार मंडल के 6 पंचायतों के हर बूथों पर भाजपा के कार्यकताओं बुद्धिजीवी समाजसेवी अन्य वर्ग के लोगों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100 वें संस्करण को सुना। सभी शक्ति केंद्र के हर एक बूथ जिसमें बचरा उत्तरी, रोहित गुप्ता , बचरा दक्षिणी रीना देवी, बहेरा महेश विश्वकर्मा, किचटो राजेश महतो, बेंती धनराज भोगता एवं जगदीश भोगता के नेतृत्व में कार्यकताओं ने मोदी जी की मन की बात को टेलीविजन,लैपटॉप, रेडियो इत्यादि के माध्यम से सुना और उनकी बातों का अनुसरण किया। शक्ति केंद्र 413, 419, 407, 409, 103, 95, 97 इत्यादि बूथों में मोदी जी की मन की सभी एपिसोड कार्यक्रम को सुनने के लिए सैकड़ों का संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। वही मोदी जी ने झारखंड उड़ीसा उत्तराखंड आदि जगहों के बारे में चर्चा किया और उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से किया गया प्रयास से बड़ा बदलाव किया जा सकता है।मौके पर पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, भाजपा नेता धनराज भोगता,ओबीसी मोर्चा राजेश महतो, जगदीश भोगता, आदित्य केशरी मौजूद थे।

# ठाकुरगांव: राधा-कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

## साईं मंदिर का 8वां वार्षिकोत्सव मना

खबर मन्त्र संवाददाता



**ठाकुरगांव।** साईं मंदिर के 8वां वार्षिक महोत्सव व नवनिर्मित राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरूआत रविवार को कलश यात्रा के साथ की गई। साईं मंदिर में काकड़ आरती के उपरांत श्री साईं बाबा का विशेष पूजा.अर्चनाए रुद्राभिषेकए हवन व महाआरती के उपरांत प्रसाद वितरण व महाभण्डार का आयोजन भी किया गया। यजमान के रूप में दर्शा शिवम व पंडित अजय मिश्रा सपत्नीक शामिल हुए। सभी धार्मिक अनुष्ठान पंडित विनोद पाठक के द्वारा संपन्न कराई गई। वहीं दूसरी और नवनिर्मित मंदिर के कलश यात्रा में 951 कुंवारी कन्याओं व महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर स्थानीय जलाशय से जल लेकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुआ इस दौरान संपूर्ण क्षेत्र राधे.राधे की नारो से भक्तिमय हो गया। अनुष्ठान में बतौर यजमान समीर तिवारी सपत्नीक शामिल हुए। सभी धार्मिक अनुष्ठान जगतगुरु आचार्य दीनदयाल जी महाराज के दिशा.निर्देश पर आचार्य पवन जी महाराज व आचार्य जीवन पांडेय के सानिध्य में संपन्न कराया जा रहा है। मौके पर मंदिर निमार्ता लक्ष्मी नारायण तिवारीए शिवकुमार तिवारीए गोपाल तिवारी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रामटहल चौधरीए भाजपा नेता बिंदुभूषण दुबे भी शामिल हुए।

### कार्यक्रम में इन्होंने निभाई भूमिका

कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपाल भगतए बैद्यनाथ ठाकुर, पवन ताम्रकार, जयकुमार कुशवाहा, मनोज महतो, निरंजन यादव, गिरधारी गोप, दिनेश साहू, कमल मोदी, रणथेश्वर गिरी, शाहनंद यादव समेत अन्य लोगो की सराहनीय भूमिका रही।

# विदेश में शिक्षा


आस्ट्रेलिया के पांच विश्वविद्यालयों ने वीजा नियमों में हेरफेर करके पढ़ाई के बजाय वहां बसने के मकसद से प्रवेश करने वाले भारतीय छात्रों पर लगाम कसनी शुरू कर दी है। विडंबना यह है कि आस्ट्रेलिया के पांच विश्वविद्यालयों ने भारत के जिन प्रदेशों के छात्रों पर रोक लगाई है, उनमें मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा, गुजरात, यूपी व बिहार के आवेदक हैं। निश्चित रूप से यह कार्रवाई इन राज्यों की प्रतिष्ठा पर आंच आने जैसी है क्योंकि भविष्य में इन राज्यों के योग्य छात्र-छात्राओं को भी इस सुविधा से वंचित होना पड़ सकता है। निस्संदेह, छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा पाने की संभावनाओं का पूरी तरह से अवलोकन करना चाहिए। वे सर्वोत्तम नौकरियों के लिये खुद को तैयार करने के तमाम उपायों पर विचार भी करें। यदि कोई विश्वविद्यालय इस दृष्टि से कसौटी पर खरा उतरता है तभी फीस का भुगतान करना चाहिए। वीजा हासिल करते वक्त भी ध्यान रखना चाहिए कि ऐसे विश्वविद्यालय सभी नियमों का पालन करते भी हैं या नहीं। साथ ही यह भी बताना चाहिए कि विश्वविद्यालयों या कॉलेजों के लिए आवेदन हेतु फॉर्म भरते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें। इसके लिये सिर्फ एजेंटों पर निर्भर रहना घातक साबित हो सकता है। बड़ी संख्या में ऐसे फर्जी एजेंट सक्रिय होते हैं, जिनका मकसद केवल छात्रों को उलटे उस्तरे से मूंड कर अपना मुनाफा कमाना ही होता है। जिनके चंगुल में फंसे छात्र कालांतर बड़ी मुश्किलों में फंस जाते हैं। हाल में कुछ ऐसी ही दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं कनाडा और अमेरिका में सामने आई हैं जहां घोटाले के उजागर होने के बाद सैकड़ों छात्रों को निर्वासन का सामना करना पड़ा है। बेहतर है भारत में अच्छे विश्वविद्यालयों की स्थापना हो।

# पूरब में शांति

असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच एक लम्बी अवधि से चले आ रहे अंतर्राज्यीय सीमा विवाद को समाप्त कर लिया गया है। 20 अप्रैल को दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक समझौते मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए। निःसंदेह, लगभग पांच दशक पुराने इस विवाद का समाधान होना वास्तव में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। राजग सरकार ने पूर्वोत्तर में शान्ति की स्थापना और हिंसा खत्म करने के लिए एनएलएफटी, कार्बी आंगलोग और आदिवासी गुटों के साथ समझौता करवाकर विवादों को समाप्त किया है। असम और अरुणाचल राज्य लगभग 804 किलोमीटर से ज्यादा लम्बी सीमा को साझा करते हैं। 15 जुलाई, 2022 को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने नामसाई घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करके इस बात का संकल्प लिया था कि वे दोनों सीमा विवाद का हल निकालेंगे। इसी कारण जुलाई, 2022 से ही दोनों प्रदेशों के मध्य इस मसले पर वार्ता चल रही थी। अब दोनों राज्यों ने 123 गांवों के इस विवाद को समाप्त करने का निर्णय लिया है। 71 विवादित गांवों में से 60 गांव अरुणाचल प्रदेश को मिले और 11 गांव असम प्रान्त को प्राप्त हुए। इस संबंध में अरुणाचल प्रदेश लगातार यह कहता रहा है कि मैदानी हिस्सों में स्थित कई वन क्षेत्र पारम्परिक रूप से पहाड़ी क्षेत्र के आदिवासी प्रमुखों और समुदायों के हुआ करते थे और उन्हें एकतरफा फैसले में असम राज्य को दे दिया गया था। अरुणाचल प्रदेश को 1972 में केन्द्रशासित प्रदेश घोषित किया गया था। पूर्वी भारत में शांति से विकास को भी गति मिलेगी और राज्यों में भी समृद्धि आएगी।

# वामदलों का राष्ट्रीय दर्जा छीनने के कई कारण हैं





**-राकेश सैन**

> कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। अर्थात :- तेरा कर्म में ही अधिकार है ज्ञाननिष्ठा में नहीं। वहाँ कर्म करते हुए तेरा फल में कभी अधिकार न हो अर्थात तुझे किसी भी अवस्था में कर्म फल की इच्छा नहीं होनी चाहिये। यदि कर्मफल में तेरी तृष्णा होगी तो तू कर्मफल प्राप्ति का कारण होगा। परन्तु कामरेड डांगे ने अपनी पुस्तक में इसका अर्थ यह किया है कि- तुम काम करो पर मजदूरी मत मांगो।

**कम्युनिस्टों** का आर्थिक, सामाजिक, आस्था से जुड़ा चिन्तन क्यों अपनी धार खोता जा रहा है? बौद्धिक विमर्श में क्यों वामपन्थियों की उपस्थिति नगण्य हो गई? मजदूर, गरीब, दलित, आदिवासी पिछड़ों की पार्टी आज देश की राजनीति में पिछलग्गू क्यों हो गयी है?

कथित रुप से मजदूरों की पार्टी का चुनाव आयोग की नई घोषणा अनुसार, वामपंथी दलों से राष्ट्रीय दर्जा छिन गया है और वे क्षेत्रीय पार्टी बन गए। किसी समय बंगाल, त्रिपुरा व केरल में एकछत्र शासक, पंजाब जैसे कई राज्यों में प्रभावशाली दल रहे वामपंथी आज केवल केरल तक सिमट कर रह गए और राष्ट्रीय स्तर पर इनका मत प्रतिशत इतना भी नहीं बचा कि इनका राष्ट्रीय दर्जा बरकरार रख सके। अब इस घटना पर एक चुटकुला भी चल निकला है कि, एक समाचारपत्र में चूकवश वामपंथियों के अवमूल्यन का उक्त समाचार दो पृष्ठों पर प्रकाशित हो गया। अगले दिन संपादक ने उपसंपादक से इसका स्पष्टीकरण मांगा तो उसने कहा कि कामरेडों के पतन से देश की जनता इतनी खुश है कि मैं भी अपनी प्रसन्नता रोक नहीं पाया और चाव-चाव में दो स्थानों पर यह समाचार छप गया। इस पर संपादक महोदय भी मुस्कुराए बिना नहीं रह पाए।

यह अब वामपंथियों के लिए गंभीर प्रश्न है कि आखिर पूरी दुनिया के मजदूरों को एक होने की बात करने वाली उनकी विचारधारा लुप्तप्रायः क्यों हो रही है? 1925 में भारत में आई इस विदेशी विचारधारा से आखिर क्या चूक हुई कि सत्ता संस्थानों से लेकर संचार माध्यमों व बौद्धिक क्षेत्र तक में फौलादी पकड़ होने और बुलेट से लेकर बैलेट तक सभी साधन अपनाने के बावजूद भी यह सौ साल से पहले ही शव शैया पर पहुंच गई? आज क्यों मार्क्सवाद युवाओं को आकर्षित नहीं कर पा रहा? कम्युनिस्टों का आर्थिक, सामाजिक, आस्था से जुड़ा चिन्तन क्यों अपनी धार खोता जा रहा है? बौद्धिक विमर्श में क्यों वामपन्थियों की उपस्थिति नगण्य हो गई? राष्ट्र के रूप में भारत व भारतीयों को जब-जब इनकी जरूरत पड़ी, ये विरोध में खड़े नजर आए। बात देश के स्वतन्त्रता संग्राम की हो या देश पर विदेशी हमलों, आतंकवाद की या फिर राष्ट्र उत्थान की, वामपन्थियों ने वह सब कुछ किया जो किसी जिम्मेवार दल को नहीं करना चाहिए था।

वास्तव में जो विचारधारा किसी राष्ट्र की मूल चेतना से ही द्वेष रखती हो तो वह कुछ समय के लिए छिटपुट सफलता तो चाहे हासिल कर ले परन्तु वो दीर्घ अवधि तक अपना अस्तित्व नहीं बचा कर रख सकती। अब इस विषय पर वामपंथियों की बानगी देखिए, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक कामरेड श्रीपाद् अमृत डांगे ने फ्रॉम प्रिमिटिव क यूनिज्म टू सैलेवरी पुस्तक लिखी जिसमें वेदों से लेकर महाभारत तक की व्याख्या की गई। महाभारत में भीष्म द्वारा आदर्श समाज की स्थिति का वर्णन यूं किया गया है-न वै राज्य न च राजासीत न दण्डो न च दण्डिकाः

धमेर्णैव हि प्रजाः सर्वाः रक्षन्ति सम परस्पर। जिसका अर्थ है कि - न राजा था, न प्रजा, न दण्ड था न ही दण्ड देने वाले, धर्म से बन्धी प्रजा एक-दूसरे की रक्षा करती थी। परन्तु अपनी पुस्तक में कामरेड डांगे ने इसका अर्थ निकालते हुए कहा है कि पूर्व वैदिक काल में राज्य नहीं था। उन्होंने वेदों में आए गण शब्द का अर्थ कबीलों से निकालते हुए महाभारत के युद्ध को कबीलाशाही व उसके बाद की आने वाली राजाशाही व्यवस्था लाने वाले लोगों के बीच लड़ाई बताया है। डांगे के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण राजाशाही लाने वाले लोगों के नेता थे। गीता का सन्देश-

**कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन ।**

अर्थात :- तेरा कर्म में ही अधिकार है ज्ञाननिष्ठा में नहीं। वहाँ कर्म करते हुए तेरा फल में कभी अधिकार न हो अर्थात तुझे किसी भी अवस्था में कर्म फल की इच्छा नहीं होनी चाहिये। यदि कर्मफल में तेरी तृष्णा होगी तो तू कर्मफल प्राप्ति का कारण होगा। परन्तु कामरेड डांगे ने अपनी पुस्तक में इसका अर्थ यह किया है कि- तुम काम करो पर मजदूरी मत मांगो।

इस पुस्तक का अध्ययन करने वाले एक प्रकाण्ड पण्डित बालशास्त्री हरदास ने जब कामरेड डांगे से पूछा कि ह्यआपने वेदों में वर्णित गण शब्द का अर्थ कबीले के रूप में किया है जबकि वेदों में तो इसका अर्थ गणराज्य से है, तो डांगे ने जवाब दिया कि जो मुझे पता है मैं चिल्ला कर कहता हूं, जो तुम्हें पता है तुम चिल्ला कर कहो, जिसकी आवाज ऊंची होगी, लोग उसी को सत्य मान लेंगे। वामपंथी लोग भारत में आज तक यही कुछ तो करते आ रहे थे। पण्डित जवाहर लाल नेहरू का झुकाव रूस की तरफ था और उनकी बेटी इन्दिरा गान्धी को सत्ता संचालन के लिए कामरेडों की जरूरत थी। राजाश्रय पाकर कामरेडों ने शिक्षा, संचार व बौद्धिक संस्थानों पर कब्जा कर लिया। वे अपनी विचारधारा को सरकारी सहयोग से ऊंची-ऊंची बांचने लगे, इनका साथ दिया इनके ही समर्थक इकोसिस्टम ने। वे जो इतने शोर-शराबे के बावजूद भी वामपंथ का विरोध करते रहे, उनकी आवाज बन्द करने का काम किया नक्सली व माओवादी कैडर ने जिसे ये आज भी गांधी विद गन की उपाधि से विभूषित करते हैं।

कौन नहीं जानता कि अंग्रेजों के समय वामपन्थी नेता भारतीय क्रान्तिकारियों को अपमानित करते रहे और रूस-चीन के दृष्टिकोण को देख कर कभी अंग्रेजों के साथ खड़े हुए तो कभी अंग्रेजों के खिलाफ। भारत पर चीन के हमले को उचित साबित करने व हमलावर चीन के लिए धन संग्रह करने का काम इन्हीं वामपन्थियों ने किया।

बात जिहादी आतंकवाद की हो या इस्लामिक कट्टरता की या श्रीराम मन्दिर की, वामपन्थियों ने देश के बहुसंख्यकों से द्वेषभावना का ही परिचय दिया। आज देश में परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं, वामपंथ को पालने वाली सत्ता की भैंस मर गई तो अब पिस्सू-चीचड़ भी झड़ने लगे हैं। वामपन्थियों ने अपना व्यवहार नहीं बदला तो वह दिन दूर नहीं जब दादी-नानी अपने नाती-पोतों को कहानियों में बताया करेंगी कि एक था वामपन्थ ...।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## खास बात
# मन की बात

**अनुराग सिंह ठाकुर**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी सार्वभौमिक रूप से असाधारण प्रतिभा के धनी वक्ता हैं। जनता के साथ तत्काल संवाद स्थापित करने की उनकी शैली अनूठी है। वो जिस लगन के साथ बोलते हैं और जिस निष्ठा के लिए जाने जाते हैं, वह पिछले आठ वर्षों में विश्वास-आधारित संवाद 'मन की बात' से और प्रगाढ़ हुआ है। उनके समावेशी दृष्टिकोण को देश के सभी भागों में अभूतपूर्व स्वीकृति मिली है। यह प्रधानमंत्री मोदी के विकास का लोक केंद्रित मॉडल ही है, जिसने उन्हें आम लोगों का प्रिय बना दिया है। 'मन की बात' कार्यक्रम को अक्टूबर 2014 में लॉन्च किया गया था। वर्षों से यह महीने के अंतिम रविवार के लिए नियत किया गया है। यह एक रेडियो वार्ता के रूप में शुरू हुआ था; लेकिन अब इसे एक साथ विभिन्न प्लेटफार्मों पर कई भाषाओं में प्रसारित किया जाता है।

'मन की बात' में उनके दो व्यक्तित्व के दो चेहरे उभरते हैं। एक-मजबूत, शक्तिशाली और उद्देश्यपूर्ण प्रधानमंत्री। दूसरा नम्र, दयालु और नेक पिता तुल्य अभिभावक। यदि आप आंख बंद करके 'मन की बात' सुनें, तो आप सोचेंगे कि मोदी जी गांव की चौपाल पर बैठे हैं। लोगों से बातचीत कर रहे हैं। उनकी बातें सुन रहे हैं। उनसे साथ संवाद कर रहे हैं। जहां जरूरत हो वहां ज्ञान भरी सलाह दे रहे हैं या किसी अनुकरणीय कार्य के लिए किसी की तारीफ कर रहे हैं।


हाल ही में उन्होंने दुर्घटना पीड़ितों के परिवारों के साथ अपनी बातचीत साझा की, जिन्होंने बहादुरी से अपने प्रियजनों के अंग दान करने के फैसले किए थे। मोदी जी ने उस बातचीत का उपयोग अंगदान के नेक विचार को बढ़ावा देने के लिए किया। ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जिनमें जलवायु की विपरीत स्थितियों से निपटने से लेकर स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े सामान्य लोगों के अच्छे कार्यों के लिए उन्हें उदार मन से बधाई देना आदि शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात' अनिवार्य रूप से वास्तविक जीवन की कहानियों और अनुभवों के बारे में है। ऐसी कहानियां, जो वास्तविक भारत को दशार्ती हैं इसके100 वीं एपिसोड देश को समर्पित है।

## आपके ट्वीट

**प्रकाश** सिंह बादल जी सिर्फ राजनेता नहीं 'राष्ट्र कर्मी' थे। मैं अपनी पार्टी और भाजपा के करोड़ों कार्यकताओं की ओर से प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर उनको अपने चरणों में स्थान दें। उनकी शख्सियत और विनम्रता से हम सभी को बहुत कुछ सीखना चाहिए।

**-जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष**

**अनियंत्रित** कामना, अति आसक्ति और भौतिकीय प्रलोभन मन को प्रायः अस्थिर व असहज बनाते हैं । बाह्य जगत के वस्तु-पदार्थ अपूर्ण तथा अतृप्ति कारक हैं ।अतः आध्यात्मिक अवलंबन और विवेक विचार बल द्वारा मानस शुचिता बनी रहें। **-अवधेशानंद गिरी**





**एक**भारत**श्रेष्ठ**भारत अभियान के तहत रांची में आयोजित युवासंगम में अंडमान एवं निकोबार से आये छात्र छात्राओं का समूह झारखण्ड की कला-संस्कृति-भाषा-परिवेश आदि से परिचित हुआ।

**- अन्नपूर्णा देवी**

# नाम, विश्वास और प्यार

## विचार-प्रवाह

**—श्री स्वामी शिवानंद सरस्वती**

**वो** कौन सी वस्तु है जो राम से भी श्रेष्ठ है? राम नाम है। कैसे? *श्री हनुमान ने श्री राम से कहाः हे मेरे प्रभु, तुझसे भी श्रेष्ठ कुछ है। श्री राम बहुत चकित थे। उसने हनुमान से पूछा। हे हनुमान जो मुझ से श्रेष्ठ है, वो कौन सी वस्तु है? हनुमान ने उत्तर दियाः हे प्रभु, तूने एक नाव के सहारे नदी पार की थी। लेकिन मैंने केवल तेरे नाम की मदद से समुद्र पार किया। नाम वास्तव में तेरे से श्रेष्ठ है।

आप मुझसे पूछ सकते हैं कि मैं आपको रामा शब्द का उपयोग करने के लिए क्यों कहता हूं और निमार्ता के कई अन्य नामों में से एक नहीं। सच है, उसके नाम तुम्हारे पेड़ पर पत्तों से भी अधिक हैं और उदाहरण के लिए मैं आपसे भगवान शब्द का उपयोग करने के लिए कह सकता हूं। लेकिन क्या अर्थ है, यहाँ आपके लिए क्या संबंध होगा? भगवान शब्द दोहराते समय आपको कुछ भी महसूस करने में सक्षम करने के लिए, मुझे आपको कुछ अंग्रेजी सिखाना चाहिए। विदेशियों के विचारों और संगत आपको समझाना होगा।

लेकिन मैं आपको रामा का नाम दोहराओ, मैं आपको एक ऐसा नाम दे रहा हूँ जो इस भूमि के लोगों द्वारा आदि काल से पूजा गया है, एक ऐसा नाम जो पशु-पक्षियों से परिचित है, जो इतने हजारों वर्षों से हिंदुस्तान के पत्थर हैं। अहल्या की कहानी आप सब जानते हैं? नहीं, मैं देख रहा हूँ तुम नहीं देख रहे हो। लेकिन रामायण का अध्ययन करने पर आपको जल्द ही यह सीखने को मिलेगा। राम के चरण स्पर्श से गुजरे तो जान जाओगे. सड़क के किनारे का पत्थर कैसे जीवन पाता है। राम नाम को मधुरता से दोहराना सिखो. पक्षी पशु पल भर रुक कर सुनेंगे।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### चिपको आंदोलन

**चिपको** आंदोलन की शुरूआत 1973 में उत्तराखंड (तत्कालीन उत्तर प्रदेश) के चमोली जिले से हुई थी. यहां बड़ी संख्या में किसानों ने पेड़ कटाई का विरोध करना शुरू किया था. वो राज्य के वन विभाग के ठेकेदारों के हाथों से कट रहे पेड़ों पर गुस्सा जाहिर कर रहे थे और उनपर अपना दावा कर रहे थे. इसकी शुरूआत सुंदरलाल बहुगुणा ने की थी और इसका नेतृत्व कर रहे थे। **- राजकुमार सिंह, रांची**

### भेद की समझ

**तत्व** की दृष्टि से मनुष्य और समष्टि के अन्य प्राणियों में कोई विभेद नही है,एतदर्थ हमें समवेत होकर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करना चाहिए। सनातन हिन्दू वैदिक संस्कृति में चिरकाल से ही वैश्विक शान्ति और सद्भावना के सूत्र समाहित हैं ! नइ महत्वपूर्ण सूत्रों को जानना आवश्यक है और युवाओं को अपनी संस्कृति पर गर्व होना चाहिए।

**- शशि कुमार, रांची**

# मेरी नहीं श्री की इच्छा थी हिन्दवी स्वराज आकार ले

## इतिहास

**लोकेन्द्र सिंह**

**पुणे** से 82 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम दिशा में रोहिडखोरे की भोर तहसील में सह्याद्रि की सुरम्य वादियों के बीच समुद्र तल से लगभग 4694 फीट ऊंचाई पर घने जंगलों के बीच स्थित श्री रायरेश्वर गढ़ (किला) हिन्दवी स्वराज्य प्रतिज्ञा दिवस का साक्षी है। 26 अप्रैल, 1645 को वीर बालक शिवा ने यहीं हिन्दवी स्वराज्य का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा था-यह मेरी नहीं, श्री की इच्छा है। यहां की पर्वत श्रृंखलाओं के बीच सांय-सांय करती हवा पर कान धरा जाए तो आज भी वीर बालक शिवा की प्रतिज्ञा की वह गूंज सुनी जा सकती है। इस प्रतिज्ञा ने धर्मद्रोही मुगलिया सल्तनत को उखाड़ फेंका था। यहां वह प्राचीन शिवालय आज भी है, जहां शिवा ने अपने कुछ मित्रों के साथ स्वराज्य की शपथ ली। शिवाजी ने हिन्दवी स्वराज्य की संकल्पना का यहीं प्रथम उद्घोष था।

यहां सह्याद्रि के रमणीय उतुंग शिखर परमहादेव विराजे हैं। नाना प्रकार के पुष्पों के पौधे एवं लताएं, यहां सघन वन का सौंदर्य बढ़ाती हैं। विविध प्रकार के पक्षियों के कलरव से भी मन का आनंद बढ़ता है। सोच कर हैरान होती है कि एक किशोर अपने साथियों के साथ पुणे से इस दुर्गम पठार पर स्थित शिवालय में संकल्प के लिए आया होगा। उस समय शिवाजी 15-16 वर्ष के किशोर थे। उनके साथ बारह मावल प्रांतों से कान्होजी जेधे, बाजी पासलकर, तानाजी मालुसरे, सूयार्जी मालुसरे, येसाजी कंक, सूयार्जी काकडे, बापूजी मुदगल, नरसप्रभू गुप्ते, सोनोपंत डबीर भी थे। शिवाजी ने श्री रायरेश्वर महादेव के समक्ष इन सिंहसमान महापराक्रमी मावलों के मन को कुछ इस तरह झकझोरा होगा- ह्लमुगलों की पराधीनता हम कब तक सहेंगे? चंद जागीरों की खातिर हम कब तक धर्म पर घात होने देंगे? गो-ब्राह्मण और स्त्रियों पर अत्याचार आखिर कितने दिन तक सहते रहेंगे? शिवाजी की ओजस्वी वाणी से मावलों में एक तरंग दौड़ गई होगी और उन्होंने कहा होगा कि महाराज अपनी इच्छा प्रकट कीजिए। जैसा आप कहेंगे, हम वैसा ही करेंगे। हां, हम वैसा ही करेंगे। मावलों के इस प्रकार के उत्तर से निश्चित ही महाराज उत्साहित हुए होंगे और उन्होंने कहा होगा, तो आओ, हम सब महादेव श्री रायरेश्वर के समक्ष प्रतिज्ञा करें कि ह्लहम अपना राज्य स्थापित करेंगे। अब से हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना ही हमारे जीवन का एकमात्र उद्देश्य होगा। हम सब प्रकार के कष्ट उठाएंगे, प्रत्येक परिस्थिति में हम एक-दूसरे का साथ देंगे। श्री रायरेश्वर को साक्षी मानकर हम प्रतिज्ञा करते हैं कि स्वराज्य की स्थापना के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर देंगे। वीर शिवाजी ने हिन्दवी स्वराज्य की संकल्पना में अपने साथियों के विश्वास को और पक्का करने के लिए कहा कि यह मेरी इच्छा नहीं है अपितु हिन्दवी स्वराज्य ही श्रींची इच्छा है। अर्थात यह हिन्दवी स्वराज्य की इच्छा ईश्वर की इच्छा है। शिवालय का वातावरण प्रेरक हो गया था। मावलों के मन में यह बात बैठ गई कि हिन्दवी स्वराज्य का सपना किसी एक शिवाजी का नहीं है, यह हम सबका सपना है और हम ईश्वरीय कार्य के काम आनेवाले रणबांकुरे हैं। वीर बालक शिवा ने 26 अप्रैल 1645 को श्री रायरेश्वर महादेव का अभिषेक अपनी अंगुली के रक्त से करके हिन्दवी स्वराज्य के संकल्प के प्रति अपने समर्पण को प्रकट किया और महादेव का आशीर्वाद लिया। शिवाजी महाराज ने 1645 में अपने एक राजमुद्रांकित पत्र में इस प्रतिज्ञा का उल्लेख भी किया है। यह किला वीर शिवा की यादों को संजोये है। जो भी जाता है हिन्दवी स्वराज्य की प्रतिज्ञा भूमि श्री रायरेश्वर के पवित्र प्रांगण में छत्रपति शिवाजी महाराज का पुण्य स्मरण जरूर करता है। राष्ट्रधर्म का पालन करने का संकल्प लेता है।

# बौद्ध धर्म के बढ़ते प्रभाव के बीच सनातन धर्म का प्रादुर्भाव

## चिंतन

**-अशोक प्रवृद्ध**

**यही** दहस मथुरा, पाटलिपुत्र और कान्यकुब्ज की थी। नालन्दा विश्वविद्यालय वज्रयान संप्रदाय का केन्द्रस्थल था। पश्चिमी देशों के अपेक्षा भारत के पूर्वीय देशों में बौद्ध धर्म अभी संपन्न था। केवल प्रयग और काशी में बौद्धों का अत्यधिक तिरस्कार होता था तथा शिवलिंग की पूजा नगरों झ ग्रामों के प्रत्येक घरों में होने लगी थी ।वैसे इस समय में सम्पूर्ण उत्तर भारत में प्राचीन वैदिक धर्म के स्थान पर नवीन हिन्दू धर्म स्थापित हो रहा था। प्राचीन वैदिक धर्म से इस नवीन हिन्दू धर्म में दो बड़े अंतर (भेद) थे - एक सिद्धांत सम्बन्धी तथा दूसरा आचार- विचार सम्बन्धी।

प्राचीन धर्म से नवीन धर्म का सिद्धांत सम्बन्धी भेद यह था कि प्राचीन वैदिक धर्म में तत्वों के देवता माने जाते थे और सर्वव्यापक सर्वशक्तिमान ईश्वर की कल्पना की गई थी उसके स्थान पर नवीन हिन्दू धर्म में ये देवता मूर्तिमान थे तथा इन पर परमेश्वर का एक मूर्त त्रिदेव समूह का था।

यही त्रैकत्व नवीन हिन्दू धर्म की एक नई वस्तु थी। आचार सम्बन्धी नई बात मूर्तिपूजा थी। वैदिक धर्म में जो यज्ञ का महत्व था वही स्थान नये धर्म में देव मन्दिरों को प्राप्त हो गया तथा प्रतिमा पूजन का प्रारंभ एक नई वस्तु थी।

इस काल में सर्वत्र राजनीतिक अन्धकार व्याप्त था। कोई प्रबल स्वराज्य सत्ता देश में नहीं थी। यहअन्धरात्रि की स्थिति विशेषकर नवीं एवं दशवीं शताब्दी में थी । तत्पश्चात ग्यारहवीं -बारहवीं शताब्दी में दिल्ली और अजमेर में राजपूत राज्य स्थापित हुआ । उनकी चाल, व्यवहार, पद्धति सब विक्रम और शिलादित्य से निराली व अनूठी थी ।

इस प्रकार इस अन्धरात्रि ने प्राचीन को अवार्चीन से पृथक कर दिया था ।एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि प्राचीन हिन्दूओं ने विदेशी आक्रामकों को अपने धर्म और जाति में मलिया लिया था । वैदिक आर्यों ने जब द्रविड़, असुरों आदि से युद्ध किये तो कालान्तर में ये दोनों जातियाँ भी आर्यों में सम्मिलित हो गईं । इसी प्रकार शक, तुर्क, आभीर, सीरियन, गुर्जर, हूण आदि जातियों को भी आर्यों ने अपने भीतर सम्मिलित कर लिया था । विभिन्न जातियों को अपने में सम्मिलित कर लेने का यह कार्य आर्यों ने राजनैतिक उन्नति और सामाजिक संगठन के विचार से किया था, परन्तु इन जातियों के मिश्रण से आर्यों का प्राचीन वैदिक धर्म बिलकुल विकृत हो गया ।

इन विदेशी जातियों में अनेक समृद्ध विचार वाली तथा उन्नत आचार वाली भी थीं तथा वे जातियां अपने साथ अपने धर्म के संस्कार, अपने कुल, आचार और परम्परागत विचारों को लेकर हिन्दू धर्म में सम्मिलित होकर एक हुए । ये पश्चिमी एशिया से आई हुई जातियाँ, जो अनेक आचार साथ लाई, उनमें एक मूर्ति पूजा भी थी । प्राचीन आर्यों की दो वैदिक शाखाएँ थीं- एक ज्ञानकाण्डी जो उपनिषद्पंथी थे, दूसरे कर्मकाण्डी जो ब्राह्मणपंथी थे । बौधों ने जब वैदिक धर्म को छिन्न- भिन्न कर दिया तो नई संक्षिप्त भाषा में दर्शनादि का निर्माण हुआ । दर्शनों में प्राचीन वैदिक दोनों पंथों पर दो नये दर्शन लिखे गये ।

उपनिषद के ब्रह्म तत्व पर उत्तर मीमांसा अथवा वेदान्त और ब्राह्मणों के कर्मकाण्ड पर पूर्वमीमांसा । ये पूर्व मीमांसाकार जैमिनी उपनिषद पंथ के परम शत्रु थे ।

एक बात और भी थी कि उपनिषद का ब्रह्म तत्व क्षत्रियों ने और ब्राह्मणों का कर्मकाण्ड ब्राह्मणों ने अपना लिया था तथा दोनों ही वेदों को अपना समर्थक बतलाती थीं ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

**स्पीड न्यूज़**

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



**रामगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100वां संस्करण रविवार को प्रसारित हुआ। जिसे बूथ नंबर 08,10 और 11 के भाजपा कार्यकर्ताओं ने कैंट मंडल महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में सुना और प्रेरणा ग्रहण की। मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि मनोज जायसवाल,अल्पसंख्यक मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष हरजीत सिंह छाबड़ा, अशोक गोयल,मुकेश बंसल,रईस खान,संजय श्रीवास्तव,विजय कुमार,शक्ति श्रीवास्तव,संस्कार श्रीवास्तव,योगेंद्र कुमार,महेंद्र मोदी,नीरज मोदी,शंकर साव आदि मौजूद थे।

## सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सौजन्य से समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, प्रो. रामानुज सिंह, उमाशंकर जयसवाल व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकु ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुड़ी-सब्जी व ठंडे शरबत का वितरण किया। डब्लू सिंह ने बताया कि वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ है। उन्होंने बताया कि वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री ने मंच के माध्यम से आठ सप्ताह तक गरीबों को भोजन कराने का बीड़ा उठाया है जो कि काफी सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ जयश्री मेहता, ललन सिंह, रेणुका देवी आदि का विशेष योगदान रहा।

## राम जानकी मंदिर में सुनी मन की बात

**रामगढ़।** नगर परिषद के मरार स्थित राम जानकी मंदिर प्रांगण बूथ नंबर 83 में रविवार को सैकड़ों भाजपाईयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100वां संस्करण सुना। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी मौजूद थे। मन की बात में बूथ नंबर 81,82,83 और 84 के कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद नरेश महतो, आर के पाण्डेय,निप्पु चौधरी,कैलाशपति पाण्डेय,राधेश्याम गुप्ता,बिनोद गुप्ता,बब्लु साव,दिपक साव,प्रकाश पटवारी,दिलीप सिंह,मनिष श्रीवास्तव,राजेश श्रीवास्तव, बन्टी चतुवेर्दी,सचिन चतुर्वेदी,आकाश चतुर्वेदी, प्रदीप सिंह, इन्द्रजीत सिंह,बाल्मीकि गिरी,मनोज साव,तारा साव, ,रेखा कुमारी,मेघा यादव,शशि सोनी अन्य महिला पुरूष सैकडो की तादात में की उपस्थिति थे।

## ट्रांसफार्मर खराब, छात्र हुए परेशान

चरही। चरही पंचायत के ग्राम सरवाहा टोला सानूकोचा में कई दिनों से बिजली का ट्रांसफार्मर खराब है।जिसके कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।पूरा टोला अंधेरे के चपेट है।बिजली नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं की पठन-पाठन में भी परेशानी झेलनी पड़ रही है।गर्मी से भी हाल-बेहाल है।बिजली नहीं रहने के कारण घर के अंदर लगे पंखे भी चलने बंद हो गए हैं। ग्रामीण दिलीप महतो,अर्जुन महतो,भुनेश्वर कुमार,गोपाल महतो,मनोज महतो, सुरेश महतो,डेगा लाल महतो,मोहन महतो,कुलेश्वर महतो,नारायण महतो, गांगो करमाली,किशोर करमाली, उमेश करमाली,सनी करमाली,राम नरेश राम,बबलू राम,दीपक करमाली,कृष्णा करमाली,विनोद करमाली,सूरज करमाली ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों से मांग खराब पड़े ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द गड़बड़ी को दूर करते हुए गावं में नियमित बिजली बहाल किया जाय।

## भवन निर्माण के अध्यक्ष बने सुरेश राम



**हजारीबाग।** भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर निर्मल महतो पार्क में बैठक हुई,जिसकी अध्यक्षता जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ नीरज सिंह ने किया व संचालन स्वेता सिन्हा एवं सुरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया इस बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भवन निर्माण बृजकिशोर राम, भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष श्री नवीन सिन्हा उपस्थित रहे ।बैठक में भवन निर्माण जिला कमेटी भंग कर पुनर्गठन किया गया उसके बाद प्रदेश महामंत्री के द्वारा भवन निर्माण के कार्यों एवं दायित्वों को विस्तार पूर्वक बतलाए, सभा की अध्यक्षता करते हुए जिला मंत्री नीरज सिंह ने कहा कि जो भी कमेटी बनेगी हम सभी का मार्गदर्शन से अच्छे काम करेगी पूर्व की कमेटी हमें खुद भी पता नहीं था कौन कौन पदाधिकारी थे। भवन निर्माण जिला कमेटी के अध्यक्ष सुरेश राम, उपाध्यक्ष शमशाद आलम, उपाध्यक्ष दीपक शर्मा,उपाध्यक्ष संगीता देवी, सचिव गौरव गैलेक्सी, सह सचिव पंकज कुमार गुप्ता,कोषाध्यक्ष भैया नीतीश के अलावे 15 सदस्यों बनाए गए। मौके पर शांतनु कुमार, देवंती देवी, सुधाकर सैनी, आनंद प्रकाश ,सूरज ,निखिल, गौरव शेखर कुमार ,फिरोज कुमार, रवानी ,दीपक शर्मा मौजूद थे।

# भाजपाईयों ने सुनी मन की बात

## सामाजिक में का करने का लिया संकल्प



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को भाजपाईयों द्वारा पीएम मोदी के मन बात प्रोजेक्ट, टीबी व रेडियो के माध्यम से सुनी व देखी गई। इसी कड़ी में पतरातू मंडल स्थित शक्ति केंद्र सौंदा डी के पंचायत भवन में बूथ नंबर 306, 307, 308, 309 व 310 में सैकड़ों ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100वां संस्करण सुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत संयोजक विष्णु राम एवं संचालन सहसंयोजक परदेसी नोनिया ने किया। मन की बात में पीएम मोदी ने कहा कि इस साल हम जहां आजादी के अमृतकाल में आगे बढ़ रहे हैं, वहीं जी-20 की अध्यक्षता भी कर रहे हैं। यह भी एक वजह है कि एज्युकेशन के साथ-साथ विविध वैश्विक संस्कृतियां को समृद्ध करने के लिये हमारा संकल्प और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि मन की बात जिस विषय से जुड़ा वो जन-आंदोलन बन गया और उसे जन-आंदोलन आप लोगों ने बनाया है। जब मैंने तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ साझा मन की बात की थी, उसकी चर्चा पूरे विश्व में हुई थी। पीएम श्री मोदी ने कहा कि मन की बात मेरे लिए दूसरों के गुणों की पूजा करने के जैसा ही रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने के बाद लोगों में गजब का उत्साह दिखा। इस दौरान भाईपाईयों ने पीएम मोदी के हाथों को और मजबूत करते हुए सबका साथ-सबका विकास के तहत समाज व देशहित में कार्य करने का संकल्प भी लिया। मन की बात सुनने वालों में प्रभारी संतोष कुमार शर्मा, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी रुदल कुमार, महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा सह रामगढ़ जिला कार्यसमिति सदस्य डब्लू पांडेय, दशरथ कुर्मी, स्थानीय मुखिया उपेंद्र शर्मा, दिलीप गुप्ता, रामबली प्रसाद, बंशीधर प्रसाद, बूथ अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी, संजय सिंह, आदित्य जयसवाल, मनीष राज पांडेय, सुबोध रजक, प्रवीर चटर्जी, नरेंद्र, रविंद्र पांडेय, मुकेश, रामप्रवेश, श्रीकांत, मनोज सिंह, मनोज प्रसाद सिंह, श्रीकांत शर्मा, त्रिभुवन प्रसाद, सुनील, उमेश रजक, बबन मिश्रा, सुदर्शन प्रसाद, विष्णु कुमार, बबलू यादव, प्रवीण, पुकार, संतोष, संदीप, दिब्य ज्योति, सुरेश, पंकज सिंह, रामबाबू प्रसाद, रविकांत, सुरेश खरवार, डॉ. हलधर, विशाल मिश्रा, सहित दर्जनों भाजपाई व अन्य ग्रामीण शामिल थें।

**लपंगा पंचायत में कार्यक्रम :** लपंगा पंचायत के बूथ संख्या 416 में भाजपा भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर के नेतृत्व में रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100वें एपिसोड मन की बात सुनी गई। मन की बात में पीएम मोदी ने कहा कि इस साल हम जहां आजादी के अमृतकाल में आगे बढ़ रहे हैं, वहीं जी-20 की अध्यक्षता भी कर रहे हैं। यह भी एक वजह है कि एज्युकेशन के साथ-साथ विविध वैश्विक संस्कृतियां को समृद्ध करने के लिये हमारा संकल्प और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि मन की बात जिस विषय से जुड़ा वो जन-आंदोलन बन गया और उसे जन-आंदोलन आप लोगों ने बनाया है। जब मैंने तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ साझा ह्यमन की बातह्ल की थी, उसकी चर्चा पूरे विश्व में हुई थी। पीएम श्री मोदी ने कहा कि मन की बात मेरे लिए दूसरों के गुणों की पूजा करने के जैसा ही रहा है। मौके पर लालजी पंडित, भरत प्रसाद, भगवान ठाकुर, अरुण प्रसाद, विश्वनाथ करमाली, विद्याभूषण ठाकुर, मनोज प्रसाद, रामचंद्र बैठा, अजय महतो, सूरत सिन्हा, रविंद्र कुमार, मनीष कुमार, पुसनी देवी, रीना कुमारी, संतोष वर्मा, शिव पासवान, अनुप उरांव, रंजीत प्रसाद, सुदर्शन कुमार, मो. इकबाल अंसारी, विकास नायक, संजय करमाली, गणेश राम सहित दर्जनों भाजपाई व अन्य ग्रामीणों पीएम मोदी के मन की बात सुन अपने जीवन में उतारने व देशहित में कार्य करने का आह्वान किया।

# मन की बात देश हित में एक बड़ी लकीर है : राजेन्द्र प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के पैक्स कार्यालय भवन में भारत के यशस्वी व लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100 वें संस्करण को मुखिया राजेंद्र प्रसाद समेत सैकड़ो ग्रामीणों ने सुना। मन की बात के100 वें संस्करण सुनकर ग्रामीणों में उत्साह की लहर है।

मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी की मन की बात देश हित मे एक लंबी लकीर खिंच दिया गया है।जिसमे समर्पण त्याग एवं सदभाव की बात कही गयी है। उन्होंने कहा कि मन की बात की शुरूआत 3 अक्टूबर 2014 विजयदशमी के मौके पर मन की बात की यात्रा शुरू की गई थी। विजयदशमी पर्व को बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व माना जाता है। हर क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वालों को आज किया गया, स्वदेशी उत्पाद, स्वच्छता, योग फिट इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, पानी ऊर्जा संरक्षण, अंगदान,आजादी का अमृत महोत्सव, इन सब बातों को जन आंदोलन के रूप में लिया गया। हर एपिसोड में देशवासियों की सेवा और सामर्थ्य को प्रेरणा मिली है। मौके पर प्रकाश साव, नरेश प्रसाद, रामजी प्रसाद, अजय कुमार, तिलक यादव, केशो यादव, विकास यादव, जागेश्वर साहू,अनिल कुमार, सकलदेव यादव, मनोज कुमार, मनोज केसरी, कृष्णा प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, राजेश प्रसाद, राजेश ठाकुर, योगेंद्र साहू,राजेंद्र प्रसाद, उर्फ राजन प्रसाद, ब्रह्मदेव यादव, प्रदीप कुमार, नंदलाल प्रसाद, समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सौंदा बस्ती पंचायत में झामुमो का कमेटी गठित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा बस्ती में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती, जन समस्याओं का समाधान करने आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही झामुमो सौंदा बस्ती पंचायत कमेटी का गठन किया गया। नवगठित 31 सदस्यीय कमेटी में संरक्षक रमेश प्रसाद, अध्यक्ष राजेश प्रसाद, उपाध्यक्ष जगरनाथ बाउरी, लालमोहन प्रजापति, सुनीता देवी, अशोक प्रसाद, सचिव शशिकांत प्रसाद, सहसचिव राजेश ठाकुर, सुखदेव सिंह, दिलीप बाउरी, कुलेश प्रसाद, संगठन प्रभारी सोनी देवी, पिंटू कुमार, संजय भुइंया, चंद्र प्रसाद, हरी, कुसुम दास सहित 16 कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं। मौके पर मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने सबों को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारकर गरीबों के हित में काम कर रही है। यह सरकार जल, जंगल और जमीन की सरकार है। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य से झारखण्ड के दाता दिशोम गुरू शिबु सोरेन ने काफी लड़ाई व संघर्ष के बाद झारखण्ड को अलग राज्य का दर्जा दिलाया था, उसे संवारने का काम झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बखूबी कर रहे हैं।

## मोदी के नेतृत्व में देश का हो रहा विकास : प्रजापति



**कुजू।** केंद्र सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं चला रही है। जरूरत है आप सभी को उसकी जानकारी लेकर लाभ लेने की। उक्त बातें सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने कही। श्री प्रजापति रविवार को मुरपा स्थित अपने आवासीय कार्यालय में भाजपा प्रखंड मंत्री डिंपल प्रजापति के नेतृत्व में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100 वें एपिसोड कार्यक्रम में बोल रहे थे। दौरान उन्होंने कार्यकताओं ने लैपटॉप के माध्यम से नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना। बूथ संख्या 246,247,248 के कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनते हुए उनके बताये बातों पर चलने का संकल्प लिया। सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि जिस तरह से नरेंद्र मोदी ने हमारे देश को विश्व पटल पर स्थापित किया है वह काफी सराहनीय है। आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश काफी विकास कर रहा है। जिससे यहां के जनता भी काफी खुश है।

# पत्रकार के परिजनों से मिले जयंत सिन्हा

**प्रदीप कुमार के पत्नी और पुत्र को मदद का दिया आश्वासन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा हजारीबाग से दिल्ली जाने के क्रम में रविवार को कुछ देर के लिए शहर के गोलपार स्थित दिवंगत पत्रकार प्रदीप कुमार के आवास पहुंचे। सांसद जयंत सिन्हा दिवंगत पत्रकार प्रदीप की पत्नी और बच्चों से मिले और शोक संवेदना व्यक्त की ।सांसद ने कहा कि प्रदीप कुमार का निधन एक अपूरणीय क्षति है। लेकिन हम लोग बढ़-चढ़कर उन्हें सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके बड़े पुत्र के ग्रेजुएशन कर लेने के बाद उन्हें नौकरी पर लगाया जाएगा। छोटे पुत्र की पढ़ाई की पूरी व्यवस्था की जाएगी। सांसद जयंत सिन्हा ने अपनी तरफ से दिवंगत पत्रकार प्रदीप कुमार की पत्नी को सहयोग राशि उपलब्ध कराया।

दिवंगत पत्रकार प्रदीप कुमार के परिजनों से मुलाकात के बाद सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि दिवंगत पत्रकार प्रदीप कुमार के असमय निधन से मैं काफी दुखी हूं। अब समय आ गया है कि उनके बच्चों और पत्नी के लिए कुछ किया जाए। उन्होंने कहा कि रामगढ़ में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर जल्द ही जिला के एसपी से वार्ता की जाएगी।

शहर में भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर उनसे चर्चा करेंगे। सांसद जयंत सिन्हा के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता,प्रकाश मिश्रा, छोटन सिंह,रविंद्र शर्मा,वरुण सिंह, ऋषिकेश सिंह मौजूद थे।

# नवीन जिंदल ने प्रकाश सिंह बादल ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**कहा-उनके निधन से राजनीति के एक युग का अंत हो गया**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद नवीन जिन्दल ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल को बठिंडा के बादल गांव स्थित उनके आवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि स्व बादल लोकप्रिय और महान नेता थे, जो आजीवन किसानों और कमजोर वर्गों के हितों के लिए संघर्षरत रहे।

श्री जिन्दल ने पंजाब के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सरदार सुखबीर सिंह बादल से मुलाकात कर उनके साथ दुख साझा किया और पूरे परिवार को संकट की इस घड़ी में धैर्य बंधाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरदार प्रकाश सिंह बादल जनता के कल्याण के लिए आजीवन समर्पित रहे। वे एक नेक दिल इंसान थे, उनके निधन से राजनीति के एक युग का अंत हो गया। ज्ञात हो कि शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक सरदार प्रकाश सिंह बादल का 27 अप्रैल को निधन हो गया था। वे 1970-71, 1977-80, 1997-2002 और 2007-2017 तक पांच बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे। वे आजीवन किसानों के हितैषी रहे।

उन्हें 16 अप्रैल को सांस लेने में परेशानी होने पर मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां 27 अप्रैल को उनका निधन हो गया। वे पंजाब के सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री रहे ही, सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड भी उनके नाम है।

**एक नजर में**

## साहू समाज के अध्यक्ष बने सुनील साहू



**बरही।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के अनुमंडलीय अध्यक्ष अमित साहू ने समिति का विस्तार किया। समिति का विस्तार चौपारण स्थित साहू भवन में आयोजित बैठक के दौरान किया गया। जिसमें बरही अनुमंडलीय साहू समाज के कोषाध्यक्ष के रूप में बरही के राजदेव कुमार गुप्ता व बरही प्रखंड अध्यक्ष के रूप में सुनील साहू का चयन किया गया। मौके पर राजदेव गुप्ता व सुनील साहू ने कहा कि जो भी जिम्मेवारी अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के द्वारा दी गई है उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ रहूंगा। वही सुनील साहू ने कहा की बरही में साहू समाज का संगठन कैसे और मजबूत हो, और हमारा समाज कैसे आगे बढ़े इसके लिए मैं लगातार प्रयासरत रहूंगा। वहीं उन्होंने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को मिटाना मेरा पहला लक्ष्य होंगा, ताकि हमारा समाज सही दिशा में विकास के रथ पर आगे बढ़ सके।

## दारू में तीन हाथियों ने फसलों को किया बर्बाद

**दारू।** दारू प्रखंड क्षेत्र में झुंड से बिछड़े तीन हांथी पिछले कुछ महीनों से लगातार तबाही मचा रहे है। हांथी प्रखंड क्षेत्र के जिनगा, रामदेव खैरिका, हरली, इरगा, दिग्वार पंचायत क्षेत्र में लगातार विचरण कर तबाही मचा रहे है। हांथी शनिवार को दिग्वार पंचायत में फसलों को बर्बाद कर इरगा पंचायत के पुरनाडीह पहुंचे यहां हांथीयों ने मनोज प्रसाद, शिवचरण साव,नागेश्वर प्रसाद के जमीन में लगी तरबूज, गन्ना, खीरा आदि की फसलें बर्बाद कर दी साथ ही कई जगह चारदिवरी तोड़ दी।यहां पर फसल बर्बाद करने के बाद हांथी हरली पंचायत के करवार पहुंचे जहां उन्होंने मनोज कुमार, राधे महतो,ईशर महतो, किशुन महतो , मनोहर प्रसाद की करीब पांच एकड़ में लगी खीरा, टमाटर, मक्का आदि की फसलों को रौंद कर बर्बाद कर दिया।

## दारू में 10 जगहों पर सुनी मन की बात

**दारू।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई। मोदी जी के द्वारा देश को समर्पित अपनी मन की बात का 100 वां एपिसोड रविवार को दारू प्रखंड के भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं के द्वारा 10 स्थानों पर सुना ।पीएम मोदी ने अपना संबोधन राष्ट्र के नाम करते हुए कहा कि यह मेरे लिए आस्था पूजा और व्रत है। पीएम की मन की बात ईश्वर रूपी जनता जनार्दन के चरणों में प्रसाद की छांव जैसी है। मन की बात करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी अपनी भावनाओं को रोक नहीं सके और कई बार भावुक हो गए ।इरगा पंचायत भवन में मंडल अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद के नेतृत्व में , पेटो में पार्टी के महामंत्री इंद्रदेव कुशवाहा के नेतृत्व में,बड़वार में पार्टी के मंत्री विकास यादव के नेतृत्व में,गोपलो में उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा के नेतृत्व में,महेशरा में सुरेश साव के नेतृत्व में तथा जिनगा में महिला मोर्चा अध्यक्ष व अशोक कुशवाहा के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम को सुना।

## एनटीपीसी ने किया खाद्य सामग्री का वितरण



**केरेडारी।** एनटीपीसी केरेडारी एवं चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना की स्वयं सेवी संस्था संस्कृति महिला समिति ने नैगम समाजिक दायित्व के अंतर्गत वृद्ध लोगों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया। हजारीबाग में स्थित वृद्ध आश्रम में यह वितरण समारोह आयोजित किया गया था। संस्कृति महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती तहजीन तैय्यब ने कहा कि बताया कि बुजुर्गों का सेवा पुनीत का काम है, जिसमें हम सभी को एक साथ हो कर यह करना चाहिए। अपने घर परिवार के बच्चों को भी इसमें शामिल करने की जरूरत है। वृद्धा आश्रम के वृद्ध जनों को असुविधा न होने पाये इसलिये सहयोग चरणबद्ध ढंग से लगातार जारी रखा जायेगा. श्रीमती शरमिष्ठा राय नें वृद्ध जनों को योग आसन भी सिखाए। योग से मन और मस्तिष्क को शांति मिलती है। इस वितरण समहारोह में परियोजना की स्वयं सेवी संस्था संस्कृति महिला समिति की महासचिव श्रीमती शरमिष्ठा राय , श्रीमती सुशमिता बहैरा, श्रीमती मनु मनजुशा, श्रीमती स्वाति साहु, श्रीमती विष्णु प्रिया साहु एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

## प्रभा एनर्जी के मनमानी के खिलाफ ज्ञापन

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के तलसवार पंचायत की मुखिया गीता देवी द्वारा हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को एक ज्ञापन सौंपकर ओएनजीसी एवं इसके अधीनस्थ कंपनी प्रभा एनर्जी के मनमानी रवैया के विरुद्ध समस्या से अवगत कराई गई है। साथ ही समस्या का समाधान करने की मांग भी की गई है। मुखिया द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि कंपनी के मनमानी रवैया से पंचायत की पुरी जनता का चिंता का विषय बना हुआ है। पंचायत के सभी सड़कों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिससे लोगों को आने+ जाने में काफी कठिनाई हो रही है। साथ ही साथ सड़क के किनारे बड़े-बड़े गड्ढे बना दिया गया है जिससे प्रायः आए दिन छोटी मोटी दुर्घटनाएं होती रहती है। कभी भी बड़ी घटनाएं घट सकती है स्थानीय लोगों को जिन्हें काम पर रखा गया है लगभग 5- 6 माह से वेतन नहीं दिया गया है। मुखिया ने सांसद श्री सिन्हा से अविलंब इन समस्याओं का समाधान करवाने की मांग करते हुए कार्रवाई करने की भी मांग की है।

## कुमारडीहा में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के नयाटांड़ के कुमारडीहा में श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ का भव्य आयोजन रविवार कलश यात्रा के साथ शुरू किया गया। इस कलश यात्रा में पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, मध्य जिला परिषद सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, नयाटांड़ मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, पूर्व मुखिया अशोक महतो, केंद्रीय कुशवाहा समाज के अध्यक्ष सोहनलाल मेहता,यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रभु सिंह, सचिव अरघु महतो, कोषाध्यक्ष महेश सिंह, उपाध्यक्ष गुप्तेश्वर सिंह, सचिव राजेंद्र महतो, मीडिया प्रभारी पंकज ठाकुर,सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। उक्त यज्ञ का पूणार्हुति 4 मई को किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री साव ने कहा कि धार्मिक संस्थान आयोजन होने से सामाजिक एकता एवं क्षेत्र में सुख समृद्धि बनी रहती है। मध्य जिला परिषद सुनीता देवी ने कहा कि यज्ञ आयोजन से क्षेत्र में शुद्धता एवं उन लोगों में पवित्रता बरकरार रहती है। प्रमुख वचन देव कुमार ने कहा कि समाज को एक सूत्र में बांधने का एक माध्यम धार्मिक अनुष्ठान है। वही मीडिया प्रभारी ने बताया कि प्रख्यात भजन गायक शहनाज अख्तर एवं बबन छैला का जागरण कार्यक्रम 4 मई को होगा। श्री ठाकुर ने आगे बताया कि संस्कृत ज्योतिष्य आचार्य उमेश पाठक द्वारा यज्ञ विधि विधान कराया जाएगा। वाराणसी के मिथलेश्वरी शास्त्री एवं देवघर के रामानंद जी महाराज द्वारा प्रवचन किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में छात्र गंभीर रूप से घायल

**कटकमसांडी।** साहपुर पंचायत के झरदाग निवासी अशोक जायसवाल का पुत्र जो वर्तमान में कटकमसांडी चट्टी में रहता था। और छात्र ट्यूशन करने के लिए गया था ।ट्यूशन से जैसे ही निकला सड़क पर आते ही चार पहिया वाहन के चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। और चार पहिया वाहन को पुलिस ने जप्त कर लिया।यह मामला जानने के बावजूद भी आसपास के लोग कुछ नहीं कर पाए तत्काल जानकारी मुखिया प्रतिनिधि पप्पू पांडेय को मिला वह तुरंत उसे उठाकर कटकमसांडी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने हजारीबाग रेफर किया फिर हजारीबाग से रिम्स रेफर किया गया है। कटकमसांडी प्रखंड में हर कोई जानते हैं कि पप्पू पांडेय समाज सेवा में दिन रात लगे रहते हैं वह कोई पद पर रहे या ना रहे। अभी तक वह हजारों का जान बचा चुके हैं। वही बताते चले कि छात्र के पिता अशोक जायसवाल कटकमसांडी में चना बेचते हैं। आर्थिक स्थिति इतना दयायनिए है ।उन लोगों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है।

## स्पीड न्यूज़

### राधाकृष्ण मंदिर की आधारशिला तीन को

**मेदिनीनगर।** भवानी नगर( बारालोटा )में राधा कृष्ण मंदिर की आधारशिला तीन मई रखी जाएगी। उक्त निर्णय बारालोटा भवानी नगर में राधा कृष्ण मंदिर निर्माण कमेटी के बैठक में लिया गया। स्थानीय बारालोटा भवानी नगर में राधा कृष्ण मंदिर के निर्माणाधीन स्थल पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता राधा कृष्ण मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने किया। बैठक में मंदिर निर्माण कमेटी के द्वारा राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी को संरक्षक मनोनीत किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने कहा कि राधा कृष्ण मंदिर निर्माण में युवा वाहिनी सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहेगी। बैठक में मंदिर निर्माण कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि तीन मई को भव्य पूजा अर्चना व प्रसाद वितरण समारोह के साथ मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी जाएगी।

### किरण अभा एससी महासभा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

**मेदिनीनगर।** सुदना बाजार समिति निवासी किरण प्रसाद को अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा महिला मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के अध्यक्ष आरपी रंजन ने कहा कि किरण प्रसाद को समाज के प्रति निष्ठा व कार्य को देखते हुए दायित्व दिया गया है। कहा कि आप बिना किसी भेदभाव के संगठन को एकता व अखंडता बनाये रखने के लिए हमेशा प्रयासशील रहेंगे। मौके पर किरण ने कहा कि महासभा द्वारा दिये गये जिम्मेवारी को ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे।

### रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में दसवीं अकादमिक परिषद की हुई बैठक

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर स्थित रामचंद्र चन्द्रवंशी विश्वविद्यालय के साभागार में अकादमिक परिषद की दसवीं बैठक हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ देबाशीष मंडल ने अकादमिक परिषद के सभी सदस्यों सहित अन्य सदस्यों का अभिनंदन किया। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ कल्याण कुमार ने की। इस दौरान14 फरवरी को आयोजित अकादमिक परिषद की नौवीं बैठक के प्रस्तावों पर हुई कार्यवाही को स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही बैठक में विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों जैसे पीएचडी से सम्बन्धित आरसी,डीआरसी,रैक कमिटी का गठन कर रिसर्च को बढ़वा देने हेतु यूजीसी 2016 के नियम व प्रक्रिया के पालन पर संतोष व्यक्त किया गया। बैठक में स्मार्ट ब्रेन इंजीनियर एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड नोएडा से समझौता ज्ञापन की सूचना दी गई। बैठक में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 कार्यान्वयन पे सहमति जताई गई। साथ ही कई दिशा निर्देश भी जारी गया। बैठक में विभिन्न बोर्ड ऑफ स्टडी द्वारा पाठ्यक्रम में बदलाव पर चर्चा हुई।

### शिक्षकों को डाटा के जाल में उलझाने से पढ़ाई बाधित : दिलीप

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप पांडे ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि सरकार और विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा शिक्षकों को डाटा के जाल में उलझा कर पढ़ाई बाधित करना शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि झारखंड के हजारों हजार विद्यालय सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चल रहा है शिक्षकों का काम बच्चों को शिक्षा देना है डेटा के दबाव के कारण बच्चों का पढ़ाई बाधित हो रहा है । इस तरह के नीति से ऐसा प्रतीत होता है झारखंड सरकार बच्चों को सिर्फ मजदूर बनाना चाह रही है । एसी में बैठ कर नीति निर्धारण करने वाले पदाधिकारियों को झारखंड के भौगोलिक स्थिति से वाकिफ होना होगा उनकी आर्थिक स्थिति को समझना होगा। साथ ही शिक्षकों को बायोमैट्रिक से उपस्थिति बनाने में घंटों मशक्कत करना पड़ता है।

### जिला स्तरीय सीनियर महिला/ पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता 6 को

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कबड्डी एसोसिएशन द्वारा 6 मई को प्रातः आठ बजे से जीएल ए कॉलेज के मैदान में सीनियर बालक/ बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में पलामू जिला के सरकारी , गैर सरकारी सभी स्कूल, कॉलेज /कल्ब के वैसे इच्छुक खिलाड़ी भाग लेंगे जिनका वजन पुरुष के लिए 85 किलोग्राम से कम एव महिला के लिए 75 किलोग्राम से कम हो भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जामताड़ा में 17से 19 मई तक आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रतियोगिता स्थल पर आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण प्रूफ( मैट्रिक के प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि अंकित हो) , 4 पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है । इसकी जानकारी पलामू डिस्ट्रिक्ट कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमला नंद दुबे ने दी।

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

मोहम्मदगंज पलामू। मोहम्मदगंज जपला मुख्य पथ में थानान्तर्गत सिचाई कॉलोनी मोड़ के पास शनिवार करीब 3 .30 बजे अपराह्न दो मोटरसाइकिल के बीच पीछे से टक्कर के कारण तीन लोग घायल हो गए है। सभी का प्राथमिक इलाज मोहम्मदगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। एक बाइक पर थानान्तर्गत शिलापर निवासी चंदन कुमार और सुधीर कुमार सवार थे,जो भीम चूल्हा स्थल तरफ से मोहम्मदगंज तरफ आ रहे थे,उसके पीछे दूसरी बाइक पर जितेंद्र कुमार कांडी थानान्तर्गत महुली गांव निवासी जितेन्द्र कुमार भी मोहम्मदगंज तरफ ही आ रहा था जो अनियंत्रित होकर आगे की बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया।

### उर्द्धवार मंडल के सभी बूथों पर भाजपाइयों समेत ग्रामीणों ने सुनी पीएम के मन की बात

**हुसैनाबाद पलामू।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम का 100 वां अध्याय को उर्दवार मंडल में मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता के मार्गदर्शन में सबसे अधिक बूथों पर विभिन्न कार्यकताओं के द्वारा सुना गया। रविवार को 100 वें अध्याय को एक उत्सव के रूप में गांव-गांव में जनमानस तक पहुंचाने का सरल माध्यम बनाया गया और काफी हद तक पार्टी का यह अभियान सफल रहा है । यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूरे देश के सभी मंडल में सभी बूथों पर सुना जाना निर्धारित था । इस दौरान उर्दवार मंडल के बूथ नंबर 217 एवं 218 पर उपेंद्र विश्वकर्मा एवं संतोष पासवान बैरांव, बूथ नंबर 224 एवं 225 पर जितेंद्र पासवान एवं ललन राम अमही, बूथ नंबर 229 पर संतोष यादव एवं धनंजय साहू महुडंड, बूथ नंबर 240 पर लल्लन यादव एवं वीरबली यादव पत्राकला, बूथ नंबर 237 पर रंजीत पासवान संढा, बूथ नंबर 209 पर उदय सिंह लंगरकोट, बूथ नंबर 202 पर लल्लू साहू टोंगरा, बूथ नंबर 245 पर उदल पासवान उर्दवार, बुध नंबर 198 पर मधुसूदन पाठक बेदोलिया एवं बूथ नंबर 191 पर रामलाल विश्वकर्मा कुशानारायनपुर पथरा बूथ पर निवास करने वाले सभी भाजपा कार्यकताओं एवं ग्रामीणों को एकत्रित कर भारी संख्या में मोदी जी के द्वारा प्रसारित मन की बात कार्यक्रम के 100 वां एपिसोड को उत्साह पूर्वक सभी कार्यकताओं ने सुना ।

### एसडीओ और डीएसपी ने किया बालू घाटों पर छापामारी

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूज्य प्रकाश और अंचलाधिकारी नंदकुमार राम ने संयुक्त रूप से सोन नदी में अवैध उत्खनन को रोकने के लिए औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि बड़ेपुर बालू घाट में सोन के बीचोबीच एक ट्रैक्टर बालू का उठाव कर रहा है। वही बालू उठाव कर रहे, ट्रैक्टर के ड्राइवर एवं मजदूर प्रशासन के आहट को देखते ही मौके से भाग निकले । वही इस अभियान में शामिल देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने पुलिस बल के साथ उक्त उक्त ट्रैक्टर को जप्त करते हुए थाना ले आया। इस संबंध में अंचलाधिकारी हुसैनाबाद नंदकुमार राम ने हुसैनाबाद थाना में विधिवत मामला दर्ज कराया । उन्होंने आवेदन में कहा है कि उक्त उक्त ट्रैक्टर अनिरुद्ध सिंह पिता स्वर्गीय कुलदीप सिंह ग्राम नगर पंचायत पुरंदर बीघा थाना हुसैनाबाद निवासी का बताया गया है ।

# हजारीबाग का कोयला कारोबारी बनाकर मुख्तार ने करवा लिया था रूंगटा का अपहरण

## चुनाव लड़ने की मंशा से मांगी थी तीन करोड़ की फिरौती

### ठेकेदार से माफिया और विधायक मुस्ताक अंसारी ने कराया था अपहरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुंबई के बांद्रा जेल में बंद विधायक मुख्तार अंसारी ने अपने गुर्गे और पांच लाख के इनामी अताउर रहमान उर्फ बाबू उर्फ सिकंदर के मार्फत विश्व हिंदू परिषद के कोषाध्यक्ष व बनारस के कोयला कारोबारी नंद किशोर रूंगटा का अपहरण कराया था। नंद किशोर रूंगटा का अपहरण सिकंदर ने हजारीबाग के कोयला कारोबारी बनकर किया था। अपहरण करने के बाद उनके परिजनों से तीन करोड़ की फिरौती मांगी गई थी। फिरौती नहीं मिलने के बाद नंदकिशोर रूंगटा की हत्या कर दी गई थी और शव को प्रयागराज में ठिकाने लगा दिया था। मुख्तार का नंदकिशोर रूंगटा का अपहरण करने के पीछे की मंशा चुनाव लड़ने.के लिए पैसे का इंतजाम का करना था।

### हत्या कर शव को प्रयाग राज में ठिकाने लगा दिया गया था

वर्ष 1997 में भेलूपुर थाना क्षेत्र की जवाहर नगर कालोनी में रहने वाले कोयला कारोबारी के घर बाबू खुद हजारीबाग का कोयला कारोबारी विजय बनकर गया था। घर में बिजनेस डील को लेकर बातचीत के दौरान इनामी बाबू चाय पीने व दस्तावेज दिखाने के बहाने उन्हें घर से बाहर ले गया। इस दौरान कार में बैठाकर कुछ देर तक उसने नंद किशोर रूंगटा को घुमाया। कोयला कारोबार से जुड़े फर्जी दस्तावेज भी दिखाए। इसके बाद चाय पिलाई। चाय में नशीला पदार्थ मिला होने के कारण नंद किशोर सुधबुध खो बैठे। एक दिसंबर, 1997 को नंदकिशोर रूंगटा के भाई महावीर प्रसाद रूंगटा ने थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद पांच जनवरी 1997 को उनके घर फोन कर परिवार जन को उनके अपहरण की जानकारी देते हुए तीन करोड़ रुपये की पेशकश की। जानकारों का कहना है कि इसमें एक करोड़ की पहली किश्त दे भी दी गई लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। जानकारों की माने तो उनकी हत्या कर शव को प्रयाग राज में ठिकाने लगा दिया गया था। इसके बाद गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थानांतर्गत महरुपुर गांव निवासी अताउर रहमान उर्फ बाबू भाग कर नेपाल चला गया। इस मामले की सीबीआइ जांच भी हुई थी, लेकिन अताउर रहमान उनके हाथ नहीं लगा।

### गोमाता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है : अमित चौधरी

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने रविवार को हरमू रोड स्थित रांची गौशाला मे सत्र 23-24 के अपने सामाजिक कार्यों का शुभारंभ गौ माता की सेवा के साथ किया। जिसमें गौ माता को हरा चारा एवं रोटी-गुड़ खिलाया गया। अध्यक्ष अमित चौधरी ने कहा कि गाय माता में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है इसलिए हमने अपनी सामाजिक कार्यों का शुभारंभ गौ माता की सेवा के साथ किया है। मंच के प्रवक्ता रमन बगड़िया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अशोक लाठ, मनीष लोधा व मंच के कई सदस्य उपस्थित हुए।

# एयरपोर्ट रोड में ग्रामीणों व आर्मी के जवानों में नोंकझोंक

### सड़क निर्माण को लेकर हंगामा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रविवार को राजधानी के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के पास सड़क निर्माण को सैन्य जवानों और स्थानीय लोगों के बीच जमकर हंगामा हुआ। यहां बन रही सड़क को लेकर ग्रामीण और आर्मी के बीच नोकझोंक देखने को मिली। मामले की जानकारी मिलने के बाद हटिया डीएसपी राजा मित्रा, एयरपोर्ट थाना प्रभारी समेत जिला पुलिस के कई अधिकारी वहां पहुंचे और मामले को शांत कराया। जानकारी के मुताबिक, विधायक फंड से रांची एयरपोर्ट के हेथू गांव के रास्ते को बनाया जा रहा है। रविवार को सड़क निर्माण के लिए जैसे ही मजदूर पहुंचे तो वहां पर बने आर्मी कैंप के जवानों ने रोड बनाने से मना कर दिया और उन्होंने मजदूरों को काम करने से रोक दिया। इसी को लेकर यहां हंगामा शुरू हो गया। आर्मी के लोगों का कहना है कि गांव जाने वाली मुख्य रास्ते की जमीन सेना की है। ऐसे में आर्मी की अनुमति के बगैर यहां पर किसी भी तरह का निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा।

ग्रामीणों ने कहा कि गांव जाने वाली एकमात्र मुख्य मार्ग के बगल में आर्मी कैंप है, उसके ठीक पीछे बड़ी आबादी वाली गांव बसी है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य मार्ग की रिपेयरिंग बहुत जरूरी है। लोगों को प्रवेश करने में काफी दिक्कत होती है कई बार साथ दुर्घटनाएं हुई हैं। आर्मी के जवानों का कहना है कि जब तक सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति नहीं मिलती तब तक निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा।

इसको लेकर स्थानीय लोगों और सेना के बीच काफी देर तक गर्मागरम बहस होती रही। इस हंगामे की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा, एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद कुमार सहित कई पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और स्थानीय लोगों को समझा-बुझाकर फिलहाल शांत कराया गया है।

# कराटे का दर्शन आत्मरक्षा है : अहमद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन स्कूल आफ मार्शल आर्टस (इस्मा) रांची के अंतर्गत चौथा इस्मा स्कूल नेशनल कराटे चैम्पियनशिप -2023 का आयोजन खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में किया गया। इसमें राज्य के दर्जनों स्कूलों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें अराध्या अर्तिका,अनाया जा?ली तिरू,लाइबा तहसीन, जयश्री नाग,जीशा लकड़ा, कोमल कुमारी ने अपने अपने कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। माही के संयोजक इबरार अहमद मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। चैंपियनशिप में विशिष्ट अतिथि माही के प्रवक्ता मुस्तकीम आलम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इस्मा के तकनीकी निदेशक विमल आनंद नाग ने व मंच संचालन गुलाम जावेद ने किया।

इबरार अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि ये कराटे का यह फन दुनिया को सुंदर और सुरक्षित बनाने का संदेश देता है। सभी बच्चों को इस दर्शन को समझना चाहिए। कहा कि मन,शरीर और आत्मा तीनों के सामंजस्य से मार्शल आर्ट निकलता है। बगैर हथियार के अपनी रक्षा करने की कला है।

मूलतः बौद्ध अनुयायियों ने जन्म दिया। कार्यक्रम में इस्मा के महासचिव कमल किशोर कश्यप,वरीय उपाध्यक्ष राहुल नौशाद आलम, उपाध्यक्ष सतीश सुमन,बेनेट मलिक, गुलाम गौस, लीगल एडवाइजर एस एन दत्त और माही के कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद सलाहुद्दीन भी मौजूद थे।

### रैयतों ने भूमि दान कर मंदिर तक जाने के लिए किया पथ का भूमिपूजन

**हरिहरगंज पलामू ।** नगर पंचायत क्षेत्र के पिपरा गांव में देवी मंडप तक पहुंचने के लिए सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया है । लोका पाण्डेय के वंशजों ने रास्ता के लिए अपनी जमीन दान की है । समाजसेविका सह आंगनबाड़ी वर्क्स यूनियन के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभा देवी के द्वारा रविवार को विधिवत भूमि पूजन के बाद पथ निर्माण कार्य की शुरूआत की गई । स्थानीय ग्रामीणों के साथ भूमिदाताओं ने भी श्रमदान करने के साथ ही आर्थिक सहयोग दिया । निवर्तमान पंचायत समिति सदस्य अखिलेश पासवान ने बताया कि जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर करीब 400 फीट में मिट्टी भरवाकर जमीन को समतल कराया गया । इससे पहले शारदीय नवरात्र तथा चैत्र नवरात्र में महिला श्रद्धालुओं को खेत की पगडंडियों से होकर गुजरना पड़ता था । रास्ता निर्माण होने पर हर्ष जताने वालों में भीष्म देव नारायण पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय, राघव पाण्डेय, धनंजय पाण्डेय, शिवनारायण पाण्डेय, अवधेश राम, इन्द्रदेव राम, संजय राम आदि शामिल थे ।

# देश को एक सूत्र में पिरोने का काम करती है पीएम की मन की बात : कर्नल संजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात के 100 वां संस्करण को भाजपा ने वृहद स्तर पर लिया और भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के हुसैनाबाद आवासीय कार्यालय पर भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष व पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान भी उपस्थित थे। जहां भाजपा के कार्यकताओं के अलावा समाज के दिव्यांग वर्ग तथा महिलाओं को भी यहां बुला कर मन की बात को सुना गया। दिव्यांग संघ के जिला कोषाध्यक्ष उमेश मेहता ने दिव्यांगों को प्रधानमंत्री जी के मन की बात सुनने का अवसर मिला है इसके लिए उन्होंने दिव्यांग संघ की ओर से कर्नल संजय सिंह का आभार प्रकट किया। सरहु निवासी चंपा देवी ने कहा कि हम लोग बहुत गरीबी में गुजर बसर कर



रहे थे लेकिन स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आज सब लोग कुछ ना कुछ स्वरोजगार में लगे हुए। कार्यक्रम के बाद कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि देश को एक सूत्र में पिरोने का काम करती है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात। उन्होंने प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर को गंभीरता से लेते हुए यहां उपस्थित दिव्यांग भाइयों एवं महिलाओं को स्वरोजगार के गुर सिखाए और कहा कि पहले महिलाएं आटा पिसाई, चावल कुटाई छंटाई ,अदौरी चरौरी बनाने का काम घर में करती थी लेकिन अब वे सब करना छोड़ दिया है जिसके कारण वह बेरोजगार हो गए हैं ।

## एक नजर में

### नि:शुल्क मोहल्ला चलंत क्लीनिक की होगी शुरुआत : आदित्य

रांची। स्वस्थ रांची-समृद्ध रांची के तहत झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल के नेतृत्व में रविवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय, पंडरा, रांची में नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप लगाया गया। जिसमें 265 मरीजों का हेल्थ चेकअप किया गया एवं साथ में मुफ्त दवाइयां भी दी गई। शिविर में प्लास्टिक सर्जरी विशेषज्ञ, हड्डी विशेषज्ञ, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, नेत्र विशेषज्ञ, दंत विशेषज्ञ, मधुमेह व मानसिक विशेषज्ञ, बीपी और शुगर के विशेषज्ञ, निसंतानता तथा जनरल फिजीशियन के साथ अन्य चिकित्सकों ने अपना योगदान दिया। इस अवसर पर आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि आयोजित निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप से शहर के काफी लोग लाभान्वित हुए, ये हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है, हमलोगों के सहयोग से कई लोगों के चेहरे में खुशहाली आयी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है इसकी हर किसी को ख्याल रखनी चाहिए। प्रोफेशनल्स कांग्रेस राजधानी वासियों की बेहतर स्वास्थ्य के लिए कतिबद्ध है और जरूरत के अनुसार रांची के विभिन्न वार्डों में निशुल्क हेल्थ कैंप आयोजित कर रही है। साथ ही आगे निशुल्क परामर्श कैंप के रूप में पूरे रांची विधानसभा एवं उसके हर एक वार्ड में मोहल्ला चलंत क्लीनिक खोली जाएगी जिससे शहर के लोगों को काफी फायदा भी होगा। कार्यक्रम में प्रोफेशनल्स कांग्रेस की प्रदेश सचिव मीनाक्षी सिंह,मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सूयस सिन्हा, दंत चिकित्सक एवं सर्जन डॉक्टर जैमेश भगत, आर्किड हॉस्पिटल के एजीएम एडमिनिस्ट्रेशन के ह्रदय ने भी अपना विचार रखा। मेगा हेल्थ कैंप को सफल बनाने वालों में प्रोफेशनल्स कांग्रेस के प्रदेश सचिव मीनाक्षी सिंह, महानगर अध्यक्ष कृष्णा सहाय, ग्रामीण अध्यक्ष संजीव महतो, ऐलेन एंड्रयू, मुंजी सिंह, वार्ड 32 के पार्षद प्रतिनिधि संजय कुमार उर्फ पप्पू सिंह, सुमित साहू, अमरजीत सिंह, राजीव चौरसिया, सूरज झा, प्रेम सिंह, प्रेम कुमार, सोनू सिंह, राहुल बिहारी, श्रीकांत कुमार आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बेहद खराब दौर से गुजर रहा है खनन उद्योग : सतीश

**मेदिनीनगर (पलामू) ।** पलामू जिला माईस एंड क्रसर एसोसिएशन ने छतपुर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अवैध खनन व भंडारण के विरूद्ध किए गए कार्रवाई का समर्थन किया है। लेकिन इस कार्रवाई में वैध लाईसेंस होने के बाद भी दो स्टोन क्रसर को ढाहने के तुगलकी फरमान का विरोध भी किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश कुमार तिवारी ने बताया कि वैसे भी पहले से पलामू जिला का खनन उद्योग बेहद खराब दौर से गुजर रहा है। वैध काम करने वालों को भी प्रशासन या पुलिस के अधिकारी संदेह की नजर से देखते है। स्थिति यह होग गई है कि खनन पट्टाधारी या अनुज्ञप्तिधारियों को नहीं करने के बाद भी यह लगने लगा है कि वे कोई गुनाह कर रहे है। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि हालात यही रहें तो पलामू मे पत्थर उद्योग शीघ्र समाप्त हो जाएगा। बताया कि शनिवार को निरीक्षण के दौरान छतरपुर एसडीओ को दो क्रसर के संचालकों द्वारा सभी कागजात दिखाए गए थे, बावजूद इसके उनकी एक नहीं सुनी गई। एसडीओ ने वैध क्रसर को ध्वस्त करने का आदेश दे दिया। जबकि जेम्स पोर्टल पर उक्त दोनों के लाईसेंस को वैध दशार्या जा रहा है। यहीं नहीं इस पूरी कार्रवाई में जिला खनन विभाग को भी विश्वास में नहीं लिया गया। उन्होंने वैध कार्य को अवैध बताकर भयादोहन के प्रयासों का विरोध किया है। साथ ही रवैये में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

### भाजपा कार्यकर्ता ने सुनी पीएम के मन की बात

**हरिहरगंज पलामू।** भाजपा कार्यकर्ता तथा अन्य लोगों ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100वां एपिसोड का प्रसारण देखा। भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम सहित कई भाजपा कार्यकताओं और लोगों ने स्क्रीन के माध्यम से मन की बात सुनी।

# एसडीओ ने की हरिहरगंज के कई क्रशर प्लांट में छापेमारी, पहले से सील क्रशर चालू मिले

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर छतरपुर एसडीओ नरेंद्र कुमार गुप्ता ने हरिहरगंज अंचलाधिकारी के साथ बलरा गांव के समीप बटाने नदी किनारे संचालित स्टोन क्रशर प्लांट पर छापेमारी किया। छापेमारी टीम को देखकर क्रशर संचालकों में हड़कंप मच गया। एसडीओ ने बताया कि जांच में पाया गया कि हरिहरगंज में 25 क्रशर संचालित है । इसमें एक का भी वैद्य लीज नहीं है । इस दौरान बलरा में राजा स्टोन चिप्स प्रोपराइटर चंदन सिंह, बंदे पुरुषोत्तम स्टोन चिप्स संचालक संतोष सिंह, जय मां शक्ति स्टोन चिप्स संचालक हरेंद्र सिंह, जय गुरु स्टोन चिप्स संचालक दिल रंजन सिंह, आनंद स्टोन चिप्स संचालक आनंद कुमार सिंह ,बाबा मुक्तेश्वर स्टोन चिप्स संचालक प्रभात सिंह तथा सुनील सिंह,प्रदीप



सिंह का क्रशर संचालित पाया गया। गौरतलब हो कि इनमें आनंद कुमार सिंह,प्रभात सिंह, सुनील सिंह,प्रदीप सिंह का क्रशर जो पूर्व से ही सील थे। वह भी नियम के विरुद्ध संचालित पाए गए। जांच के दौरान क्रेशर पर अवैध तरीके से भंडारण किया हुआ भारी मात्रा में स्टोन भी बरामद किया गया। एसडीओ ने पिपरा के लीज धारकों से जानकारी लेने के बाद बताया कि क्रशर संचालक लीज धारकों से कभी भी पत्थर का क्रय नहीं किया है।

### अपहरण और यौन शोषण के दो आरोपी गिरफ्तार

**नावाबाजार पलामू ।** नावाबाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने अपहरण व यौन शोषण के दो अलग-अलग घटना के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। पहले कांड संख्या 43/23 धारा 376 आईपीसी पोक्सो एक्ट के तहत ग्राम ताली निवासी सह भाजपा के नावाबाजार मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव के पुत्र विशाल कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इधर दूसरी घटना में ग्राम कंडा निवासी उमेश विश्वकर्मा के पुत्र गोविंद विश्वकर्मा उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । मालूम हो कि कांड संख्या 44/23 में दो अभियुक्त हैं जिसमें एक अन्य आरोपी कुलदीप सिंह का पुत्र सुनील सिंह फरार है। सुनील सिंह भी कडा का रहने वाला है। आरोपियों ने गमछा से मुंह बांध दिए और हथियार का भय दिखाकर बाइक पर बैठा कर करमा चेराई जंगल में ले जाकर रात में शारीरिक संबंध बनाया।

# सिविल सोसाइटी का गठन कर विकास की गति तेज करे नगर पंचायत : अरविंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू ।** झारखण्ड में सभी नगर निकायों को भंग कर दिया गया है। जिसके के कारण निकाय का सारा नियंत्रण अब अधिकारियों और बाबुओं के हाथ में चला गया है। छतरपुर नगर पंचायत के कार्यालय में अब सन्नाटा पसरा है पूर्व निर्वाचित सभी जन प्रतिनिधियों के कार्यालय को बंद कर दिया गया है। जलस्तर नीचे चले जाने के कारण सर्वत्र हाहाकार मचा है। आज आलम ये है कि लोगों का पानी के बिना जीना मुश्किल हो गया है। इस सम्बंध में नगर की कई समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराने के हेतु छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष सह नगर अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी



अरविंद गुप्ता चुनमुन ने चौदह सूत्री मांग पत्र छतरपुर नगर के कार्यपालक अधिकारी को उनके कार्यालय वेश्म में सौंपा। मंच के द्वारा कार्यपालक अधिकारी को जिन 11 सूत्री मांगों के साथ ज्ञापन सौंपा गया है उनमें कई मांगें बेहद महत्वपूर्ण हैं। नगर पंचायत भंग होने की स्थिति में सिविल सोसाइटी का नगर में गठन करने, साथ ही सोसाइटी के साथ नगर पंचायत बैठक कर नगर पंचायत में व्याप्त जलसंकट और अन्य समस्याओं का हल निकाले। प्रस्तावित ऑटो और बस स्टैंड को अविलम्ब शुरू कराने, चापानल गड़वाने के लिए नगर पंचायत के द्वारा ली जाने वाली सुविधा शुल्क को खत्म किया जाय। नगर पंचायत में बाहर के किसी भी बोरवेल गाड़ी से बोरिंग कराने का प्रावधान लागू करने, सभी वार्डों में टैंकरों द्वारा पेयजल आपूर्ति लगातार सुनिश्चित हो। नगर में सिविल सोसाइटी का गठन कर नगर पंचायत की नली, गली और पेयजल की समस्या का समाधान किया जाए, नगर पंचायत के सभी खराब पड़े चापानलों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए। नगर के सभी खराब जलमिनारों की मरम्मत कराई जाए। नगर में पेजल स्वच्छता विभाग के द्वारा सोन नदी से प्रस्तावित जलापूर्ति हेतु पर पानी टँकी का शीघ्र निर्माण करने, साथ ही नगर में पाइप लाइन बिछाने का कार्य शीघ्र सुनिश्चित कराने तथा अति जल संकटग्रस्त इलाकों को चिन्हित कर नए जलमिनारों की स्थापना करने। पूर्व में बनाये गए नाली, सड़क आदि योजनाओं में लूट की गुणवत्ता की जांच कराई कराने। पीएम आवास के लाभुकों को घर निर्माण हेतु पेंडिंग पड़े किस्तों का अविलम्ब भुगतान सुनिश्चित कराने। नगर पंचायत में कार्यदिवस पर कार्यरत सफाईकर्मियों की बकाए मानदेय का भुगतान करने। श्री अरविंद ने कहा कि नगर चुनाव के पांच साल बीत गए।

### नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन

**रामगढ़ पलामू ।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ पलामू भुक्ति कमेटी के द्वारा रविवार को रामगढ़ प्रखंड में मुफ्त मेडिकल जांच, अन्न दान व वस्त्र दान शिविर का आयोजन किया गया। संघ के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति जी का 5 मई को 102 वां जन्म उत्सव है। जिसे लेकर जिले के तमाम आनंदमार्गी हर्षोल्लास के साथ जन्मोत्सव मना रहे हैं। इसी उपलक्ष में रविवार को जिले के रामगढ़ स्थित जागृति परिसर में तीन घंटे का अखण्ड कीर्तन का आयोजन किया गया। बाबा नाम केवलम अष्टाक्षरी मंत्र से पूरा वातावण गूंजता रहा। उसके बाद करीब 300 से अधिक लोगों के बीच अन्न दान, वस्त्र दान व मुफ्त मेडिकल कैंप लगाया गया। लोगों के मुफ्त में मेडिकल जांच कर उन्हें दवाइयां दी गई। इस अवसर पर भुक्ति प्रधान मधेश्वर, आचार्य ब्रजगोपालआनंद अवधूत, बैजनाथ, एडवोकेट लक्ष्मण , विश्वनाथ, डॉ विनीत, रामसरुप, मणिकांत, सरोज, बृज कुमार, वीनोद, चंदू , पुनम, शारदा, मुन्नी, अशोक, जेठू पासवान, राज किशोर व सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



# जन आंदोलन का रूप ले चुका है प्रधानमंत्री का रेडियो संबोधन मन की बात : रघुवर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महानगर में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 100वें संस्करण का लाइव प्रसारण चार सौ से अधिक स्थानों पर किया गया। इस अवसर को खास बनाने के लिए भाजपा जमशेदपुर महानगर के नेताओं-कार्यकताओं ने विशेष तैयारी की। पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात का महानगर अंतर्गत चारों विधानसभा के 28 मंडलों के हजारों बूथों पर आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के वरीय नेताओं एवं कार्यकताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल रहे। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के बारीडीह मंडल अंतर्गत बिरसा मुंडा टाउन हॉल में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पटमदा के महुलबना पंचायत में सांसद विद्युत वरण महतो, पोटका विधानसभा के बागबेड़ा क्षेत्र अंतर्गत साई मंदिर सभागार में पूर्व विधायक मेनका सरदार, भुइयांडीह पार्क में भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, बमार्माइंस मंडल अंतर्गत उत्सव भवन में पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, जिला महामंत्री राकेश सिंह एवं साकची धालभूम क्लब में भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, घोड़ाबांधा क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की धर्मपत्नी मीरा मुंडा, मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रभारी जितेंद्र राय, भाजयुमो जमशेदपुर के द्वारा रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्षगण, जिला पदाधिकारी, मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा के जिलाध्यक्षों ने विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100वीं मन की बात का श्रवण किया। इस दौरान विभिन्न मंडलों के मंडल अध्यक्ष एवं हजारों कार्यकर्ता के संग आमजन व बूथ समिति के कार्यकर्ता व पन्ना प्रमुख शामिल हुए। बिरसा मुंडा टाउन हॉल में प्रधानमंत्री के संबोधन के उपरांत मीडिया से बात करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मन की बात के 100वें एपिसोड पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 3 अक्टूबर 2014 को विजयादशमी के दिन शुरू हुए मन की बात कार्यक्रम एक अनुठा और अपनी तरह का पहला रेडियो कार्यक्रम है। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र निर्माण के लिए जनभागीदारी की भावना को बढ़ावा देते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात के माध्यम से न केवल राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की जानकारी देते हैं बल्कि लोगों को प्रेरित, आग्रह तथा उनके उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा भी करते हैं। पिछले साढ़े आठ वर्षों में मन की बात कार्यक्रम समाज के सभी क्षेत्रों के प्रबुद्ध नागरिकों की अपनी राय, चिंताओं, सुझावों को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम बना है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के परिर्वतन के उत्प्रेरक के रूप में स्वच्छ भारत अभियान, हर घर तिरंगा अभियान, कोविड 19 टीकाकरण अभियान, वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत जैसे अनेकों अभियान के माध्यम से जनभागीदारी का आग्रह कर इसे जनांदोलन बना दिया। पूर्व सीएम ने मन की बात के सफलतापूर्वक आयोजन पर जमशेदपुर महानगर के चारों विधानसभा एवं पूरे कोल्हान के भाजपा कार्यकताओं को बधाई दी। कहा कि मन की बात कार्यक्रम के जरिये पीएम नरेंद्र मोदी देशवासियों को आपस में जोड़ने का कार्य करते हैं। हम सभी को प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक मन की बात कार्यक्रम का श्रवण करना चाहिए।


टाउन हॉल में मन की बात सुनते पूर्व सीएम रघुवर दास, वरिष्ठ भाजपाई व प्रबुद्ध जन।

## एक नजर में

### सेंदरा पर्व आज, दलमा राजा की पूजा के बाद पहाड़ पर पहुंचे शिकारी

**जमशेदपुर।** दलमा पहाड़ पर आदिवासियों की पारम्परिक सेंदरा पर्व सोमवार को मनाया जायेगा। रविवार को दलमा राजा राकेश हेम्ब्रम में फदलोगोड़ा स्थित दलमा की तराई में पूजा अर्चना की और मुर्गों की बलि दी। इसके बाद कोल्हान समेत सीमावर्ती प बंगाल और ओडिसा के शिकारी पारम्परिक हथियारों के साथ शिकार पर रवाना हो गए। वन विभाग ने आदिवासी युवाओं से जानवरों का शिकार करने की जगह मात्र सांकेतिक शिकार करने का आह्वान किया है। आदिवासियों के साथ पेशेवर शिकारी अग्नेयास्त्र और जाल के साथ दलमा पहाड़ न चढ़ जाये इसके लिए वन विभाग ने एक दर्जन से अधिक जगहों पर चेक नाका लगाया है।

### भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ ने नीरज सिंह के नेतृत्व में सुनी मन की बात

**जमशेदपुर।** आज भारतीय जनता पार्टी, व्यावसायिक प्रकोष्ठ झारखंड प्रदेश के द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का श्रवण कार्यक्रम जमशेदपुर, साकची स्थित धालभूम क्लब में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जमशेपुर के 500 व्यवसाई और प्रबुद्ध जनों ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर मन की बात को सुना और श्री नरेंद्र मोदी जी के बातों से काफी उत्साहित और प्रभावित हुए। कार्यक्रम के उपरांत नीरज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस बार मन की बात का 100वें संस्करण के माध्यम से जनता से संवाद किया गया। इसमें श्री मोदी जी ने इस 100वें संस्करण पर देश की जनता का आभार व्यक्त किया । उन्होंने कहां की देश के लोगों के साथ जुड़े रहने का यह एक बहुत ही अच्छा माध्यम है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा हर तबके के लोगों के बारे में चर्चा की गई जैसे झारखंड में डिजिटल लाइब्रेरी चलाने वाले संजय कश्यप तो कहीं जल संरक्षण करने वाले, पहाड़ी क्षेत्रों की सफाई में लगे लोग इन सभी लोगों को प्रधानमंत्री जी ने देश के सच्चे हीरो बताया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने लोगों से अपील की कि वे विदेश के पर्यटक स्थल जाने की बजाय पहले अपने भारत के कम से कम 15 पर्यटन स्थलों का दर्शन करें और बच्चों को घुमाएं ।

### शिवशंकर सिंह ने साथियों संग केबुल वेल्फेयर हॉल में सुनी मन की बात

**जमशेदपुर।** 'कोशिश एक मुस्कान लाने की' समाजसेवी संस्था ने शहर के केबुल टाऊन स्थित 'केबुल वेलफेयर क्लब' में ' सामूहिक ' मन की बात ' सुनने का आयोजन किया। इस आयोजन में पुरुषों के साथ ही महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने 'मन की बात' कार्यक्रम को बड़ी तन्मयता के साथ सुना। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद 'कोशिश एक मुस्कान लाने की' समाजसेवी संस्था के संरक्षक शिवशंकर सिंह ने कार्यक्रम में मौजूद श्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में मुन्ना अग्रवाल, बीरेंद्र सिंह, वरुण कुमार,निर्भय सिंह,राजीव कुमार, हवलदार बिरजू, सुखदेव सिंह, सुखविंदर सिंह, हवलदार विजय, अवधेश कुमार, सुभाष कुमार, जगदीश कुमार, आर बी सिंह, रामाकांत सिंह, निर्भय सिंह, कुंदन चंद्रा, अखंड प्रताप सिंह, भगवती सिंह, राम रेखा सिंह, बच्चा सिंह, संजय सिंह, संदीप सिंह, बन्टी सिंह गिल, रविन्द्र सिंह गिल, रामस्वरूप सिंह, राजेश सिंह 'बम' गोविंद राव, कंचन दा, सुभाष जी, सत्येन्द्र सिंह, रवि शंकर सिंह, लालचंद सिंह, अमर सिंह, उमेश सिंह, राकेश सिंह, राजेश सिंह, जितेंद्र सिंह, राजा अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### अमित अग्रवाल के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**जमशेदपुर।** आज भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री अमित अग्रवाल जी के नेतृत्व में साकची राम लीला मैदान में 300 युवाओं ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात के 100 वे एपिसोड को सुना । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल सारंगी जी उपस्थित थे । कार्यक्रम में मुख्य रुप से शशांक शेखर ,सुमित श्रीवास्तव,प्रकाश दुबे ,सन्नी संघी,सौरव कुमार,विकास सिंह ,मनोज ओझा ,राम सिंह ,प्रियांशु ,विक्की,अंकेश भुइयाँ,मुन्ना कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### आनंद मार्ग के शिविर में 52 यूनिट रक्तदान

**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं शिवा ट्रांसपोर्ट कंपनी की ओर से एक दिवसीय 81वा मासिक रक्तदान शिविर का आयोजन जमशेदपुर ब्लड बैंक में किया गया, जिसमें लगभग 52 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। मानव कल्याण के लिए एवं लगभग 100 पौधों रक्तदाताओं एवं ब्लड बैंक केंपस में उपस्थित लोगों के बीच वितरण हुआ जो प्राकृतिक कल्याण के लिए किया गया। प्रत्येक रक्त दाताओं के बीच इच्छा अनुसार पौधा आनंद मार्ग के रक्त दाताओं के बीच आनंद मार्ग के रक्त दाताओं को टाटा वर्कर्स यूनियन के ज्ञान रंजन के हाथों प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में, शिवा ट्रांसपोर्ट के सुमित कुमार, राहुल शर्मा, नितेश पांडे, आनंद मार्ग के समीर सरकार, देवव्रत दत्ता, राजेंद्र गुप्ता एवं सुनील आनंद का सहयोग रहा।

### ओल चिकी विरोधियों का पुतला फूंका

**पटमदा।** रविवार को माझी पारगना माहाल, संताली छात्र संघ, अनोलिया गांवता एंव आसेका पटमदा के संयुक्त तत्वधान में शिक्षा सचिव के. रवि कुमार, किरण कुमारी पासी सभी ओल चिकी विरोधियों का बेलटाँड़ चौक पर पुतला फूंका गया। जहां एक ओर ओल चिकी पूरे विश्व के संथाल समाज को एक सूत्र में बांधने का काम कर रहा है इसके लिए झारखंड शिक्षा विभाग ने ओल चिकी में पुस्तकें छपवाने पर सहमति भी जताई पर केवल संथाल परगना कुछ तथाकथित ओल चिकी विरोधियों द्वारा ईसाई मिशनरियों के इशारों पर विरोध में ओल चिकी लिपि का विरोध के वजह से ओल चिकी से पुस्तकों की छपाई ठन्डे बस्ते में डाल दी गई हैं।

### रांची में आयोजित न्याय यात्रा में सहिस के साथ शामिल हुए जिले के हजारों कार्यकर्ता

**जमशेदपुर।** रविवार को आजसू पार्टी द्वारा प्रदेश स्तरीय समाजिक न्याय यात्रा निकली जो हरमू मैदान से शुरूवात हुई और मोहराबादी मैदान पर समाप्त हुईऔर मोहराबादी मैदान में एक सभा में तब्दील हुआ। उक्त यात्रा को सफल बनाने हेतु पूर्वी सिंहभूम जिला समिति ने विधानसभा स्तरीय कमेटी बना कर अत्यधिक संख्या में आजसू कार्यकताओं को ले जाने का निर्णय लिया था। इस कड़ी में जुगसलाई विधानसभा से पूर्व मंत्री सह रामचंद्र सहिस, बहरागोड़ा से फणिभूषण महतो, घाटशिला से बुद्धेश्वर मुर्मू, पोटका से बुल्लू रानी सिंह सरदार , और पूर्वी विधानसभा की कमान जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने जिम्मेदारी लिया था। कन्हैया सिंह ने सभी प्रभारियों के साथ साथ पूरे जिला के सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दिए और कहा की जिस एकजुटता और आत्मविश्वास के साथ हजारों की संख्या में लोग रांची पहुंचे और पार्टी सुप्रीमो श्री सुदेश कुमार महतो के हाथो को मजबूत करने और राज्य के ज्वलंत विषयो पर आजसू पार्टी के संघर्ष में सहभागिता निभाने में अग्रणी भूमिका निभाई। कन्हैया सिंह ने कहा की राज्य सरकार अपने बच्चे हुए गिनती के पन्ने गिन रही है क्युकी राज्य के युवा नौजवान, महिला, और स्कूली बच्चे समझ चुके है की ये सरकार सिर्फ घोषणाओं की सरकार है ये सरकार सिर्फ धोखेबाजों की सरकार है ये सरकार सिर्फ लूट और झूठ की सरकार है जिनके वादे कभी पूरे नही होंगे और सिर्फ अपने पैकेट भरने के लिए खनिज सम्पदा की लूट मचाएं हुए है।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने सीनियर जीएम मानस मिश्रा को दी विदाई


मानस मिश्रा को विदाई देते आरके सिंह व साथी।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आज 30 अप्रैल 2023 को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के प्रांगण में टाटा मोटर्स से सेवानिवृत्त हुए सिनियर जी एम मानस मिश्रा जी को विदाई एवं सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह, महामंत्री श्री आरके सिंह, ई आर हेड सौमिक रॉय, एड्मिनिस्ट्रेशन हेड बी ऐन सिंह, टाउन हेड रजत सिंह समस्त आफिस बेयरर, कमिटी मेम्बर एवं आर के सिंह फैंस क्लब के लोग उपस्थित थे। महामंत्री आर के सिंह जी ने अपने संबोधन में कहा की मानस मिश्रा जी का टाटा मोटर्स के उन्नति में अहम् योगदान रहा एवं सामाजिक कार्यों में भी उनका योगदान सराहनीय है हम ईश्वर से प्रार्थनाकरते हैं कि उनका जीवन कुशहाल रहे।

अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने कहा इस सामाजिक कार्यों में इनका योगदान इन्हें विरासत में मिली है उनके माता पिता भी सामाजिक कार्यों में काफी योगदान दिए हैं। ई आर हेड सौमिक रॉय जी ने कहा सर आपका मार्गदर्शन एवं स्नेह हमेशा मिलता रहा है। मानस मिश्रा जी ने अपने संबोधन में कहा कि मैं हमेशा की तरह आपकी सेवा में तत्पर रहूंगा।

### नेपाल में सम्मानित हुए डॉ मानस

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री और अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन के संस्थापक सह मुख्य संरक्षक डा एम एस सिंह मानस को नेपाल प्रवास के दौरान उनके सामाजिक एकजुटता के विशिष्ट प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। उन्हे यह सम्मान नेपाल राष्ट्रीय मधेशी आयोग की सदस्या आभा सिंह और नेपाल वीरांगना की सहयोगियों के द्वारा दिया गया।

# मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रतिबंधित पिस्तौल पर डीजीपी ने मांगी रिपोर्ट

## पिस्तौल का मामला सीएस व डीजीपी तक ले गये विधायक सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा प्रतिबंधित ग्लौक पिस्तौल अवैध रूप से खरीदने, अवैध रूप से जमशेदपुर लाने, ज़िला के आर्म्स मजिस्ट्रेट के यहाँ गलत रिपोर्ट देने, कदमा थाना में आधी-अधूरी जानकारी देकर प्रतिबंधित पिस्तौल अवैध रूप से अपने घर में रखने और सार्वजनिक स्थान पर प्रतिबंधित पिस्तौल से फायरिंग करने की शिकायत और जानकारी ज़िला प्रशासन और पुलिस को मिलने के तीन दिन बाद भी इस मामले में कोई कारवाई होने की सूचना नहीं है। इस मामले को लेकर विधायक सरयू राय ने दूरभाष पर राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस निदेशक के जानकारी दी और कहा कि वे इस बारे में ज़िला के उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक से इस संबंध में एक स्वभारित प्रतिवेदन माँगें। मैंने उनसे कहा कि एक मंत्री की गैरकानूनी गतिविधियों पर हाथ डालने में और कानूनी कदम उठाने में लगता है कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस असहज महसूस कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में राज्य के पुलिस एवं प्रशासनिक मुख्यालय से इन्हें आवश्यक समर्थन और निर्देश मिलना आवश्यक है ताकि ये अपने वैधानिक दायित्व का निर्वहन कर सकें। पुलिस महानिदेशक से सरयू राय ने कहा कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने 21 जनवरी 2023 को ग्लौक पिस्तौल की खरीद बिक्री को अवैध ठहराते हुए सभी राज्यों को लिखा है कि यदि किसी ने यह पिस्तौल रखा है तो उसे जप्त कर सरकारी मालखाना में जमा करायें। जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र में निवास करने वाले स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के पास यह प्रतिबंधित पिस्तौल है। पत्रकारों के एक स्थानीय कार्यक्रम में एक दिन इन्होंने इससे फायरिंग भी किया है। विधायक ने डीजीपी को बताया कि इस कांड की सूचना जमशेदपुर ज़िला प्रशासन को मिले तीन दिन हो गये। पर इन्होंने कोई कारवाई नही की है।

इन्हें चाहिए था कि वे अविलंब यह प्रतिबंधित पिस्तौल जप्त कर मालाखाना में जमा करते और आर्म्स एक्ट की धारा-7 काँ उलंघन करने के लिये प्रतिबंधित पिस्तौल के धारक स्वास्थ्य मंत्री के विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा- 25 अ के तहत कारवाई करते। मंत्री की गैरकानूनी हरकत के लिए उनके विरूद्ध कारवाई करते, एफआईआर दर्ज कर अनुसंधान करते, पर ऐसा हुआ नही। विधायक ने कहा कि डीजीपी झारखंड भलीभाँति अवगत हैं कि प्रतिबंधित पिस्तौल रखने के इस जुर्म की कम से कम सजा 7 साल की है। सजा की सीमा 14 साल तक हो सकती है। ऐसी स्थिति में जमशेदपुर की पुलिस एक संगीन जुर्म का मूकदर्शक बनी हुई है। सिर्फ. इसलिए कि यह संगीन जुर्म करने वाला व्यक्ति सरकार में कैबिनेट मंत्री है। एक साधारण व्यक्ति ऐसा जुर्म किया होता तो पुलिस उसे सलाखों के पीछे पहुँचा चुकी होती। न्याय की नजर में हर व्यक्ति समान है। समान जुर्म की सजा समान है। पर जमशेदपुर पुलिस इस न्यायिक सिद्धांत का पालन नहीं कर रही है। मंत्री होने के कारण एक व्यक्ति कानून का धड़ल्ले से उलंघन कर रही है और पुलिस प्रशासन लाचार बना हुआ है। विधायक ने बताया कि उन्हें डीजीपी, झारखंड ने आश्वस्त किया कि वे इस आशय का प्रतिवेदन यथाशीघ्र ज़िला के एसएसपी से माँगेंगे और उचित कारवाई का निर्देश देंगे।

## पूरे देश को एक सूत्र में पिरो रहा है मन की बात : सांसद

खबर मन्त्र ब्यूरो


ग्रामीणों के साथ मन की बात सुनते सांसद विद्युतवरण महतो।

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के रेडियो संबोधन मन की बात के 100वें संस्करण को सांसद विद्युत वरण महतो ने आज पटमदा मंडल के मोहुलबना ग्राम में बूथ संख्या 138 पर सुनी। आज बूथ पर मन की बात कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विशेष तैयारी की गई थी। इस कार्यक्रम में आज प्रातः 10:00 बजे से ही ग्रामीण कार्यक्रम स्थल पर उत्सुकतावश पहुंचना शुरू हो गए थे।कार्यक्रम के आयोजन को सुनने एवं देखने के लिए विशाल आकार 12/8 फीट का एल सी डी स्क्रीन लगाया गया था। आसपास के छोटे-छोटे गांव से बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवा के साथ-साथ वरीय नागरिक भी कार्यक्रम में शिरकत करने आए थे। कार्यक्रम शुरू होने के पूर्व स्थानीय महिलाओं ने आरती की एवं सांसद सहित सभी गणमान्य जनों को तिलक लगाकर अभिवादन किया। इसके पश्चात शंख बजा कर कार्यक्रम की शुरूआत की। 11:00 बजे जब कार्यक्रम प्रारंभ हुआ उस समय पूरा का पूरा पंडाल खचाखच भरा हुआ था। कार्यक्रम के शुरू होने से पूर्व सांसद श्री महतो ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया एवं कहा कि प्रधानमंत्री जी के इस कार्यक्रम ने पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। इसने देश के सम्पूर्ण जनमानस को छूने का काम किया है साथ ही यह सेतु हिमाचल की आवाज बनी है। यह कार्यक्रम समाज में परिवर्तन का सशक्त कारक बन कर उभरा है। आज इस कार्यक्रम में लगभग डेढ़ हजार के आसपास ग्रामीण शामिल हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पटमदा के मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्ता, बूथ अध्यक्ष सुनील महतो, पंचायत के प्रभारी बंकिम महतो, वार्ड सदस्य श्री महतो किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुचिराम बाउरी ,सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो विगत कई दिनों से प्रयासरत थे। आज कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल होने वालों में गणमान्य व्यक्तियों में पटमदा प्रखंड के प्रमुख बालिका मुर्मू ,जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, फनी भूषण महतो, गिरजा प्रसाद मिश्रा, प्रदीप महतो, संदीप मिश्रा, कृपासिंधु महतो,ग्राम प्रधान रजनी महतो, वासुदेव मंडल, विजय तिवारी, दिलीप सिंह, आनंद शर्मा, दीपू शर्मा, संजीव कुमार शामिल थे।

### डॉ जटाशंकर पांडेय ने शंकोसाई में सुनी मन की बात

**जमशेदपुर।** रविवार को डॉ जटा शंकर पांडे प्रदेश कार्य समिति सदस्य के नेतृत्व में दुर्गा मंदिर रोड नंबर 1 शंकोसाई में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100 वें एपिसोड का सामुहिक रूप से श्रवण किया गया।

## भाजपा महानगर अध्यक्ष ने भुइयांडीह पार्क में कार्यकर्ताओं संग सुनी मन की बात



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में मन की बात कार्यक्रम का वृहद रूप में आयोजन किया गया। जहां हजारों भाजपा कार्यकताओं एवं स्थानीय निवासियों ने बड़े एलईडी स्क्रीन पर पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वीं कड़ी को पूरे तन्मयता एवं एकाग्रता के साथ सुना। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर महानगर में कार्यक्रम की सफलता को लेकर बूथ स्तर पर प्रभारी नियुक्त किये गए थे। उन्होंने प्रधानमंत्री के मन की बात के जरिए जनता से सीधे संवाद को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आजाद भारत में ऐसा पहली बार हुआ है, जब इस प्रकार से कोई प्रधानमंत्री जनता से सीधे संवाद स्थापित कर देश के कोने-कोने में रहने वाले लोगों से जुड़ने का प्रयास किया है। विभिन्न मंडल अंतर्गत हजारों बूथों पर मन की बात कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण:* जमशेदपुर महानगर अंतर्गत 28 मंडलों के हजारों बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का भव्य रूप से आयोजन किया गया।

# कॉरपोरेट वर्ल्ड में सिर्फ आइक्यू और इक्यू ही नहीं, बल्कि एसक्यू भी है जरूरी : डॉ पुष्प कुमार जोशी

## एचपीसीएल के चेयरमैन को मिला फादर इ अब्राहम मेडल फॉर इंडस्ट्रीयल एंड मैनेजमेंट डेवलपमेंट का खिताब

### एक्सएलआरआइ के दिल्ली-एनसीआर कैंपस का द्वितीय दीक्षांत समारोह संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



दीक्षांत समारोह में प्रसन्नचित्त छात्र-छात्राएं, एचपीसीएल के चेयरमैन डॉ जोशी को सम्मानित करते निदेशक।

**जमशेदपुर।** शनिवार को एक्सएलआरआइ के दिल्ली कैंपस में संस्थान के दूसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें एक्सएलआरआइ के पीजीडीएम (बीएम) के कुल 107 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में एचपीसीएल के चेयरमैन डॉ पुष्प कुमार जोशी उपस्थित थे। संस्थान की ओर से उन्हें फादर इ अब्राहम मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड मैनेजमेंट डेवलपमेंट से भी नवाजा गया। उन्होंने संस्थान के सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉरपोरेट लाइफ ही सब कुछ नहीं है। उससे बड़ा भी जीवन है। कॉरपोरेट लाइफ जीवन का एक छोटा सा अंश है। डॉ जोशी ने कॉरपोरेट लाइफ व सामान्य जीवन में संतुलन बनाने का आह्वान किया. कहा कि आम तौर पर एक इंसान में आइक्यू व इक्यू की काफी डिमांड होती है, लेकिन इसके अलावा हर इंसान में एसक्यू ( स्प्रीचुअल क्वांटिनेंट्स ) के होने पर बल दिया। उन्होंने डिग्री हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि वे अपने जीवन के एक-एक पल को सकारात्मक दिशा में कार्य करने में लगाएं। साथ ही हमेशा सीखने की प्रवृति रखने का आह्वान किया। इससे पूर्व एक्सएलआरआइ दिल्ली-एनसीआर कैंपस के डायरेक्टर फादर केएस काश्मीर ने वार्षिक प्रतिवेदन पेश करते हुए 100 प्रतिशत प्लेसमेंट से संबंधित बातें कही। कहा कि प्लेसमेंट के मामले में एक्सएलआरआइ का नाम देश के टॉप 10 मशहूर इंस्टीट्यूट में शामिल हैं वहीं, एक्सएलआरआइ जमशेदपुर कैंपस के डायरेक्टर फादर एस. जॉर्ज ने सभी को संबोधित करते हुए प्रोफेशनल लाइफ में हमेशा पर्वतारोही की तरह आगे बढ़ते रहने का आह्वान किया। कहा कि जीवन में हर घटना एक सीख देती है, इससे सबक लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में केपीएमजी के सीइओ चड्ढ़ा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की ओर से तीन गोल्ड मेडल दिये गये जिसमें ओवरऑल एकेडमिक एक्सीलेंस का अवार्ड युद्धवीर मलिक, एकेडमिक एक्सीलेंस फॉर वीमेन का खिताब आरा शाह जबकि ऑलराउंडर स्टूडेंट का पुरस्कार ऋषिकेश प्रमोद नायर को दिया गया।

# चाईबासा में नक्सलियों के आठ कैंप ध्वस्त सर्च ऑपरेशन तेज, कई सामान बरामद

## पुलिस की भनक लगते ही भाग निकला एक करोड़ का इनामी नक्सली मिहिर बेसरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस एवं सुरक्षा बलों ने गोइलकेरा- मनोहरपुर सीमा क्षेत्र की गम्हरिया पंचायत अंतर्गत अंबिया गांव के जंगल में रविवार को नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया। हालांकि, नक्सलियों को पुलिस के आने की भनक लगते ही भाग निकला एक करोड़ का इनामी नक्सली मिहिर बेसरा भाग निकला। इस दौरान पहाड़ी पर बनाये गये नक्सलियों के आठ कैंप को ध्वस्त करते हुए 21 चूल्हों को नष्ट किया। वहीं 28 टेंट, डेटोनेटर, सिरिंच और इलेक्ट्रिक वायर भी बरामद किया गया। नक्सलियों के शीर्ष नेता एवं एक करोड के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा की टीम मौजूद थी। इस दस्ते को पकड़ने के लिए पुलिस व सुरक्षाबल का सर्च ऑपरेशन जारी है।

**मोर्चा बनाकर रह रहा था मिसिर बेसरा:** जानकारी के अनुसार, जिला बल के जवान, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ की तीन बटालियन के सुरक्षाबलों ने जंगल में छिपे भाकपा माओवादी के नेता मिसिर बेसरा सहित उसके दस्ते को पकड़ने की योजना के तहत रविवार को कार्रवाई की गयी।



बताया गया कि इनामी नक्सली मिसिर बेसरा के इस टीम में अमित मुंडा, अजय महतो, अनमोल, मोछू, चमन, कांडे, सागेन अंगरिया और अश्विन सहित करीब 30-35 नक्सली मौजूद थे। पुलिस और सुरक्षाबलों के आने की भनक लगते ही यह दस्ता वहां से निकल भागा। सूत्रों की मानें, तो पुलिस को अंबिया गांव के जंगल में मिसिर बेसरा के दस्ते द्वारा मोर्चा बनाये जाने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद वहां सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था, लेकिन पुलिस और सुरक्षाबलों के गोइलकेरा पहुंचने की भनक इस दस्ते को लग गयी थी। ऐसे में पुलिस व सुरक्षा बलों के पहुंचने से पहले ही आधी रात को यह दस्ता वहां से भाग निकला। वहीं, सुरक्षाबलों ने पाया कि नक्सली दस्ते के लोगों ने पेड़ की सूखी डालियों व पत्तों के सहारे मोर्चा बना रखा था। वे पिछले कई दिनों से सुरक्षाबलों को घात पहुंचाने के लिए इस मोर्चा पर जमे थे। मोर्चा स्थल पर ही भोजन आदि की व्यवस्था थी। ऐसे में यह अंदेशा जताया जा रहा है कि इस दस्ते में कुछ महिला नक्सली भी मौजूद थीं।

**एंटी नक्सल अभियान जारी :** एसपी इस संबंध में एसपी आशुतोष शेखर ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ जिला पुलिस व सुरक्षबलों द्वारा 11 जनवरी से लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसी सर्च ऑपरेशन के क्रम में जंगल क पहाडी पर नक्सली दस्ता द्वारा बनाये गये मोर्चा आदि बरामद किया गया है। बरामद मोर्चा व अन्य सामानों को मौके पर ही विनष्ट कर उदिया गया है। पुलिस व सुरक्षा बल का सर्च ऑपरेशन जारी है व मौके से भागे नक्सलियों को पकडने के लिये उनका पीछा कर रही है।

## तालाब सह पार्क बनाने का प्रस्ताव



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला स्थित बागीटांड़ के समीप डीएम एफटी फंड से एक तालाब सह पार्क बनाने का प्रस्ताव है। इसी क्रम में उपायुक्त आदित्य रंजन के द्वारा बागीटांड़ पहुंच कर उक्त स्थल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने पूरे स्थल का मुआयना करते हुए तालाब सह पार्क निर्माण को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर सहायक अभियंता, कनीय अभियंता व अन्य मौजूद थे।

## गुमरो पहाड़ में लगे वृक्षों पर लकड़ी माफिया की नजर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मसलिया।** प्रखंड के गुमरो स्थित सुप्रसिद्ध गुमरो कि अस्तित्व पर लकडी माफियाओं नजर पड़ी है। बताते चलें कि झामुमो विधायक बसंत सोरन के सपनो कि पर्यटन स्थल, क्षेत्र भर के लोगो के आस्था प्रतित व गुमरो राज परिवार के विरासत के रूप में प्रसिद्ध गुमरो पहाड़ को फिर से एकवार वृक्षहीन करने कि मानो लकड़ी माफियाओं ने बेड़ा उठा लिया हो। इन दिनों गुमरो पहाड़ स्थित लिपटश, सगवान सहित बांस के पेड़ों की कटाई जोरो पर चल रही हैं। सिर्फ बाबा पहाड़ मंदिर परिसर के आस-पास ही 50 कि संख्या में लिपटश वृक्ष काटा गया हैं और कटाई बदस्तूर जारी हैं। बुद्धिजीवियों के माने तो वनविभाग उदासीनता व गिरती कानून व्यवस्था परिणाम है। चुकी गर्मी के दस्तक के साथ ही पहाड़ों पर जंगल सफाई के नाम पर आगजनी की जाती है। विभागय अधिकारियों से पूछे जाने पर बताते है कि यह असामाजिक तत्वों का काम हैं।

## नीतीश कुमार नालंदा से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव? बिहार सीएम ने दे दिया बड़ा संकेत

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी विरोधी दलों को एकजुट करने की कवायद में जुटे हैं। विपक्षी नेताओं से लगातार मुलाकात कर रहे हैं। इन सब के बीच नालंदा सांसद ने बड़ा बयान दिया है। नालंदा लोकसभा सीट से जेडीयू के लोकसभा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने नीतीश कुमार के चुनाव लड़ने के लिए अपनी सीट छोड़ने की पेशकश की है। जेडीयू सांसद के बयान के बाद कयास लगाया जा रहा है कि नीतीश कुमार नालंदा से चुनाव लड़ सकते हैं। रविवार को जब नीतीश कुमार से नालंदा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के संबंध में पूछा गया तो उन्होंन बहुत कुछ तो नहीं कहा। नीतीश कुमार ने कहा कि अभी इस पर हमें कुछ नहीं कहना है। बता दें कि जेडीयू सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा था कि मैं नीतीश कुमार से अनुरोध करूंगा कि यह ( नालंदा) उनकी पारंपरिक सीट है और मैं उनका प्रतिनिधि हूं। हम चाहते हैं कि वह देश के प्रधानमंत्री बनें।

**कर्नाटक चुनाव के बाद विपक्षी दलों की बैठक :** इससे पहले शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संकेत दिया था कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद पटना में विपक्षी नेताओं की बैठक हो सकती है।

**ममता बनर्जी ने किया था अनुरोध :** गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 24 अप्रैल को कोलकाता में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने नीतीश से पटना में सभी गैर-भाजपा दलों की एक बैठक आयोजित करने का आग्रह किया था, ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी एकता पर चर्चा की जा सके। ममता ने कोलकाता में नीतीश के साथ बैठक के बाद कहा था कि मैंने नीतीश कुमार से सिर्फ एक अनुरोध किया है। जयप्रकाश जी का आंदोलन बिहार से शुरू हुआ था। अगर बिहार में सर्वदलीय बैठक होती है, तो हम तय कर सकते हैं कि हमें आगे किस दिशा में जाना है। नीतीश कुमार ने ममता के इस आग्रह को स्वीकार करते हुए कहा कि उन्होंने तो बोला ही था पटना में बैठक के लिए। हम भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ देश में अधिक से अधिक दलों को एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं।



## सिक्स लेन पुल निर्माण में देरी पर सीएम ने जताया अफसोस

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में गंगा नदी पर बन रहे कच्ची दरगाह से बिदुपुर सिक्स लेन पुल निर्माण कार्य का जायजा लेने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सबलपुर पहुंचे। वहां उन्होंने सिक्स लेन पुल निर्माण कार्य का जायजा लिया और निर्माण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने पुल निर्माण कार्य में लगी एजेंसी व विभागीय अधिकारियों को काम जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मैं तो चाहता हूं सारा काम इसी साल पूरा हो जाए, अगर नहीं हो पाता है तो अगले साल के शुरूआत में काम खत्म कर पुल चालू कर दिया जाए। सिक्स लेन पुल निर्माण के काम में देरी होने पर सीएम नीतीश कुमार ने अफसोस जताया।

### महिलाओं में दिखा उत्साह

**मसौढ़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 100वें एपिसोड को लेकर बिहार में मेगा शो रहा। गांव से लेकर शहर तक विधानसभा स्तरीय बूथ लेवल तक काफी उत्साह देखने को मिला है। खासकर महिलाओं में काफी उत्साह दिखा।

## बिहार टॉपर बना गया का गुलशन कुमार, पिता बनाते हैं गमछा और चादर

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को जेईई मेन का रिजल्ट जारी कर दिया है। जारी रिजल्ट में 43 छात्र-छात्राओं ने 100 परसेंटाइल प्राप्त किया है। बिहार के गया जिले के मानपुर पटवा टोली के रहने वाले गुलशन कुमार 100 परसेंटाइल प्राप्त कर स्टेट टॉपर बने हैं। गुलशन ने जनवरी चरण में 100 परसेंटाइल प्राप्त किया था। ऑल इंडिया में उनकी रैंक 31 है। बिहार टॉप करने वाले गुलशन कुमार के पिता तुलसी प्रसाद बुनकर हैं। वो पटवाटोली में गमछा और चादर बनाते हैं। जेईई मेन में गुलशन का अच्छा रिजल्ट आने के बाद मोहल्ले में खुशी का माहौल है। गुलशन के परिवार वालों को लोगों ने बधाई दी है। गुलशन कुमार की प्रारंभिक पढ़ाई मानपुर के पटवाटोली से हुई है। इसके बाद इंजीनियरिंग की तैयारी की थी। इसके पहले जेईई मेन के पहले चरण के रिजल्ट में पूरे देश के टॉप 20 छात्रों को 100 परसेंटाइल मिले थे। इसमें मानपुर के पटवाटोली के गुलशन कुमार भी शामिल थे। गुलशन फिलहाल दिल्ली में रहकर जेईई मेन की तैयारी कर रहे थे। दोनों चरणों की परसेंटाइल में बेहतर प्रदर्शन की सफलता से गुलशन के परिवार वाले भी काफी खुश हैं।

**सिंगाराजू बने इंडिया टॉपर :** तेलंगाना के सिंगाराजू वेंकट कौंडिन्य ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। महिला अभ्यर्थियों में सिर्फ कनार्टक की रिधि कमलेश कुमार महेश्वरी ने 100 परसेंटाइल प्राप्त किया है।





विभिन्न कारणों से 15 परीक्षार्थियों का रिजल्ट रोका गया है। पेपर टूए, बीआर्क और पेपर टूबी का रिजल्ट बाद में जारी किया जाएगा। जनवरी और अप्रैल चरण की परीक्षा में कुल 43 अभ्यर्थियों ने 100 परसेंटाइल प्राप्त किया है। इसमें सबसे अधिक तेलंगाना से 11 परीक्षार्थी हैं।

**तेजस ने किया बेहतर प्रदर्शन**

**पटना :** पटना के कंकड़बाग के तेजस शर्मा ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी में आल इंडिया में 2 हजार 645 रैंक हासिल की है। ओवरआल 98.45 परसेंटाइल प्राप्त किया है। पिता राजीव शर्मा व मां ज्योति शर्मा ने बताया कि तेजस ने जनवरी चरण में बेहतर परसेंटाइल प्राप्त नहीं होने पर योजनावद्ध तरीके से दूसरे चरण की तैयारी की।

**सामान्य श्रेणी कटऑफ 90.77 परसेंटाइल से अधिक :** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा और अनुसंधान) डॉ. साधना पराशर ने बताया कि जेईई एडवांस के लिए दो लाख 50 हजार 255 अभ्यर्थियों ने क्वालीफाई किया है। सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों का कटऑफ 90.7788642 परसेंटाइल है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का 75.6229025, पिछड़ा वर्ग का 73.6114227, अनुसूचित जाति का 51.97766027, अनुसूचित जनजाति का 37.2348772 तथा दिव्यांग श्रेणी का 0.0013527 परसेंटाइल कटऑफ है।

**94.83 प्रतिशत हुए परीक्षा में शामिल :** इस साल परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों का प्रतिशत 94.83 रहा।

डॉ. साधना पराशर ने बताया कि दूसरे चरण में पेपर वन (बीई व बीटेक) की परीक्षा में शामिल होने के लिए 9 लाख 31 हजार 510 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, इसमें 8 लाख 83 हजार 372 परीक्षा में शामिल हुए। 6 अप्रैल को आयोजित पहले दिन की परीक्षा में सबसे कम 93.37 प्रतिशत तथा सबसे अधिक उपस्थिति 13 अप्रैल को 95.48 प्रतिशत रही। 6 लाख 29 हजार अभ्यर्थियों ने दोनों चरण की परीक्षा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन किया था, जिसमें 5 लाख 94 हजार 13 परीक्षा में शामिल हुए।

## टूरिस्ट बस की चपेट में आने से बाइक सवार किसान की मौत, मातम

### पश्चिम बंगाल से टूरिस्ट बस पहुंची पिकनिक मनाने पहुंची थी मसानजोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मसानजोड़।** टूरिस्ट बस के चपेट में आने से किसान की दर्दनाक मौत रविवार को हो गई। यह हादसा मसानजोड़ थाना क्षेत्र के दुमका-सिउड़ी मुख्य पथ पर मूड़जोड़ फतेहपुर स्कूल के समीप घटी। जहां पश्चिम बंगाल के पर्यटक बस डब्लूबी 29-सी 3048 ने एक साईकिल सवार किसान को पीछे से धक्का मार दिया। मृतक किसान थाना क्षेत्र के मूड़जोड़ा हाटपाड़ा निवासी बगन किस्कू (47) है। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंच पुलिस गंभीर अवस्था में सीएचसी, रानेश्वर ले गया। जहां चिकित्सकों ने बगान किस्कू को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार पर्यटकों से भरी बस पश्चिम बंगाल के हल्दिया से मसानजोर पिकनिक मनाने पहुंचे थे। जहां साईकिल सवार किसान बगन बस के चपेट में आ गया। सूचना पर थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार महतो दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंच बगन किस्कू को गंभीर अवस्था में सीएचसी, रानेश्वन ले गये। जहां चिकित्सकों ने बगन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस बस को कब्जे में लेकर सड़क जाम होने से पहले हालात पर काबू पाया। पुलिस के सहयोग से पर्यटकों को अन्य बस से सुरक्षित घर वापस भेजा गया। मृतक बगन किस्कू की पत्नी फूलमनी मरांडी समेत पूरा परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। फुलमुनी ने बताया कि हर रोज की तरह आज भी बगन खेत में लगे धान को देखकर वापस घर लौट रहा था कि रास्ते में सिउड़ी की ओर से आ रही पर्यटक बस ने धक्का मार दिया। जिससे घटना स्थल पर ही बगन का मौत हो गई। किसान बगन के मौत से पूरे परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट गया है। मृतक बगन परिवार का एकलौता कमाऊ व्यक्ति था। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप बस जप्त करते हुए कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।





जप्त टूरिस्ट बस

## पेड़ से लटकता मिला युवती का शव, सनसनी

**शिकारीपाड़ा।** पेड़ से लटकता युवती का शव मिलने से आस-पास में सनसनी फैल गई। मृतक युवती का शिनाख्त थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी 18 वर्षीय युवती मीरू बिटी टुडू, पिता डैमेच टुडू के रूप में हुई। युवती का शव गांव से लगभग आधे किलोमीटर की दूरी पर एक पेड़ से झूलता मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई। जानकारी के अनुसार मीरु बिटी टुडू की शादी गांव में ही तय हुई थी। जल्द ही उसकी शादी होने वाली थी। लेकिन रविवार को युवती का शव पेड़ से लटकता मिला। हालांकि अभी आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप छानबीन में जुट गई है। मामले में थाना प्रभारी उमेश राम ने बताया कि प्रथम दृष्टया में मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। घरेलू विवाद में युवती के आत्महत्या बताया जा रहा है। पुलिस मामले में छानबीन में जुट गई है।



## करोड़ों की परिसंपति लाभुकों के बीच वितरित

**दुमका।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार रविवार को जिले के विभिन्न प्रखंड मुख्यालयों में विधिक सशक्तिकरण शिविर सह विधिक जागरूकता का आयोजन हुआ। शिविर का अध्यक्षता व्यवहार न्यायालय के न्यायधीशों ने कर लोगों को सरकार द्वारा मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने पर जोर दिया। प्राधिकार की ओर से निःशुल्क कानूनी सेवा का जानकारी देकर लोगों को इसका लाभ उठाने का अपील किया गया। जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड में एडीजे 2 रमेश चंद्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस दौरान न्यायधीश ने पेंशन योजना समेत अन्य योजनाओं के 5784 लाभुकों के बीच 44406920 रुपए का परिसम्पति का वितरण किया। इस मौके पर न्यायधीश ने कहा कि आज के समाज में महिलाओ की भागीदारी जरुरी है।

## एक नजर में

### बीपीएससी मेंस की बधाई देने पहुंचे दोस्त ने किया दुष्कर्म

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की तैयारी कर रही महिला के साथ दोस्त द्वारा दुष्कर्म की हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। पीड़िता का कहना है कि आरोपित ने बीपीएससी मेंस परीक्षा पास करने पर बधाई देने के बहाने घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक, महिला पटना में अकेली रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती है। वहीं, आरोपित की पहचान पूर्णिया जिले के बरसौनी निवासी सईदूर रहमान के रूप में हुई है। पीड़िता ने बताया कि एक साल पहले उसकी सईदूर से मुंगेर जिले में मुलाकात हुई थी, जब वह स्कूटी खरीदने गई थी।

### पलक झपकते ही कार से उड़ाए 10 लाख रुपये

**पटना।** गांधी मैदान थानांतर्गत एक्जीबिशन रोड पर यश बैंक के नजदीक शनिवार की दोपहर करीब एक बजे शातिर ने जमीन कारोबारी की ऑल्टो कार का शीशा तोड़कर दस लाख रुपयों से भरा बैग गायब कर दिया। पीड़ित अभिमन्यु कुमार दो साझेदारों के साथ कार से महज 15 फीट की दूरी पर मौजूद थे, लेकिन शातिर ने इतनी सफाई से वारदात को अंजाम दिया कि किसी को खबर तक नहीं हुई। चोरी का पता चलने के बाद अभिमन्यु कुमार गांधी मैदान थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। टाउन डीएसपी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात चोर ने रसायन लगाकर कार के शीशे को तोड़ा और दाहिने तरफ पिछली सीट पर रखा रुपयों से भरा बैग निकाल कर फरार हो गया। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### आठ प्राथमिकी, अप्राथमिकी अभियुक्तों को डोमचांच पुलिस ने भेजा जेल

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना कांड संख्या 44/23 के प्राथमिकी अप्राथमिकी अभियुक्त 35 वर्षीय गुड्डू साव पिता स्व.रामेश्वर साव ग्राम शिवसागर डोमचांच निवासी, 24 वर्षीय महेश यादव पिता स्व. वासुदेव यादव ग्राम बछोडीह नवलशाही निवासी, 24 वर्षीय सतीश कुमार पिता राजदेव यादव ग्राम सिमरकोल थाना रजौली जिला नवादा बिहार निवासी, 28 वर्षीय महेंद्र सिंह उम्र 28 वर्ष पिता जगदीश सिंह ग्राम नवलशाही थाना डोमचांच निवासी, 22 वर्षीय अरुण कुमार राणा पिता स्व.रामा राणा ग्राम रामडीह थाना डोमचांच निवासी, 45 वर्षीय विजय ठाकुर पिता स्व. लक्ष्मण ठाकुर ग्राम बंगाई थाना डोमचांच निवासी, 48 वर्षीय अरुण कुमार सिंह पिता स्व. भागवत सिंह ग्राम बंगाईकला थाना डोमचांच निवासी, 26 वर्षीय विकास शर्मा देवनारायण शर्मा ग्राम बंगाईकला थाना डोमचांच निवासी को थाना पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया।

### पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा संथाल परगना का जिला कमेटी का हुआ गठन

**दुमका।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा संथाल परगना के जिला इकाई की बैठक रविवार को जन पुस्तकालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयप्रकाश यादव ने की। बैठक में केंद्रीय कमेटी के निदेर्शानुसार संगठन को मजबूत बनाने एवं पिछड़ा वर्ग के हक और अधिकार की लड़ाई को जन आंदोलन का रूप देने के लिए एक सशक्त कमेटी की घोषणा किया गया। जिसमें जिप सदस्य बालमुकुंद यादव, जितेंद्र प्रसाद साह, गौतम दर्वे और दशरथ मांझी को उपाध्यक्ष मनोनित किया गया। महासचिव विजय कापरी, राजेंद्र महतो, महादेव यादव, संजय मल्लिक और चंद्रकिशोर सिंह को बनाया गया है।

### जलटंकी निर्माण में प्लास्टिक पाईप का हो रहा इस्तेमाल

**रानेश्वर।** प्रखंड के सादीपुर पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय जयपहाड़ी में नल-जल योजना के तहत मुखिया फंड से निर्मित जलटंकी में जमकर अनियमितता बरतने के कारण जल टंकी सोभा का वस्तु बन कर रह गया है। इस जल टंकी का प्राक्कलित राशि लगभग 1 लाख 36 हजार रुपये है। संवेदक ने पंचायत सचिव एवं अन्य कर्मी से मिली-भगत कर जल टंकी निर्माण में (पीवीसी) प्लास्टिक पाईप लगाया है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक स्टीमेट के अनुसार (जीआई) लोहा का पाईप लगाना है। जिससे टंकी का टिकाव बना रहे। जिस चापानल से टंकी में पानी उठाने के लिए विद्युत तार एवं मोटर मशीन को चापाकल में डाला है। वहां चापानल के समीप बिजली का नंगा तार दिख रहा है। नियमानुसार विद्युत तार एवं जमीन के ऊपर दौड़ रहे पाईप को लगभग 3 फिट गड्ढे के अंदर डालना है। जिससे की बिजली के चपेट में आकर किसी व्यक्ति या स्कूली छात्र के साथ कोई अनहोनी न हो जाये।

### मनरेगा तालाब निर्माण में जेसीबी मशीन का धड़ल्ले से हो रहा इस्तेमाल

**रानेश्वर।** प्रखंड के तालडंगाल पंचायत के लेया गांव में मनरेगा के तहत तालाब निर्माण में जेसीबी मशीन इस्तेमाल करने का मामला प्रकाश में आया है। शनिवार 11 बजे कार्य स्थल पहुचने पर तालाब निर्माण में जेसीबी मशीन द्वारा मिट्टी कटिंग करते हुए देखा गया है। कार्यस्थल पर सूचनापट्ट नहीं लगाया है। जिस कारण लाभुक का नाम आदि पता नहीं चला है। सूत्र का दावा है कि यहां मनरेगा के तहत तालाब निर्माण के लिए बीते दिन एक दो फिट मिट्टी काटा गया था। यह स्थान नहीं खेत रहा और नहीं तालाब बना। तभी बिचौलिया ने शातिर दिमाग लगाते हुए तालाब का गहराई करने के लिए दिन के उजाले में जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी कटाई का काम शुरू कर दिया।

## नजीर अनवर को जेईई (मेन) में मिले 98.13 अंक



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र के बांग्लाटांड निवासी फिरोज अनवर के सुपुत्र और पत्रकार शीन अनवर के भतीजे नजीर अनवर को जेईई (मेन) परीक्षा में 98.13 अंक मिले हैं। इस उपलब्धि पर नजीर का पूरा परिवार हर्षित है। नजीर को एनटीए स्कोर के तहत फिजिक्स में 99.23, केमेस्ट्री में 97.62, गणित में 67.93 अंक मिले हैं। नजीर ने बीटेक श्रेणी में परीक्षा दी थी। नजीर की माता हुस्न बानो व पिता फिरोज अनवर बताते हैं कि नजीर कड़ी मेहनत किया करता था। वह अपनी खुशियों को अपनी पढ़ाई पर कुर्बान कर देता था। पर्व-त्योहार या दूसरा कोई भी खुशी का अवसर होता, वह कार्यक्रमों को छोड़ कर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देता था। किसी भी संस्था या ट्यूटर की मदद नहीं ली। केवल आनलाइन पढ़ाई किया करता था। उसने स्वयं मेहनत कर यह अंक अर्जित की है। नजीर अनवर कहते है कि अब वह जेईई (एडवांस) की परीक्षा देगा। जून में परीक्षा होने वाली है, जिसकी तैयारी में लगा हुआ है। यदि जेईई (एडवांस) में अच्छे अंक मिलते हैं तो कहीं भी आइआइटी ज्वाइन करेगा अथवा जेईई (मेन) में प्राप्त अंकों के आधार पर राउरकेला या जमशेदपुर एनआइटी में शिक्षा ग्रहण करेगा।





# रजा बने 'सिकंदर', सांस थमने वाले मैच में हारा चेन्नई, आखिरी गेंद पर जीता पंजाब

## स्कोर कार्ड

**चेन्नई : 200/4 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गायकवाड कै. जितेश बो. रजा | 37 | 31 | 4/1 |
| डेवोन कॉनवे नाबाद | 92 | 52 | 16/1 |
| शिवम दुबे कै. खान बो. अर्शदीप | 28 | 17 | 1/2 |
| मोईन अली कै. जितेश बो. चहर | 10 | 06 | 2/0 |
| जडेजा कै. लिविंगस्टन बो. करन | 12 | 10 | 0/0 |
| एमएस धोनी नाबाद | 13 | 04 | 0/2 |

**अतिरिक्त** : 08

**विकेट पतन:** 1-86, 2-130, 3-158, 4-185.

**गेंदबाज** : अर्शदीप सिंह : 4-0-37-1, कगिसो रबाडा : 4-0-34-0, सैम करन : 4-0-46-1, राहुल चहर : 4-0-35-1, सिकंदर रजा : 3-0-31-1, लियाम लिविंगस्टन : 1-0-16-0.

**पंजाब: 201/6 (20 ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन कै. धोनी बो. जडेजा | 42 | 24 | 4/2 |
| धवन कै. पथिराना बो. देशपांडे | 28 | 15 | 4/1 |
| अथर्व तायडे कै. बो. जडेजा | 13 | 17 | 0/0 |
| लिविंगस्टन कै. गायकवाड बो. देशपांडे | 40 | 24 | 1/4 |
| सैम करन बो. पथिराना | 29 | 20 | 1/1 |
| जितेश कै. रशीद बो. देशपांडे | 21 | 10 | 2/1 |
| शाहरुख खान नाबाद | 02 | 03 | 0/0 |
| सिकंदर रजा नाबाद | 13 | 07 | 1/0 |

**अतिरिक्त** : 13

**विकेट पतन:** 1-50, 2-81, 3-94. 4-151, 5-170, 6-186.

**गेंदबाज:** आकाश सिंह : 3-0-35-0, तुषार देशपांडे : 4-0-49-3, महीश थीक्षाना : 4-0-36-0, रवींद्र जडेजा : 4-0-32-2, मोईन अली : 1-0-10-0, मथीषा पथिराना : 4-0-32-1.



**एजेंसी**

**चेन्नई।** एम. चिदंबरम स्टेडियम चेन्नई सुपरकिंग्स का गढ़ माना जाता है और अपने घर पर महेंद्र सिंह धोनी की टीम को हराना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। मगर रविवार को सारे समीकरण तब बदल गये, जब पंजाब किंग्स ने 201 रन का पहाड़ सा लक्ष्य भी साध लिया। रविवार को टूनामेंट के 16वें सीजन के 41वें मुकाबले में टॉस जीतकर चेन्नई सुपरकिंग्स ने चार विकेट के नुकसान पर 200 रन बनाये। जवाब में पंजाब किंग्स को आखिरी बॉल पर तीन रन की जरूरत थी। जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने चतुराई भरा शॉट खेलते हुए शाहरुख खान के साथ मिलकर तीन रन दौड़ते हुए अपनी टीम को सीजन में पांचवीं जीत दिलायी।

### मैन ऑफ द मैच

**डेवोन कॉनवे**

#### धोनी के दो यादगार छक्के

अर्शदीप और रबाडा ने 18वें और 19वें ओवर में कसी हुई गेंदबाजी कर आठ-आठ रन दिए। आखिरी ओवर की पहली गेंद पर करन ने जडेजा (नौ गेंद में 12 रन) को चलता किया जिसके बाद दर्शकों ने शोर मचाकर महेंद्र सिंह धोनी का मैदान में स्वागत किया और चेन्नई के इस चहेते सितारे ने आखिरी दो गेंदों पर लगातार छक्का लगाकर प्रशंसकों को खुश करने के साथ टीम के स्कोर को 200 रन तक पहुंचाया।

#### 16वें ओवर में पलटा मैच

आखिरी दो ओवर में 22 रन और आखिरी ओवर में नौ रन और आखिरी गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। श्रीलंकाई पेसर महीश पथिराना ने भी बढ़िया गेंदबाजी की, लेकिन खेल तो पलटा 16वें ओवर में जब लियाम लिविंगस्टोन के तीन छक्के समेत कुल 24 रन के महंगे ओवर से पंजाब मैच में वापसी कर पाया।

#### चेन्नई ने बनाये 200 रन

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए चेन्नई सुपरकिंग्स को उसके ओपनर्स ने बढ़िया शुरूआत दिलाई। शानदार लय में चल रहे सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (52 गेंद में नाबाद 92 रन) और रुतुराज गायकवाड़ (31 गेंद में 37 रन) के साथ बीच 86 रन की साझेदारी हुई। दूसरे विकेट के लिए कोनवे ने शिवम दुबे (17 गेंद में 28 रन) के साथ 46 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। नए बल्लेबाज मोईन अली ने लिविंगस्टोन और सैम करन के खिलाफ चौके लगाए, लेकिन 17वें ओवर में चाहर की गेंद पर स्टंप हो गए। कोनवे ने इस ओवर की आखिरी दो गेंदों पर चौका जड़ टीम की रन गति को बनाये रखा।

### हमने बीच के कुछ ओवरों में मैच गंवा दिया : धोनी


**चेन्नई।** सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने रविवार को पंजाब के खिलाफ चार विकेट की शिकस्त के बाद कहा कि लक्ष्य का बचाव करने के दौरान बीच के दो ओवर में अधिक रन लुटाना उनकी टीम को भारी पड़ा। जीत के लिए 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की टीम मैच के 15वें ओवर के बाद तीन विकेट पर 129 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन चेन्नई के गेंदबाजों ने 16वें ओवर में 24 और 17वें ओवर में 17 रन लुटा दिये जिससे मैच का रुख मुड़ गया। धोनी ने कहा, बीच के ओवरों में हमने दो खराब ओवर डाले। गेंदबाजों को पता होना चाहिए कि कहा गेंदबाजी करनी है।



## अंक तालिका


| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.638 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.841 |
| राजस्थान | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.841 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.329 |
| पंजाब | 9 | 5 | 4 | 10 | -0.447 |
| बेंगलुरु | 8 | 4 | 4 | 8 | -0.139 |
| मुंबई | 8 | 4 | 4 | 8 | -0.502 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.147 |
| हैदराबाद | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.577 |
| दिल्ली | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.898 |

**पर्पल कैप**



तुषार देशपांडे
चेन्नई
विकेट: 17

**औरेंज कैप**



यशस्वी जायसवाल
राजस्थान
रन: 428

# डेविड के हैट्रिक छक्के से मुंबई ने दर्ज की रॉयल्स पर जीत

## वानखेड़े स्टेडियम पर पहली बार चेज हुआ 200-प्लस का टारगेट

**एजेंसी**

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने आइपीएल 2023 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सांस थामने वाले मुकाबले में जीत हासिल कर ली है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रोहित शर्मा के बर्थडे के दिन मुंबई ने 6 विकेट से जीत हासिल की। यशस्वी जायसवाल के पहले शतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने 7 विकेट पर 212 रन बनाये। जायसवाल ने 62 गेंद में 16 चौकों और आठ छक्कों की मदद से 124 रन की पारी खेली। वहीं मुंबई के खिलाफ इस सत्र में किसी टीम ने तीसरी बार 200 से अधिक रन बनाये हैं। मुंबई को आखिरी ओवर में 17 रन चाहिए थे। टिम डेविड ने पहली 3 गेंदों पर 3 छक्के मारकर टीम को जीत दिला दी। वानखेड़े स्टेडियम पर पहली बार 200 प्लस का स्कोर चेज हुआ है।

#### यशस्वी का शतक बेकार

यशस्वी जायसवाल के इस सीजन में सबसे बड़ी पारी खेलने के साथ ही सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। राजस्थान के बाकी बल्लेबाज हालांकि टिककर नहीं खेल सके लेकिन जायसवाल ने रनगति को बनाये रखा। उन्होंने जोस बटलर (18) के साथ पहले विकेट के लिये 72 रन जोड़े। बटलर ने आठवीं गेंद पर खाता खोला जबकि जायसवाल ने शुरूआती ओवरों में कैमरन ग्रीन और जोफ्रा आर्चर को छक्के जड़े। उन्होंने मेरेडिथ के एक ओवर में चार चौके लगाकर रॉयल्स को पांच ओवर में 50 रन के पार पहुंचाया। पावरप्ले के बाद राजस्थान का स्कोर बिना किसी नुकसान के 65 रन था। बेल्जियम में कोहनी के आपरेशन के बाद लौटे आर्चर ने शुरूआत में करीब 150 की रफ्तार से गेंद डाली। पहले स्पेल में हालांकि उन्होंने दो ओवर में 21 रन दे डाले। स्पिनर पीयूष चावला ने पहले ओवर में प्रभावी गेंदबाजी की और दूसरे ओवर में बटलर का विकेट लिया। राजस्थान के कप्तान संजू सैमन 14 रन बनाकर अरशद खान का शिकार हुए। अरशद ने तीन ओवर में 39 रन देकर तीन विकेट लिये। 21 साल के जायसवाल ने 11वें ओवर में चावला को चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया। चावला ने देवदत्त पडिक्क्ल के रूप में दूसरा विकेट लिया। मैच शुरू होने से पहले बीसीसीआई ने आईपीएल के 1000वें मैच के उपलक्ष्य में दोनों कप्तानों रोहित शर्मा और संजू सैमसन को स्मृति चिन्ह दिये। इसके अलावा राजस्थान के मुख्य कोच कुमार संगकारा और मुंबई इंडियंस के आइकन सचिन तेंदुलकर को भी स्मृति चिन्ह दिये गए। अप्रैल 2013 में मुंबई के कप्तान बने रोहित का यह 150वां मैच था।



### मुंबई खिलाफ जायसवाल के बनाये गये रिकॉर्ड

**राजस्थान के लिए उच्चतम व्यक्तिगत स्कोर**

- 124 - यशस्वी जायसवाल बनाम मुंबई, वानखेड़, 2023
- 124 - जोस बटलर बनाम हैदराबाद, दिल्ली, 2021
- 119 - संजू सैमसन बनाम पंजाब किंग्स, मुंबई डब्ल्यूएस, 2021
- 116 - बटलर बनाम डीसी, मुंबई, 2022

**आइपीएल में अनकैप्ड खिलाड़ियों द्वारा सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर**

- 124 - जायसवाल (राजस्थान) बनाम मुंबई, मुंबई, 2023
- 120* - पॉल वाल्थाटी (पंजाब) बनाम चेन्नई, मोहाली, 2011
- 115 - शॉन मार्श (पंजाब) बनाम राजस्थान, मोहाली, 2008
- 114* - मनीष पांडे (बेंगलुरु) बनाम डेक्कन चार्जर्स, 2009

**सबसे कम उम्र में आइपीएल शतक लगाने वाले खिलाड़ी**

- 19 साल, 253 दिन - मनीष पांडे (बेंगलुरु) बनाम डी. चार्जर्स, 2009
- 20 साल, 218 दिन - ऋषभ पंत (दिल्ली) बनाम हैदराबाद, 2018
- 20 वर्ष, 289 दिन - देवदत्त पडिक्कल (बेंगलुरु) बनाम राजस्थान, डब्ल्यूएस, 2021
- 21 वर्ष, 123 दिन - जायसवाल (आरआर) बनाम मुंबई, 2023
- 22 साल, 151 दिन - संजू सैमसन (डीसी) बनाम आरपीएस, 2017

**आईपीएल 2023 ऑरेंज कैप**

- जायसवाल : मैच 9, रन 428
- फाफ डु प्लेसिस : मैच 8, रन 422
- डेवोन कॉनवे : मैच 9, रन 414
- गायकवाड़ : मैच 9, रन 354
- विराट कोहली : मैच 8, रन 333

**जायसवाल की आखिरी 4 पारियां**

- 124 (62) बनाम मुंबई, मुंबई, 2023
- 77 (43) बनाम चेन्नई, जयपुर
- 47 (37) बनाम बेंगलुरु, बेंगलुरु
- 44 (35) बनाम लखनऊ, जयपुर

**राजस्थान का मुंबई के खिलाफ उच्चतम स्कोर**

- 212/7 - मुंबई वानखेड़े, 2023
- 193/8 - मुंबई (डीवाईपी), 2022
- 189/4 - मुंबई वानखेड़े, 2014
- 179/3 - जयपुर, 2013









### एआइटीए ने बदला संविधान, अनिल धूपर बने रहेंगे महासचिव

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआइटीए) ने भारतीय ओलंपिक संघ के नियमों के अनुरूप अपने संविधान में बदलाव किया है और अब अनिल धूपर 70 वर्ष के होने के बावजूद महासचिव पद पर चार साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। धूपर सितंबर 2020 में महासचिव चुने गए थे। वह 10 मई को 70 वर्ष के हो जायेंगे लेकिन उनका चार साल का कार्यकाल सितंबर 2024 तक है। खेल कोड के तहत किसी पदाधिकारी को 70 वर्ष पूरे होने के बाद पद पर बने रहने की अनुमति नहीं है लेकिन आइओए ने पिछले साल अपने नियमों में बदलाव करके पदाधिकारियों को कार्यकाल पूरा करने की अनुमति दी अगर चुनाव के समय उनकी उम्र 70 वर्ष से कम रही हो। इस बदलाव को हालांकि उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई और इस संबंध में याचिका पर सुनवाई नौ मई को होगी। एआईटीए ने 29 अप्रैल में दिल्ली में आमसभा की असाधारण बैठक में अपने संविधान में बदलाव किया। धूपर ने पीटीआई से कहा, हम आईओए का अनुसरण कर रहे हैं। हमें उच्चतम न्यायालय के आखिरी फैसले का इंतजार है लेकिन हम एआईटीए के संविधान में बदलाव के बारे में खेल मंत्रालय को सोमवार को सूचना देंगे।

### चीन के डिंग बने विश्व शतरंज चैंपियन

**अस्ताना।** दुनिया को अब विश्व शतरंज चैंपियन मिल गया है। चीन के डिंग लीरेन नें अपने प्रतिद्वंदी रूस के यान नेपोमनिशी को विश्व शतरंज चैंपियनशिप के टाईब्रेक में 2.5-1.5 से पराजित करते हुए विश्व खिताब अपने नाम कर लिया। दोनों के बीच टाईब्रेक के तौर पर चार रैपिड मुकाबले खेले गए जिसमें पहले तीन मुकाबले ड्रॉ रहने के बाद सबकी नजरे चौंथे रैपिड पर थी जिसमें नेपोमनिशी सफेद मोहरो से खेल रहे थे। खेल की 45वीं चाल तक खेल एक और ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था तभी डिंग नें नेपो के लिए एक जाल बिछाया और अगली दो चाल में लगातार दो गलत चालों के चलते नेपो की स्थिति खराब हो गयी और 68 चालों तक चले मुकाबले के बाद उन्होने हार स्वीकार कर ली और इस तरह डिंग दुनिया के 17वें विश्व शतरंज चैम्पियन बन गए। प्रतियोगिता की कुल पुरुस्कार राशि 18 करोड़ रुपेय है जिसमें विजेता डिंग को करीब 11 करोड़ तो हारने वाले नेपो को 6 करोड़ की राशि मिलेगी।

## पेज एक का शेष

### मन की बात से जुड़ा हर...

इसके जरिए पहले कई बार शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में काम करने वाले कई लोगों के कार्यों को सराहा है। इस क्षेत्र में भारत में हो रहे कार्यों की विश्व स्तर पर चर्चा की जा रही है और खुद यूनेस्को की महानिदेशक औद्रे ऑजुले ने भी इस बारे में उनसे बातचीत करते हुए खुशी जाहिर की है। उनका कहना था कि इन दोनों क्षेत्रों में चर्चा मन की बात के पसंदीदा विषय रहे हैं।

### लुधियान में गैस....

उनका सूआ रोड गियासपुरा में आरती नाम से क्लिनिक चलाते हैं। गैस लीक में कविलाश का पूरा परिवार ही उजड़ गया। उनकी 35 वर्षीय पत्नी वर्षा और तीनों बच्चे कल्पना (16), अभय (13) और आर्यन (10) की मौत हो गयी है।

**गैस संदूषण के कारण हुआ हादसा? :** लुधियाना के पुलिस कमिश्नर मनदीप सिंह सिद्धू ने कहा कि संबंधित पुलिस थाने में केस दर्ज किया है। गैस की सैंपलिंग की जा रही है। संभावना है कि गैस संदूषण के कारण यह हादसा हुआ है। आशंका है कि मैनहोल में मीथेन गैस के साथ कुछ केमिकल रिएक्शन हुआ हो, यह सब सत्यापित किया जा रहा है। किस गैस का रिसाव हुआ और इसका क्या कारण था, यह फिलहाल पता नहीं लगाया जा सका है। बहरहाल, लुधियाना की उपायुक्त सुरभि मलिक ने बताया कि ऐसी आशंका है कि सीवर में कुछ रसायनों की मीथेन गैस से प्रतिक्रिया हुई होगी। उन्होंने बताया कि इलाके को खाली करा लिया गया है और गैस के फैलने पर रिसाव स्थल की घेराबंदी का दायरा बढ़ाया जायेगा। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ बलवीर सिंह तुरंत लुधियाना पहुंचे। सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्री के आने की सूचना पर तुरंत सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने घायलों का हाल जाना। सिविल सर्जन से बात की और बेहतर इलाज करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने घटनास्थल का दौरा किया। सीवरेज के मेन होल को भी देखा। इसके बाद डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक और पुलिस कमिश्नर मंदीप सिंह सिद्धू से बात की। उपायुक्त ने बताया कि घटना में जान गंवाने वाले लोगों में सांस संबंधी समस्या का कोई लक्षण नहीं दिखा। उन्होंने कहा, ऐसी आशंका है कि न्यूरोटॉक्सिन (विषाक्त पदार्थ के संपर्क में आने से तंत्रिका तंत्र की सामान्य गतिविधि में बदलाव) की वजह से मौत हुई है। मलिक ने कहा, ह्यहम यह पता लगाने के लिए सीवरों से नमूने एकत्रित कर रहे हैं कि यह किस तरह की गैस थी और किसी रासायनिक मिश्रण के बाद कौन-सी गैस निकली। हम इसकी जांच कर रहे हैं और यह कितनी दूर तक फैली, इसकी भी जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को सलाह दी गई है कि वे सावधानी बरतें, मास्क पहनें।

### 1932, नियोजन नीति ...

सरकार कहती है कि केंद्रीय एजेंसियां उन्हें तंग कर रही हैं। सरकार यह क्यों नहीं मानती कि राज्य की नौकरशाही और नेतृत्व दोनों गैर जवाबदेह हैं। यहां हर पद की बोली लगती है। 'दान' के लिए जो तैयार होगा उसे ऊंचा व मनचाहा पद मिलेगा। बिना चढ़ावा कोई काम नहीं होता। अबतक सरकार ने भ्रष्टाचार के मामले में किसी को दंडित नहीं किया। आजसू प्रमुख ने एयर एंबुलेंस की योजना पर तंज कसा और कहा कि राज की साधारण और बड़ी आबादी को रोड एंबुलेंस और मुकम्मल प्राथमिक इलाज तो पहले मुहैया करा दें।

### टाटा स्टील : कर्मचारियों के...

लचीली कार्य व्यवस्थाओं के लिए, कंपनी ने 2020 में एजाईल वर्किंग मॉडल (वर्क फ्रॉम होम और लोकेशन एग्नॉस्टिक रोल्स) पेश किए। टाटा स्टील एक विविध, समावेशी, सुरक्षित और निष्पक्ष कार्यस्थल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। 2020 में, इसने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को नियुक्त करने के लिए एक अभियान शुरू किया। उन्हें माइनिंग ऑपरेशन्स में भी तैनात किया गया है। 2020-21 में, टाटा स्टील ने 22 महिलाओं के बैच को शामिल किया, जिन्हें नोआमुंडी आयरन माइंस में एचईएमएम (हैवी अर्थ मूविंग मशीनरी) ऑपरेटरों के रूप में तैनात किया गया है। वेस्ट बोकारो डिवीजन में भी इसी तरह की पहल की गयी थी। 2021 में, कर्मचारियों को अवसरों की विजिबिलिटी प्रदान करने और उन्हें एआई प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक साथ लाने के लिए स्टेपअप (एक आंतरिक प्रतिभा बाजार) की शुरूआत की गई थी। न केवल कर्मचारियों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए, बल्कि टाटा स्टील अपने संचालन क्षेत्र के मानव संसाधनों के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। टाटा स्टील और टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडबल्यूयू) के बीच संबंध हमेशा सौहार्दपूर्ण रहे हैं क्योंकि टीडब्ल्यूयू ने 2019 में अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे किए। दोनों ने मानव संसाधन के मोर्चे पर कई पहलों पर एक साथ काम किया है। जे एन टाटा वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (जेएनटीवीटीआई) की स्थापना 2015 में झारखंड और ओडिशा में टाटा स्टील के परिचालन स्थानों के आसपास रहने वाले युवाओं को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण और नियुक्ति सहायता प्रदान करने के लिए एक स्वतंत्र संस्थान के रूप में की गई थी।

# सात्विक-चिराग ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में जीता ऐतिहासिक स्वर्ण



**एजेंसी**

**दुबई।** सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 58 साल का इंतजार खत्म करते हुए एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत को पुरूष युगल में गोल्ड मेडल दिलाया। विश्व चैंपियनशिप 2022 कांस्य पदक विजेता जोड़ी ने पहला गेम हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए मलेशिया के ओंग यू सिन और तियो ई यि को 16-21, 21-17, 21-19 से हराया। सात्विक और चिराग की जोड़ी एशिया चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाली भारत की पहली युगल जोड़ी भी है। इससे पहले इस चैंपियनशिप में भारत के लिये स्वर्ण सिर्फ दिनेश खन्ना ने जीता था जब उन्होंने 1965 में लखनऊ में थाईलैंड के सांगोब रत्तनुसोर्न को पुरूष एकल फाइनल में हराया था। इससे पहले इस चैंपियनशिप में भारतीय पुरूष युगल टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कांस्य पदक रहा है जो 1971 में दीपू घोष और रमन घोष ने जीता था। बासेल में स्विस ओपन सुपर 300 खिताब जीतने वाले सात्विक और चिराग ने पहला गेम गंवाने के बावजूद जुझारूपन नहीं छोड़ा और दूसरे गेम में 7-13 से तथा तीसरे गेम में 11-15 से पिछड़ने के बाद वापसी की। इस जोड़ी का यह सत्र का दूसरा खिताब है। उन्होंने पिछले साल राष्ट्रमंडल खेल और बीडब्ल्यूएफ टूर पर पांच कैरियर खिताब जीते थे। अमलापुरम के 22 वर्ष के सात्विक और मुंबई के 25 वर्ष के चिराग ने बेहद आक्रामक खेल दिखाया। पहला गेम बराबरी का था जिसमें मलेशियाई जोड़ी भारी पड़ी। दूसरे गेम में भी मलेशियाई जोड़ी ने बढत बना ली थी। 8-13 से पिछड़ने के बाद भारतीय जोड़ी ने वापसी की। तियो की गलती पर सात्विक ने बैकहैंड पर जबर्दस्त स्मैश लगाकर मैच का रूख पलटा। भारतीय जोड़ी ने 18-15 से बढत बना ली। इसके बाद तीन अंक लेकर मैच को निर्णायक गेम में खींचा । निर्णायक गेम में मलेशियाई जोड़ी का तकनीकी कौशल काबिले तारीफ था जिन्होंने 11-8 की बढत भी बना ली। भारतीय जोड़ी ने अंतर 14-15 का किया और फिर 17-16 से आगे हो गए। बैकहैंड पर चिराग के स्मैश पर भारतीय जोड़ी ने मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### पीएम मोदी ने सात्विक व चिराग को बधाई दी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी बने सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बधार्द दी है। मोदी ने ट्वीट किया सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर गर्व है जो बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में खिताब जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनी। उन्हें बधाई और भविष्य के लिये शुभकामनायें।



### सुमित ने रोम एटीपी चैलेंजर का खिताब जीता

**रोम।** भारत के शीर्ष टेनिस स्टार सुमित नागल ने एटीपी चैलेंजर प्रतियोगिता के फाइनल में रविवार को यहां उच्च रैंकिंग वाले नीदरलैंड के जेस्पर डी जोंग पर उलटफेर भरी जीत दर्ज की। वह इसके साथ ही यूरोपीय क्ले कोर्ट पर एटीपी चैलेंजर प्रतियोगिता जीतने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गये। पच्चीस साल के नागल ने एटीपी एकल रैंकिंग में खुद से 100 से अधिक स्थान ऊपर काबिज डी जोंग को 6-3 6-2 से हराकर अपना तीसरा एटीपी चैलेंजर खिताब जीता। उन्होंने अपना पिछला खिताब 2019 में ब्यूनस आयर्स में जीता था।

स्पीड न्यूज

## चारधाम यात्रा के लिए तीन नोडल अधिकारी नियुक्त

**देहरादून।** धामी सरकार विश्व प्रसिद्ध चार धाम यात्रा के सुचारु रूप से संचालन के लिए तीन आईएएस अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संयुक्त सचिव श्याम सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि बीवीआरसी पुरुषोत्तम को केदारनाथ धाम, डॉ.रंजीत कुमार सिन्हा को बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब,डॉ.सुरेंद्र नारायण पाण्डेय को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। तीनों नोडल अधिकारी जिम्मेदारी, यात्रा करने वाले सभी यात्रियों के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान करने के साथ ही राज्य स्तरीय आवश्यक समन्वय स्थापित करेंगे। नोडल अधिकारी दैनिक आधार पर अनुश्रवण कर दैनिक रिपोर्ट मुख्य सचिव को सौंपेंगे।

## नेपाल के राष्ट्रपति को एम्स से छुट्टी

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को सीने से जुड़ी समस्या के लिए उपचार के बाद नयी दिल्ली के एक अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और वह रविवार रात काठमांडू लौट आएंगे। राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। पौडेल (78) को सांस लेने में तकलीफ के बाद 19 अप्रैल को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नयी दिल्ली में इलाज के लिए भारत ले जाया गया था।

## मोटा अनाज महोत्सव आयोजित करेगी सेना

**जम्मू।** भारतीय सेना की उत्तरी कमान जम्मू-कश्मीर में आहार में मोटे अनाज के फायदों के बारे में सभी अधिकारियों और परिवारों के बीच जागरूकता बढ़ाने की अपनी पहल के तहत मोटा अनाज महोत्सव (स्टेशन मिलेट फेस्टिवल) आयोजित करने पर विचार कर रही है। सेना के एक प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि रविवार को उधमपुर में उत्तरी कमान मुख्यालय में एक कार्यशाला के आयोजन के साथ कमान द्वारा शुरू किए गए जागरूकता अभियान के समापन के बाद जल्द ही भविष्य में महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

## दो महिलाओं सहित 3 नक्सली गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले से इम्प्रोवाइस्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) सुरंग बिछाने सहित अन्य अपराधों में कथित तौर पर शामिल तीन माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डीआरजी, जिला पुलिस और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के संयुक्त अभियान के दौरान तीनों को गिरफ्तार किया गया।

## रुपे और मीर कार्ड से भुगतान की संभावना तलाशेंगे भारत-रूस

**नयी दिल्ली।** पश्चिमी देशों के रूस पर विभिन्न प्रतिबंधों के बीच भारत और रूस दोनों देशों में रुपे और मीर कार्ड के उपयोग से निर्बाध भुगतान की संभावना पर काम करेंगे। व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर आंतरिक सरकारी आयोग की हाल ही में हुई उच्चस्तरीय बैठक में इन कार्डों को स्वीकार किए जाने की संभावना तलाशने पर सहमति बनी। सूत्रों ने बताया कि भारत के रुपे कार्ड और रूस के मीर कार्ड को एक-दूसरे देशों में इस्तेमाल से दोनों देशों के नागरिक एक-दूसरे देशों में निर्बाध भुगतान कर सकेंगे। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और रूस से उप प्रधानमंत्री डेनिस मांटुरोव ने की थी। बैठक में भारत के राष्ट्रीय भुगतान संघ के यूपीआई और रूस के बैंक ऑफ रशिया के फास्टर पेमेंट्स सिस्टम के परस्पर संपर्क को बढ़ाने पर सहमति बनी। बैंक ऑफ रशिया के रूस की वित्तीय संदेश प्रणाली सर्विस ब्यूरो ऑफ फाइनेंशियल मेसेजिंग सिस्टम की स्वीकार्यता पर सहमति बनी।

# मन की बात का संयुक्त राष्ट्र हेडक्वार्टर में लाइव टेलीकास्ट

## ब्रिटेन, चीन, दक्षिण अफ्रीका, चिली, मोरक्को, मेक्सिको समेत कई देशों में सुनी गयी 100वीं कड़ी

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 100वीं कड़ी का सजीव प्रसारण यहां स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में स्थानीय समयानुसार शनिवार देर रात किया गया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि व राजदूत रुचिरा कम्बोज ने ट्वीट किया कि अभी शुरू हुआ। मन की बात न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के ट्रस्टशिप काउंसिल में प्रसारित हुआ। मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम की 100वीं कड़ी का प्रसारण न्यूयॉर्क के स्थानीय समयानुसार शनिवार रात डेढ़ बजे शुरू हुआ।



प्रसारण से पहले शनिवार को संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने ट्वीट किया कि ऐतिहासिक क्षण के लिए तैयार हो जाइए। प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 100वीं कड़ी का संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के ट्रस्टीशिप काउंसिल चैंबर में 30 अप्रैल को सीधा प्रसारण किया जाएगा। भारतीय मिशन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व घटना होगी। भारत के स्थायी मिशन ने कहा कि मन की बात एक मासिक राष्ट्रीय परंपरा बन गया है, जो लाखों लोगों को भारत की विकास यात्रा में भाग लेने के लिए प्रेरित करता है। ब्रिटेन, चीन, दक्षिण अफ्रीका, चिली, मोरक्को, मेक्सिको, कांगो, इराक और इंडोनेशिया सहित विभिन्न देशों में स्थित भारतीय मिशन ने भी मन की बात की 100वीं कड़ी सुनने के लिए विशेष व्यवस्था की।गुयाना, पनामा, कोलंबिया और डोमिनिक गणराज्य की आधिकारिक यात्रा पर गए विदेश मंत्री एस जयशंकर भी भारतीय समुदाय समुदाय द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में शामिल हुए। लंदन में, मन की बात का सजीव प्रसारण की व्यवस्था भारतीय उच्चायोग ने की। केंद्रीय विज्ञान राज्यमंत्री डॉ.जितेंद्र सिंह ने जो ब्रिटेन की यात्रा पर हैं, भारतीय समुदाय और उच्चायोग के अन्य अधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। चीन स्थित भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया कि मन की बात श्रृंखला के लिए यह नया मील का पत्थर है। बीजिंग में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोग मन की बात कार्यक्रम की 100वीं कड़ी का सजीव प्रसारण सुनने के लिए हमसे से जुड़े। रूस में मन की बात की 100वीं कड़ी को मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास में सुना गया जिसमें छात्रों सहित भारतीय समुदाय के उत्साहित लोगों ने हिस्सा लिया। बांग्लादेश स्थित भारतीय उच्चायोग ने ढाका में मन की बात के प्रसारण की विशेष व्यवस्था की जिसमें भारतीय समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया।

### सम्मान में न्यूयॉर्क व न्यूजर्सी ने प्रस्ताव पास किया

**समरसेट (अमेरिका)।** न्यूयॉर्क और न्यूजर्सी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 100वीं कड़ी के प्रसारण के सम्मान में विशेष प्रस्ताव जारी किए हैं।

प्रस्तावों में कहा गया है कि यह अहम प्रसारण सुशासन को बढ़ावा देने और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए संचार का एक प्रभावी साधन बन गया है।न्यूयॉर्क राज्य द्वारा 26 अप्रैल को सीनेट और असेम्बली में पारित किए गए प्रस्ताव में 30 अप्रैल को मन की बात की 100वीं कड़ी के प्रसारण पर मन की बात कार्यक्रम को बधाई दी गई है। सीनेट में इस प्रस्ताव को भारतीय-अमेरिकी सीनेटर केविन थॉमस और असेम्बली की भारतीय-अमेरिकी महिला सदस्य जेनिफर राजकुमार ने पेश किया था। न्यूजर्सी जनरल असेम्बली में यह प्रस्ताव राज मुखर्जी द्वारा पेश किया गया। इस अवसर पर एडिसन के मेयर सैम जोशी ने भी प्रस्ताव पेश किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर को शनिवार देर रात यहां एक विशेष सामुदायिक कार्यक्रम में ये प्रस्ताव सौंपे गए। इस कार्यक्रम में भी मन की बात की 100वीं कड़ी का प्रसारण किया गया। जयशंकर ने इस अवसर पर भारतीय अमेरिकी समुदाय के लोगों को संबोधित किया। मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत तीन अक्टूबर 2014 को हुई थी और इसका प्रसारण हर महीने के आखिरी रविवार को होता है।

# शिव के गले का श्रृंगार सांप, जनता भगवान

## कर्नाटक की जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी : मोदी

एजेंसी

**कोलार।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सांप वाली टिप्पणी पर जवाब देते हुए रविवार को कोलार में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह सांप कहलाना स्वीकार करते हैं क्योंकि यह भगवान शिव का श्रृंगार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब कर्नाटक चुनाव में उनका सबसे बड़ा मुद्दा क्या है? चुनाव में सांप अब कांग्रेस के लिए लिए सबसे बड़ा मुद्दा बन गया है। ये लोग मेरी तुलना सांप से कर रहे हैं और जनता से वोट मांग रहे हैं।श्री मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए जमकर साधा निशाना। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर के गले का श्रृंगार नाग है और मेरे लिए देश की जनता भगवान का रूप है। इसलिए, मैं सांप बनना स्वीकार करता हूं जो कि एक श्रृंगार है।उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी। उन्होंने यहाँ जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि लेकिन मैं जानता हूं कि संतों और कर्मकांडों की भूमि कर्नाटक की जनता कांग्रेस के इस अपमान का अपने मतों से मुंहतोड़ जवाब देगी और उसके सारे मंसूबों को धराशायी कर देगी। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के खिलाफ भगवान तुल्य जनता की यह नाराजगी और गुस्सा 10 मई को पोलिंग बूथ पर जोरों से निकलने वाला है।

### 85 प्रतिशत कमीशन वाली पार्टी है कांग्रेस



श्री मोदी ने 40 प्रतिशत कमीशन कर्नाटक सरकार वाले कांग्रेस के बयान के खिलाफ पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस 85 प्रतिशत कमीशन वाली पार्टी है, इस तथ्य को उसके वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने स्वीकार किया था। कांग्रेस को हमेशा 85 प्रतिशत कमीशन की पार्टी के रूप में जाना जाता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से 85 फीसदी कमीशन की पार्टी के रूप में जानी जाती रही है। कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री (राजीव गांधी) ने कहा था कि एक रुपये में से 15 पैसे ही लाभार्थी के पास पहुंचते हैं। यह उनके पीएम की स्वीकृति है और इसलिए कांग्रेस सरकार कभी भी कर्नाटक का विकास नहीं कर सकती है। गौरतलब है कि कर्नाटक कांग्रेस ने राज्य सरकार के खिलाफ 40 प्रतिशत कमीशन का आरोप लगाया था। लेकिन, सत्ता पक्ष यह कहकर इसे खारिज करता रहा है कि विपक्षी दल ने भ्रष्टाचार के आरोपों को साबित करने के लिए एक भी कानूनी कदम नहीं उठाया है।श्री मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व ही जमानत पर बाहर है तो लोग भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की उम्मीद नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि आज भी, शाही परिवार और उनके करीबी सहयोगी करोड़ों रुपये के विभिन्न घोटालों में जमानत पर बाहर हैं। यदि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व जमानत पर है तो आप भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की उम्मीद नहीं कर सकते। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए श्री मोदी ने कहा कि पुरानी पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड अपनी गारंटियों को पूरा नहीं कर रहा है।

## राजनाथ सिंह मालदीव को देंगे गश्ती नौका और लैंडिंग क्राफ्ट




**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एक मई से तीन मई तक मालदीव की अपनी यात्रा के दौरान द्वीप देश को भारत की ओर से उपहार के तौर पर एक तेज गश्ती नौका और एक लैंडिंग क्राफ्ट सौंपेंगे। रक्षा मंत्रालय ने रणनीतिक रूप से भारत के लिए अहम देश मालदीव में राजनाथ के दौरे से एक दिन पहले रविवार को यह जानकारी दी। लैंडिंग क्राफ्ट छोटे और मध्यम समुद्री जहाज होते हैं। मंत्रालय ने कहा कि सिंह की यात्रा दोनों देशों के बीच मित्रता मजबूत करने में बड़ा मील का पत्थर साबित होगी। सिंह द्विपक्षीय रक्षा और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के मकसद से सोमवार को मालदीव की तीन दिवसीय यात्रा करेंगे। इस यात्रा के दौरान सिंह मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह, विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद और रक्षा मंत्री मारिया दीदी सहित अन्य से मुलाकात करेंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मैत्रीपूर्ण देशों और क्षेत्र में भागीदारों की क्षमता निर्माण को लेकर भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप, मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बलों को एक तेज गश्ती पोत और एक लैंडिंग क्राफ्ट उपहार में देंगे। मंत्रालय ने मालदीव के रक्षा और विदेश मंत्रियों के साथ सिंह की बातचीत को लेकर बताया कि दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के प्रमुख समुद्री पड़ोसी देशों में से एक है और दोनों देशों के बीच सुरक्षा के क्षेत्रों सहित समग्र द्विपक्षीय संबंध पिछले कुछ वर्षों में मजबूत हुए हैं।

# मन की बात सामाजिक बदलाव का एक आंदोलन भी है : शाह

- केंद्रीय मंत्रियों, भाजपा नेताओं ने 100 वीं कड़ी को बताया प्रेरक
- विश्वास व विकास को मजबूत करने के साथ-साथ रेडियो के माध्यम से लोगों को जोड़ता है कार्यक्रम : राजनाथ सिंह

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात की ऐतिहासिक 100वीं कड़ी को सुनने के लिए केंद्रीय मंत्रियों सहित भाजपा के नेता रविवार को देश और विदेश के विभिन्न स्थानों पर पहुंचे और आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम को जनता से जुड़ने की प्रधानमंत्री की एक प्रेरणादायक पहल बताया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुंबई में भाजपा सदस्यों और अन्य लोगों के साथ कार्यक्रम सुनने के बाद कहा कि मन की बात के माध्यम से मोदी ऐसे संदेश देते हैं जो देश के कोने-कोने में जाते हैं और इससे लोगों और सरकार के बीच सेतु का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि मासिक रेडियो कार्यक्रम ने रविवार को अपनी 100वीं कड़ी पूरी कर ली है और इसने प्रभावशाली नेतृत्व के कई शानदार उदाहरण पेश किए हैं। शाह ने ट्वीट किया कि मन की बात सिर्फ एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है, बल्कि बेहतरी के लिए सामाजिक बदलाव का एक आंदोलन भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमत्री की ओर से सफल लोगों के लिए कहे गए शब्दों ने युवा पीढ़ी को देश का भाग्य तय करने और सभी के लिए एक बेहतर भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया है।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा मुख्यालय में मन की बात की 100वीं कड़ी को सुना और इसे ऐतिहासिक करार दिया।उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आपसी विश्वास और विकास को मजबूत करने के साथ-साथ रेडियो के माध्यम से लोगों को जोड़ता है। सिंह ने ट्वीट किया कि केंद्रीय कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम की ऐतिहासिक 100वीं कड़ी सुनी। उन्होंने कहा कि जहां तक जनता से संवाद का सवाल है तो मन की बात दुनिया में अद्वितीय है। रक्षा मंत्री ने कहा कि मन की बात वास्तव में मोदी की आध्यात्मिक यात्रा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने ट्वीट किया कि कर्नाटक के होन्नाली में प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात की 100वीं कड़ी सुनी। उन्होंने कहा कि मन की बात ने राष्ट्र के कल्याण के लिए प्रेरणादायक समाधानों के साथ सामने आए लोगों की कहानियों को लोकप्रिय बनाकर समाज में एक परिवर्तनकारी बदलाव का नेतृत्व किया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी कार्यक्रम की 100वीं कड़ी को ऐतिहासिक बताया और कहा कि अतीत की तरह यह प्रकरण विशेष और प्रेरणादायक है। केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री ने कहा कि नागपुर में विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों और नागरिकों के साथ इस ऐतिहासिक 100 वें संस्करण को सुना।गडकरी ने कहा कि इसके माध्यम से प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत आंदोलन, खादी के प्रति प्रेम, प्रकृति की बात, आजादी का अमृत महोत्सव और अमृत सरोवर जैसे कई विषयों पर लोगों के साथ अपने विचार साझा किए हैं।

# यूपी के किलों और महलों में भी होगी शादी

## 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य

**लखनऊ।** राजस्थान के महलों में देशी-विदेशी जोड़ों की शादियों (डेस्टिनेशन वेडिंग) से होने वाली भारी आय को देखते हुए अब उत्तर प्रदेश सरकार भी राज्य के प्रसिद्ध किलों, महलों और ऐतिहासिक स्थलों को वैवाहिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर कमाई करने की तैयारियों में जुट गई है। उत्तर प्रदेश को 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के तहत नयी पर्यटन नीति-2022 में इस तरह की पहल की गई है और बहुत जल्द मंत्रिमंडल की बैठक में भी इस संबंध में प्रस्ताव लाए जाने की उम्मीद है।



उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव (पर्यटन एवं संस्कृति) मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि उत्तर प्रदेश में राजसी ठाठ-बाट और सांस्कृतिक विरासत के जरिये शादी को यादगार बनाने वाले बहुत ही आकर्षक स्थल मौजूद हैं। आगरा का ताजमहल जहां प्यार का प्रतीक है, वहीं मथुरा-वृंदावन को आध्यात्मिक प्रेम की नगरी माना जाता है। उन्होंने कहा कि चुनार किले से लेकर बाजीराव-मस्तानी के अगाध प्रेम से जुड़ा महोबा का ह्यमस्तानी महलह्व और बुंदेलखंड के विभिन्न किले भी लोकप्रिय डेस्टिनेशन वेडिंग के रूप में उभर सकते हैं। हम इन महलों और किलों को ह्यवैवाहिक पर्यटन स्थलह्व के रूप में विकसित करने जा रहे हैं, ताकि लोग प्रेम की अटूट गाथा के गवाह स्थलों पर वैवाहिक बंधन में बंध सकें। एक अधिकारी ने बताया कि राजस्थान में नवंबर 2022 से मार्च 2023 के बीच लगभग 40 हजार ह्यडेस्टिनेशन वेडिंगह्व हुईं। प्रदेश में एक सत्र में इस तरह की शादियों से औसतन 2,500 करोड़ रुपये का कारोबार होता था, जो कोविड-19 महामारी के कारण प्रभावित हुआ था। हालांकि, अब यह धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा है। प्रमुख सचिव ने बताया कि अब स्थिति सामान्य हो रही है। ऐसे में विभाग ने राज्य में 100 स्थानों को वैवाहिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए चिन्हित किया है। अगले साल तक मुख्य रूप से मिर्जापुर के चुनार किला, लखनऊ की छत्तर मंजिल, बरसाना के जल महल और झांसी के बरुआ सागर समेत 10 ऐतिहासिक-पौराणिक स्थलों पर डेस्टिनेशन वेडिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मेश्राम ने कहा कि हम मंत्रिमंडल के समक्ष यह प्रस्ताव पेश करने के लिए तैयार हैं। पीपीपी आधारित इस प्रस्ताव के तहत, उपेक्षा के कारण खंडहर में तब्दील हो रहे किलों, महलों और धरोहरों की मूल वास्तुकला में किसी तरह का बदलाव किए।

# रोहित शेट्टी बनायेंगे फिल्म सिंघम अगेन

**मुंबई।** सूर्यवंशी की अपार सफलता और सर्कस की अपार असफलता के बाद रोहित शेट्टी ने अपनी अगली फिल्म सिंघम अगेन की तैयारी शुरू कर दी है। इस फिल्म का संकेत उन्होंने सूर्यवंशी के अन्तिम दृश्य में दिया था, जहाँ अजय देवगन जैकी श्रॉफ को ललकारते हुए कहते हैं कि आ रहा हूँ मैं तेरे को नेस्तनाबूद करने। इस फिल्म की शूटिंग इस वर्ष के अन्त में शुरू होगी और यह आगामी वर्ष स्वतंत्रता दिवस सप्ताह में प्रदर्शित की जाएगी। रोहित शेट्टी की साख इस फिल्म से लगी हुई है, क्योंकि उनकी पिछली फिल्म सर्कस सिनेमाघरों से अपनी लागत निकालने में असफल रही थी।

### दीपिका पादुकोण के साथ पहली बार दिखेंगी करीना कपूर खान



इस फिल्म में एक बार फिर बाजीराव सिंघम के रूप में अजय देवगन की धमाकेदार एंट्री होने वाली है। फिल्म के ऐलान से ही रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स के प्रशंसक उछल पड़े थे। अपने प्रशंसकों का क्रेज अगले लेवल पर पहुंचाने के लिए निर्देशक रोहित शेट्टी ने ये भी ऐलान किया कि इस बार उनकी इस कॉप यूनिवर्स की फिल्म में लेडी कॉप की भी एंट्री होगी। जिसके बाद उन्होंने इस रोल के लिए अदाकारा दीपिका पादुकोण के नाम का भी खुलासा कर दिया था। अब इस फिल्म को लेकर एक और दिलचस्प जानकारी सामने आई है। चर्चा है कि अजय देवगन और रोहित शेट्टी की ब्लॉकबस्टर सिंघम अगेन में अदाकारा करीना कपूर खान भी शामिल कर ली गई हैं। करीना कपूर खान इस फिल्म फ्रेंचाइजी के दूसरे पार्ट में भी दिखाई दी थी। समाचारों के अनुसार अदाकारा फिल्म के तीसरे पार्ट में भी अजय देवगन के अपोजिट लीड रोल में नजर आएंगी। हालांकि अभी ये साफ नहीं है कि उनका किरदार अवनी कामत का ही होगा या फिर इसमें कोई बदलाव होगा।

दिलचस्प बात यह है कि अदाकारा दीपिका पादुकोण पहले से ही सिंघम अगेन का हिस्सा बन चुकी हैं। इस फिल्म में एक्ट्रेस लेडी कॉप का कैरेक्टर प्ले करेंगी। ऐसे में करीना कपूर खान और दीपिका पादुकोण पहली दफा साथ में स्क्रीन स्पेस शेयर करती दिख सकती हैं। सिंघम का अपना एक अलग दर्शक वर्ग है जो इस फ्रेंचाइजी को पसन्द करता रहा है। सिंघम ने जहाँ बॉक्स ऑफिस पर 101 करोड़ का कारोबार किया था, वहीं सिंघम-2 ने बॉक्स ऑफिस पर 145 करोड़ का कारोबार करते हुए सफल फ्रेंचाइजी का दर्जा प्राप्त किया था।

## शीर्ष नौ कंपनियों का मार्केट कैप 1.84 लाख करोड़ बढ़ा

**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,84,225.43 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,457.38 अंक या 2.44 प्रतिशत चढ़ा। सेंसेक्स की कंपनियों में सिर्फ हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 48,238.78 करोड़ रुपये बढ़कर 16,37,408.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एसबीआई का बाजार मूल्यांकन 31,325.39 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,15,887.19 करोड़ रुपये रहा।



